राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 292
लखनऊ, बुधवार 24 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



तीसरे दिन बाद बरामद हुआ पूर्व सैनिक का शव 10

छात्रों की सुरक्षा व गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं : योगेंद्र 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = | 1,44,750/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = | 1,32,700/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = | 1,08,600/10 ग्राम |
| चांदी | = | 2,45,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### गूगल प्ले स्टोर पर टेलीग्राम बहाल

**नई दिल्ली।** बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम को मंगलवार सुबह अपने प्ले स्टोर पर फिर से बहाल कर दिया। केंद्र सरकार का अस्थायी प्रतिबंध 22 जून की मध्यरात्रि को समाप्त होने के बाद गूगल ने यह कदम उठाया है। मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम गूगल प्ले स्टोर पर बहाली से पहले ही यह संदेश ऐप कुछ मौजूदा उपयोगकर्ताओं के लिए चालू हो गया था। हालांकि आज सुबह 10 बजे तक यह एप्पल के प्ले स्टोर पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध नहीं था। इस संबंध में भेजे गए ई-मेल का एप्पल की तरफ से तत्काल कोई जवाब नहीं आया है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) की पुनर्परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने से रोकने के मकसद से गूगल और एप्पल को 22 जून तक अपने प्लेटफॉर्म से टेलीग्राम हटाने के निर्देश दिए थे।

### केंद्र की पुराने ट्रक-बस बदलने की योजना के तहत डीआईसीवी वाहनों पर 8 प्रतिशत छूट देगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की दिल्ली-एनसीआर में पुराने ट्रक और बसों को बदलने की योजना के तहत अब डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स (डीआईसीवी) भी पात्र वाहनों पर एक्स-शोरूम मूल्य में 8 प्रतिशत की छूट देगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और डीआईसीवी के बीच मंगलवार समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए यह छूट उसी श्रेणी के आंतरिक दहन इंजन वाहन पर लागू छूट के बराबर होगी। योजना में सरकार की ओर से 5 प्रतिशत ब्याज सहायता और पांच वर्षों तक निश्चित मासिक ईंधन वाउचर दिए जाएंगे। वहीं भागीदार राज्य सरकारें दस वर्षों तक मोटर वाहन कर में 100 प्रतिशत तक की छूट और पंजीकरण शुल्क माफी प्रदान करेंगी। इससे पहले अशोक लीलैंड, स्विच मोबिलिटी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा एसएमएल महिंद्रा भी इस योजना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। इन कंपनियों का ट्रक और बस बाजार में संयुक्त हिस्सा लगभग 85 प्रतिशत है, जिससे योजना का व्यापक क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।

### देश के 780 जिलों में 3 करोड़ से ज्यादा लोगों ने किया योग

**नई दिल्ली।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर इस बार देश और दुनिया भर में रिकॉर्ड भागीदारी देखने को मिली। आयुष मंत्रालय के अनुसार देश के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 780 जिलों में 3.07 करोड़ से अधिक लोगों ने योग कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। वहीं, 7.64 लाख से अधिक संगठनों ने इस राष्ट्रव्यापी अभियान में भागीदारी की। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रही। मंगलवार को आयुष मंत्रालय ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में योग सत्र का नेतृत्व किया, जिसमें करीब 35 हजार लोगों ने भाग लिया। योग दिवस का उत्साह भारत की सीमाओं से परे भी दिखाई दिया। अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, मिस्र सहित कई देशों में योग कार्यक्रम आयोजित हुए। यूनाइटेड नेशन मुख्यालय, न्यूयॉर्क सहित दुनिया के प्रमुख शहरों में लोगों ने योग कर स्वास्थ्य और सद्भाव का संदेश दिया। देशभर में भी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों पर विशेष योग सत्र आयोजित किए गए। इनमें लालकिला, कोनार्क, सूर्य मंदिर, हम्पी, गेटवे ऑफ इंडिया, चारमीनार और नालंदा महाविहारा जैसे प्रतिष्ठित स्थल शामिल रहे। आयुष मंत्रालय ने बताया कि योग संगम पोर्टल पर देशभर से 7.46 लाख से अधिक तस्वीरें अपलोड की गईं और 2.66 लाख से अधिक सहभागिता प्रमाण-पत्र जारी किए गए।

# एसआईटी ने की अग्निकांड स्थल की पड़ताल

- घायलों से भी मिला जांच दल
- घायलों से मिली जानकारी व साक्ष्य के आधार पर कई लोगों से होगी पूछताछ : अमृत अभिजात
- एफएसएल की टीम ने मौके से जुटाए महत्वपूर्ण साक्ष्य, निर्धारित समय में आएगी जांच रिपोर्ट : प्रवीण कुमार



### एफएसएल ने जुटाए घटनास्थल से नमूने

घटनास्थल पर एफएसएल डायरेक्टर आदर्श कुमार और विशेषज्ञों की टीम ने महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। इसमें मलबा, जले हुए उपकरण और तार समेत अन्य नमूने शामिल हैं। गौरतलब है कि हादसे की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ दौरा बीच में रद्द कर घटनास्थल का मुआयना किया था। उन्होंने केजीएमयू में पीड़ितों से भी मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया। एसआईटी को 07 दिन में अपनी जांच रिपोर्ट सौंपनी है। अब तक मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं चार अधिकारियों को निलंबित किया जा चुका है।

### अलीगंज अग्निकांड पर योगी का ताबड़तोड़ एक्शन : चार आरोपी गिरफ्तार, चार अफसर सस्पेंड

इस प्रकरण में व्यावसायिक इमारत के मालिक सहित समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर उनको गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही नगर निगम के दो और ऊर्जा विभाग व फायर के एक-एक अधिकारियों को निलंबित किया गया है। अलीगंज पुलिस की ओर से देर रात को इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद अलीगंज सेक्टर डी निवासी रामकृष्ण उपाध्याय, सीतापुर रोड निवासी वीरेंद्र प्रसाद शुक्ला, ठाकुरगंज का रहने वाला तूशॉक कृष्णा जयसवाल और मड़ियाव के केशवनगर निवासी सुरेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया है। इधर, मुख्यमंत्री के निर्देश पर बिजली विभाग के जानकीपुरम एक्सेन कलेक्शन गौरव कुमार, एफएसएसओ फायर विभाग इंदिरानगर के प्रभारी कमलेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ विकास प्राधिकरण के ऐई अनिल कुमार और जेई प्रमोद पांडे को सस्पेंड कर दिया गया है।

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश पर अलीगंज अग्निकांड की समग्र जांच तेज गति से जारी है। मंगलवार को दो सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) घटनास्थल पर पहुंचा। टीम ने इसके बाद केजीएमयू में भर्ती घायलों से भी मुलाकात की और उनसे घटना के संबंध में जानकारी ली। उत्तर प्रदेश विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने भी घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं।

एसआईटी के सदस्य अपर मुख्य सचिव (पर्यटन एवं संस्कृति विभाग) अमृत अभिजात और एडीजी (लखनऊ जोन) प्रवीण कुमार सुबह घटनास्थल पर पहुंचे। यहां उन्होंने करीब एक घंटे से अधिक समय तक बारीकी से पूरी बिल्डिंग का निरीक्षण किया। अमृत अभिजात ने कहा कि घटनास्थल की विभिन्न प्रकार से फोटो ली गई हैं। साक्ष्य जुटाकर जांच को तेजी से अंजाम दिया जा रहा है। अग्निकांड से संबंधित व्यक्तियों व विभागों से भी पूछताछ होगी। उसके बाद जांच रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा।

एडीजी प्रवीण कुमार ने बताया कि हम लोगों ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया है। साथ में फॉरेंसिक की टीम ने सभी महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं, जिनके आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ की जाएगी। घटना से संबंधित हर विभाग के दायित्व को जांच दायरे में शामिल किया गया है। अग्निकांड पीड़ितों से भी जानकारी ली जाएगी। इसके बाद निर्धारित समय सीमा में जांच रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी। घटनास्थल से निकलने के बाद एसआईटी ने केजीएमयू में भर्ती घायलों से भी मुलाकात की।

लखनऊ अग्निकांड के बाद प्रदेश भर में चला जांच अभियान

# सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले अनेक कोचिंग संस्थान सील

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित अलीगंज क्षेत्र में सोमवार को एक कोचिंग सेंटर में लगी आग से 15 लोगों की जान चली गई है। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेहद गंभीर है। सरकार के सख्त रुख को देखते हुए मंगलवार को प्रदेश भर में अफसरों ने कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों की सघन जांच की और कमियां मिलने पर दर्जनों कोचिंग संस्थानों को सील किया गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

लखनऊ में सोमवार को हुए भीषण अग्निकांड में छात्र-छात्राओं समेत 15 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। शासन ने अधिकारियों की टीमें बनाकर प्रदेश भर में सभी शिक्षण संस्थानों की जांच के लिए एक सप्ताह तक सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद जिला प्रशासन, फायर बिग्रेड और पुलिस की सयुंक्त टीमों ने



लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वराणसी, आगरा, मुरादाबाद और मेरठ, बरेली, बहराइच, अलीगढ़, बुलंदशहर समेत कई बडे महानगरों और जिलों में अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान दौरान अग्नि सुरक्षा मानकों की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। अभियान के दौरान बिना मानकों और सुरक्षा प्रमाणपत्रों के चलने वाले कोचिंग संस्थानों को तत्काल प्रभाव से सील किया जा रहा है। इसके तहत अलीगढ़ जिले में जांच के दौरान मानकों का पालन न करने और आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत न कर पाने पर नौ कोचिंग सेंटरों को सील कर दिया गया। बिना मानक के पाए जाने पर कानपुर में 30 और अलीगढ़ में नौ शिक्षण संस्थान सील किये गये। अन्य जगहों पर इसी तरह कार्रवाई जारी है।

# एसआईटी ने गृह विभाग को सौंपी गोपनीय रिपोर्ट

### राम मंदिर दान मामले में कुछ कर्मचारियों पर कार्रवाई की सिफारिश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- किसी को नहीं मिली क्लीन चिट
- दान राशि की गिनती और निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल

अयोध्या राम मंदिर में दान राशि के कथित गड़बड़ी मामले में जांच अहम मोड़ पर पहुंच गई है। जांच कर रही विशेष जांच टीम ने प्रारंभिक रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव गृह को सौंप दी है। रिपोर्ट सामने आने के बाद मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं, जांच अभी पूरी नहीं हुई है और कई पहलुओं की पड़ताल जारी है।

लखनऊ कमिश्नर विजय विश्वास पंत और अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से प्रारंभिक जांच रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद को सौंपी।रिपोर्ट जमा होने के बाद अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जांच प्रक्रिया अभी जारी है और अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले कई अन्य तथ्यों की समीक्षा की जाएगी। रिपोर्ट मिलने के बाद संजय प्रसाद ने इसे गोपनीय दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट है, जिसे नियमानुसार गृह विभाग को सौंप दिया गया है। जांच से जुड़ी जानकारी फिलहाल सार्वजनिक नहीं की जा सकती।

सूत्रों की माने तो रिपोर्ट में मंदिर में आने वाली दान राशि की गणना और उसकी निगरानी से जुड़ी प्रक्रियाओं पर कई सवाल उठाए गए हैं। दान की गिनती की व्यवस्था में कुछ संभावित कमियों और अनियमितताओं की ओर संकेत किया गया है। एसआईटी ने जांचा कि दान राशि की गणना करने



वाले कर्मचारियों का चयन किस प्रक्रिया के तहत किया गया था। गणना कर्मियों और मंदिर ट्रस्ट से जुड़े कुछ पदाधिकारियों के बीच संभावित संबंधों की भी पड़ताल की गई है।

प्रारंभिक रिपोर्ट में अब तक किसी भी व्यक्ति या अधिकारी को पूरी तरह से दोषमुक्त नहीं माना गया है। जांच एजेंसी ने आगे की जांच के आधार पर अंतिम निष्कर्ष निकालने की बात कही है। अब राज्य सरकार के स्तर पर आगे की कार्रवाई को लेकर विचार किया जाएगा।

रिपोर्ट में कुछ कर्मचारियों के खिलाफकानूनी कार्रवाई शुरू करने की सिफारिश भी की गई है। मंदिर के प्रशासनिक प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था से जुड़े कुछ जिम्मेदार पदाधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में रखी गई है।

रिपोर्ट में जवाबदेही और निगरानी तंत्र को मजबूत करने से जुड़े कई बिंदुओं का उल्लेख किया गया है। मामले की पूरी सच्चाई सामने लाने के लिए अभी और गहराई से जांच की जरूरत है।

जांच एजेंसी ने मामले की व्यापक और विस्तृत पड़ताल के लिए अतिरिक्त समय की मांग की है। जांच को आगे बढ़ाने के लिए अतिरिक्त अधिकारियों और संसाधनों की जरूरत भी बताई गई है।

अंतिम रिपोर्ट आने के बाद मामले में कुछ और महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं, जिनसे पूरे प्रकरण की तस्वीर और स्पष्ट हो जाएगी।

# ब्रिक्स एनएसए ने आतंक से निपटने की दोहराई प्रतिबद्धता

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की 16वीं बैठक मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित की गई। इस दौरान आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई, जिसमें आतंकवादियों द्वारा नई तकनीकों के इस्तेमाल का मुकाबला करना भी शामिल है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों व प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने 2026 में भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया, जिसका विषय था : लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण। बैठक के समापन के बाद उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संयुक्त रूप से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों से मिलकर प्रसन्नता हुई। बदलते वैश्विक परिदृश्य



में, ब्रिक्स सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने और आतंकवाद, साइबर सुरक्षा से लेकर उभरती प्रौद्योगिकियों तक की साझा चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत की अध्यक्षता में व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा देने, वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं का समर्थन करने और एक सुरक्षित, अधिक संरक्षित और समावेशी विश्व के निर्माण में योगदान देने का प्रयास किया जाएगा। ब्रिक्स एनएसए के दौरान ब्रिक्स सदस्य देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों व प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने दुनिया के सामने मौजूद सुरक्षा चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा, आतंकवादी नेटवर्क द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली नई तकनीकों, साइबर सुरक्षा और जलवायु-जनित अस्थिरता से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा की। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों एवं प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने 21-22 मई को आयोजित आतंकवाद-रोधी ब्रिक्स संयुक्त कार्य समूह और 8-9 जून को आयोजित सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के उपयोग में सुरक्षा पर कार्य समूह की गतिविधियों और परिणामों की समीक्षा भी की। नेताओं ने ब्रिक्स सहयोग को और बढ़ाने, विशेष रूप से सदस्यों की क्षमता को मजबूत करने, सूचना साझा करने को बढ़ाने और आतंकवाद तथा साइबर जोखिमों का सामूहिक रूप से मुकाबला करने के लिए ब्रिक्स कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करने पर का समर्थन किया।

# ममूटी, अलका याज्ञनिक, रोहित शर्मा व आर. माधवन समेत 64 हस्तियों को पद्म सम्मान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह के दूसरे चरण में अभिनेता ममूटी, पार्श्व गायिका अलका याज्ञनिक, क्रिकेटर रोहित शर्मा, अभिनेता आर. माधवन और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन सहित 64 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 55 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए गए।

समारोह में केरल के प्रख्यात मलयालम पत्रकार पी. नारायणन को साहित्य एवं शिक्षा तथा उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश के. टी. थोमस को लोक कार्य के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने मलयालम सिनेमा के दिग्गज अभिनेता ममूटी को उनके लंबे और उत्कृष्ट फिल्मी योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। भारतीय संगीत जगत की प्रसिद्ध गायिका अलका याज्ञनिक को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इसके अलावा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और आदिवासी नेता शिबू सोरेन (मरणोपरांत) पद्म भूषण से सम्मानित किय गया। पुरस्कार उनकी पत्नी रुपी सोरेन ने ग्रहण किया। वहीं पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. एस. के. एम. मयिलानंदन, सामाजिक नेता वेल्लापल्ली नटेसन तथा प्रख्यात ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. दत्तात्रेयुडु नोरी को भी पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने अभिनेता आर. माधवन को भारतीय



सिनेमा और कला क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए पद्म सम्मान प्रदान किया गया। राष्ट्रपति ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं तीन बार सांसद रहे कबीन्द्र पुरकायस्थ, अभिनेता सतीश शाह, उद्योगपति टी. टी. जगन्नाथन, सहकारिता क्षेत्र के अग्रणी रामा रेड्डी मामिदी, कुश्ती प्रशिक्षक व्लादिमीर मेरिस्तवरीश्विली, बुंदेली लोककला संरक्षक भगवान दास रायकवार, कृषि विशेषज्ञ रघुपत सिंह तथा संथाली साहित्यकार रबीरलाल टुडू को मरणोपरांत पद्म श्री से सम्मानित किया। इनके परिजनों ने पुरस्कार ग्रहण किए। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस गरिमामय समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्य, विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां तथा पुरस्कार विजेताओं के परिजन उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति मुर्मु ने 25 मई को आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह के प्रथम चरण में 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए थे। केंद्र सरकार ने वर्ष 2026 के लिए कुल 131 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी है, जिनमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं।

# पाक रक्षा मंत्री का बयान घरेलू मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश : भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की धमकी को घरेलू मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश करार दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को यहां साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि ऐसे बयान पाकिस्तान की अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान भटकाने की हताशा भरी कोशिश हैं।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ़ ने हाल ही में चेतावनी दी थी



कि पानी की सुरक्षा से जुड़े खतरों के कारण सिंधु जल संधि को लेकर युद्ध हो सकता है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 1960 की जल संधि को निलंबित कर दिया था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम इन मनगढ़ंत दावों को पूरी तरह और पूरी सख्ती के साथ खारिज करते हैं। पाकिस्तान के अवैध और जबरन कब्जे वाले इलाकों में हो रहे विरोध-प्रदर्शन, पाकिस्तान की दशकों पुरानी नीतियों का नतीजा हैं, जिनमें व्यवस्थित आर्थिक शोषण, मौलिक अधिकारों से वंचित रखना और प्रशासनिक दमन शामिल है। इन इलाकों में पाकिस्तान ने पुलिस की बर्बरता, ज़रूरी सामान और दवाओं की सप्लाई रोकना, इंटरनेट बंद करना और निहत्थे नागरिकों के खिलाफ जानलेवा बल का इस्तेमाल करके प्रतिक्रिया दी है।

# सीयूईटी-यूजी 2026 परिणाम घोषित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) 2026 का परिणाम घोषित कर दिया। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी अपना स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

इस वर्ष 15.68 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जबकि 11.64 लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

एनटीए द्वारा जारी परिणाम के अनुसार, इस वर्ष के परिणाम में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की गई हैं। एक अभ्यर्थी ने अपने चुने गए पांच में से चार विषयों में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किया। इसके अलावा 22 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में, 180 अभ्यर्थियों ने दो विषयों में और 3,214 अभ्यर्थियों ने एक विषय में 100 पर्सेंटाइल हासिल किया।

पांच विषयों के कुल एनटीए स्कोर के आधार पर तैयार शीर्ष-20 अभ्यर्थियों की सूची में आवेदन संख्या 263510269243 पहले स्थान पर रही। इस अभ्यर्थी ने 1232.19 का एग्रीगेट एनटीए स्कोर प्राप्त किया।

दूसरे स्थान पर आवेदन संख्या 263510280526 (1230.82) और तीसरे स्थान पर आवेदन संख्या 263510250636 (1207.21) रही।

मानसून

### किसानों को कम पानी वाली फसलों की सलाह

# देश के 315 जिलों पर कमजोर मानसून का खतरा, सरकार तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अल नीनो के प्रभाव के कारण मानसून की चाल पर असर पड़ा है और देश में अब तक सामान्य से 43 प्रतिशत कम बारिश हुई है और दो जुलाई तक की जानकारी के अनुसार आगे भी मानसून के कमजोर रहने के आसार हैं। सरकार इस स्थिति से निपटने को तैयार है तथा आकस्मिक योजना तैयार कर ली गयी है।

श्री चौहान ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि स्थिति की समीक्षा के लिए राज्यों के कृषि मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और संभावित रूप से प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय वर्चुअल बैठक की गयी और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश के 315 जिलों को कमजोर मानसून से प्रभावित होने की श्रेणी में आंका गया है। सरकार ने इन जिलों को उनकी सिंचाई व्यवस्था के आधार पर प्राथमिकताओं में बांटा है। इनमें विशेष प्राथमिकता वाले 111 जिले हैं। ये ऐसे संवेदनशील जिले हैं, जहां सिंचाई की व्यवस्था केवल 25 प्रतिशत क्षेत्र में ही उपलब्ध है। सरकार का पूरा ध्यान सबसे पहले इन्हीं जिलों पर है। इसके बाद मध्यम प्राथमिकता वाले जिलों की 76 है। इन जिलों में केवल



25 से 50 प्रतिशत क्षेत्र में ही सिंचाई की सुविधा है जबकि निम्न प्राथमिकता वाले जिले 128 है। इनमें सिंचाई की बेहतर व्यवस्था मौजूद है, इसलिए इन्हें कम जोखिम वाली श्रेणी में रखा गया है।कृषि मंत्री ने सभी प्रभावित जिलों के प्रशासन को स्थानीय स्तर पर बनी आकस्मिक योजनाएं सख्ती से लागू करने के निर्देश दिये हैं। सरकार का मुख्य उद्देश्य यह है कि किसी भी परिस्थिति में किसानों के खेत खाली न रहने पायें।

उन्होंने किसानों से अनुरोध करते हुए कहा कि वे जल्दबाजी में बुवाई न करें, बल्कि खेतों में पर्याप्त नमी और कम से कम 75 से 100 मिलीमीटर बारिश होने के बाद ही बिजाई का काम शुरू करें। इसके अलावा कम पानी में उगने वाली, कम अवधि की फसलों और मोटे अनाज तथा दलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए कहा गया। श्री चौहान ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि देश में खाद-बीज की कोई कमी नहीं है। देश में बीज और उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, जिससे किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी। अल नीनो के कारण मानसून पर आये संकट से निपटने के लिए जिला प्रशासन को मुख्य संयोजक की भूमिका में रहने को कहा गया है। सभी राज्यों को अपने यहां नियंत्रण कक्ष बनाने और नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिये गये हैं। वे केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम करेंगे। किसानों तक मौसम की सटीक जानकारी और वैज्ञानिक सलाह पहुंचाने के लिए कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) और ग्रामीण मौसम इकाइयों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया है। इसके साथ ही, संभावित चारा संकट से निपटने के लिए पशु चारे की व्यवस्था और भंडारण पर भी विशेष चर्चा की गयी।

# गोंडा आरटीओ में ऊर्जा की खुलेआम बर्बादी

## खाली मीटिंग हॉल में दिनभर चल रहे एसी व पंखे, सरकार के बचत के दावे खोखले

- आरटीओ चैंबर के सामने वाला हॉल खाली, न कोई मीटिंग न अधिकारी, फिर भी फुल स्पीड में चल रहे बिजली के उपकरण



गोंडा, समृद्धि न्यूज।

एक तरफ प्रदेश सरकार ऊर्जा बचाने के लिए लोगों से अपील कर रही है, वहीं दूसरी तरफ गोंडा आरटीओ कार्यालय में बिजली की खुलेआम बर्बादी हो रही है। आरटीओ चैंबर के ठीक सामने बने मीटिंग हॉल में न कोई बैठक चल रही है और न ही कोई अधिकारी मौजूद है, फिर भी वहां,ष्ट और पंखे दिनभर फुल स्पीड में चल रहे हैं।

सोमवार को दोपहर 01.16 बजे जब कार्यालय का जायजा लिया गया तो आरटीओ चैंबर के सामने वाला मीटिंग हॉल पूरी तरह खाली मिला। हॉल में न कोई फाइल थी, न कुर्सी पर कोई बैठा था। इसके बावजूद दो स्प्लिट AC और एक सीलिंग फैन चल रहे थे।

हॉल के दरवाजे भी खुले थे, जिससे ठंडी हवा बाहर निकल रही थी।

### सरकार के दावे और हकीकत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद कई बार मंच से ऊर्जा बचाने की अपील कर चुके हैं। पावर कॉरपोरेशन भी एक यूनिट बचाओ अभियान चला रहा है। सरकारी कार्यालयों में 5 स्टार रेटिंग वाले उपकरण लगाने और दोपहर 1 से 3 बजे तक AC का तापमान 24 डिग्री रखने के निर्देश हैं। लेकिन गोंडा आरटीओ में इन सभी निर्देशों की धज्जियां उड़ रही हैं।

### क्या बोले जिम्मेदार

इस संबंध में जब RTO गोंडा राजेश मौर्या प्रशासन से बात किया गया तो उन्होंने इस पर सफाई दिया परंतु वो संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

### ऊर्जा बचाना क्यों जरूरी

बिजली बनाना आसान नहीं है। एक यूनिट बिजली बनाने में करीब 0.8 किलो कोयला जलता है और 1 किलो ष्टह्र2 निकलती है। अगर हर सरकारी दफ्तर रोज 30 यूनिट भी बचाए तो साल भर में लाखों टन कोयला और करोड़ों रुपये बच सकते हैं। जनता के टैक्स के पैसे से चलने वाले दफ्तरों में ऐसी लापरवाही सीधे जनता की जेब पर बोझ है।

कार्यालय के कर्मचारियों से पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

अगर 2 टन के दो AC दिन में 6 घंटे भी फालतू चलें तो रोजाना करीब 25-30 यूनिट बिजली बर्बाद होती है। महीने में यह आंकड़ा 750-900 यूनिट पहुंच जाता है। एक यूनिट की औसत कीमत 7 रुपये माने तो हर महीने 6 हजार रुपये से ज्यादा की बिजली यूं ही फूंकी जा रही है।

# रंगे हाथ पकड़ा गया वन दरोगा, एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई से हड़कंप

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



भ्रष्टाचार निवारण संगठन की ट्रैप टीम ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तरबगंज वन क्षेत्र में तैनात वन दरोगा बालकराम को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। बालकराम पर एक फर्नीचर व्यवसायी से उसकी दुकान के निर्बाध संचालन के बदले में धनराशि मांग रहे थे।यह कार्रवाई परसदा स्थित वन विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य द्वार पर की गई।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गोपसराय गांव निवासी राधेश्याम ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन से शिकायत की थी कि वन दरोगा बालकराम उनकी फर्नीचर की दुकान के संचालन में अनावश्यक हस्तक्षेप न करने के एवज में दस हजार रुपए की मांग कर रहा है। शिकायत के सत्यापन में आरोप सही पाए जाने पर ट्रैप टीम प्रभारी धनंजय कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई की योजना बनाई गई।

मंगलवार को जाल बिछाया गया, और तय योजना के तहत शिकायतकर्ता द्वारा केमिकल लगे ?6,000 दिए जाने पर, जैसे ही वन दरोगा ने रकम अपने हाथ में ली, पहले से मौजूद टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। बालकराम मनकापुर थाना क्षेत्र के बदरहा चिरैया का निवासी है। वह बेलसर तथा तरबगंज वन क्षेत्रों की जिम्मेदारी संभाल रहा था। गिरफ्तारी के बाद टीम ने हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। ट्रैप टीम प्रभारी धनंजय कुमार ने इस की पुष्टि किया। तरबगंज कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### मेडिकल कालेज के सीएमएस के साथ चपरासी ने किया मार पीट का प्रयास

गोंडा, समृद्धि न्यूज। मेडिकल कालेज के सीएमएस के साथ चपरासी और उसके भाई पिता, व छ अज्ञात लोगों ने कार्यालय में घुस धमकी देते हुए मार पीट का प्रयास किया। सीएमएस की तहरीर पर चपरासी उसके भाई पिता सहित छह अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा नगर कोतवाली में दर्ज कराया गया है। बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय संबद्ध स्वशासी महाविद्यालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर अनिल कुमार ने नगर कोतवाली में तहरीर दिया कि रवि श्रीवास्तव चपरासी आउटसोर्स की ड्यिूटी प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महावि?द्यालय के द्वारा इनकी डियूटी मेरे कार्यालय में लगाई गई थी। इनको द्वारा मेरे कार्यालय में कोई कार्य नही करते है न ही कार्यालय में उपस्थित रहते है। इसके लिये मैंने इनको कई बार समझाया कि कार्यालय में बैठकर कार्य किया करो, परन्तु इनमे कोई सुधार नही आया यह मनमानी कार्य करते है तथा उच्चाधिकारियो के आदेश का पालन नही करते है न ही कार्य कोई डाक देने नहीं जाते है अगर कभी कार्यालय में आ गये तो बाबू की कुर्सी पर बैठकर कहते है कि मैं तो बाबू हूँ। कोई बाहरी व्यक्ति आता है तो उससे अभद्र व्यवहार करते है इनकी शिकायते मुझे बराबर प्राप्त हो रही थी तथा इनके क्रियाकलाप से हमारे कार्यालय के कर्मचारी बहुत परेशान रहते है। बीते 19जून को साढ़े दस बजे इनको बुलाकर मैंने समझाने की कोशिश की आप कार्यालय के समय में कार्यालय में बैठकर कार्य किया करो। इसके उपरान्त अपने कक्ष में बैठा हुआ सरकारी कार्य कर रहा था, मुख्य मंत्री उप्र शासन के आने की वजह से वीवीआईपी ड्यूटी लगाने की रूप रेखा तैयार कर रहा कर रहा था उसी समय रवि श्रीवास्तव चपरासी आउटसोर्स अपने पिता अनिरुद्ध कुमार श्रीवास्तव, और अपने भाई राहुल कुमार श्रीवास्तव आउटसोर्स एलटी ब्लड बैंक तथा अन्य पाँच–छः अज्ञात साथियो के साथ मेरे कक्ष में आकर मुझे गाली देने लगे तथा जान से मारने की धमकी दी एंव कुर्सी उठाकर मेरे सर पर मारने जा रहे थे, उस समय वहा पर मौजुद सारिक सिददीकी कनिष्ठ सहायक, राम जी शुक्ला वार्ड ब्वाय, इन्द्र बहादुर आशुलिपिक, अनिल कुमार वर्मा अस्पताल प्रबन्धक ने कुर्सी को छीन लिया। कर्मचारियो के सामने मुझे धमकी देते हुये अभद्र भाषा का प्रयोग किया। नगर कोतवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर पर चपरासी उस के भाई पिता और छह अज्ञात के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### दलित की पिटाई मामले में 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

गोंडा, समृद्धि न्यूज। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नारायण पुर मर्दन ओझा पुरवा ग्राम में एक दलित के परिवार को गांव से बाहर निकालने के लिए उस के परिवार के चार लोगों की जमकर पिटाई कर दी गई। तहरीर पर 11 लोगो पर मारने पीटने और गांव से बाहर निकालने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नारायण पुर मर्दन ओझा पुरवा गांव के निवासी वीपत ने बताया कि अपने परिवार सत्य राम सत्य देव पुत्र श्याम लाल सुशीला पत्नी यादव लाल के साथ बैट्री रिक्शा पर सवार हो कर कोतवाली देहात आ रहा था। रास्ते में विपिन ओझा यश ओझा कमलेश विशाल दुर्गा प्रसाद बुध राम गोपाल शुभ लाभ बबलू ने रिक्शा को रोकर सभी लोगों को मार पीट कर घायल कर दिया गया। विपिन ओझा सहित अन्य लोग गांव के मजरे से जबरन बाहर निकाल रहे है।जिस की शिकायत उच्चाधिकारियों से किया था। उसी का बयान कोतवाली देहात में होना था।बयान देने के लिए आ रहा था।तभी विपिन सहित 11 लोगो ने रास्ते में रोकर मारा पीटा गया। कोतवाल देहात के प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर पर 11 लोगो के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

गोंडा, समृद्धि न्यूज। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के चांद पुर टेपरा चौराहे के पास रविवार की देर रात्रि करीब 9 बजे एक ।साइकिल सवार अधेड़ की बाइक की टक्कर लगने से घायल हो गया। इलाज के दौरान एक नर्सिंग होम में मंगलवार की सुबह मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के चांद पुर धीरजा पुरवा खरगू चांद पुर निवासी 55 वर्षीय आनंद कुमार गौतम बीते रविवार के दिन साइकिल से गोंडा गया था। वापस लौट रहा था। देर रात्रि में एक बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिस से घायल हो गया था ।इलाज के लिए उस को एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था ।इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह मौत हो गई। मृतक के पुत्र शिवम कुमार गौतम ने बताया कि उस के पिता को टक्कर मारने वाले बाइक सवार महाजन पुत्र शेष दत्त के खिलाफ में मुकदमा दुर्घटना का लिखाया गया है।

### चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर गिरफ्तार



बहराइच, समृद्धि न्यूज। थाना दरगाह क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सलमान के रूप में हुई है, जो रामगांव थाना क्षेत्र के हमीनपुर गांव का निवासी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने बीते 18 तारीख को एक बाइक चोरी की थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने चैतूपुरवा पहाड़ा फक्कड़ के पास से सलमान को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद कर ली। जांच में सामने आया है कि आरोपी सलमान के खिलाफ विभिन्न थानों में करीब दर्जनभर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिससे उसकी आपराधिक प्रवृत्ति का अंदाजा लगाया जा सकता है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है।

### जामुन को लेकर जानलेवा हमला, मां-बेटा गंभीर



बहराइच, समृद्धि न्यूज। खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकसाहार ग्राम पंचायत के सांवलपुरवा में जामुन को लेकर बेटा और मां पर लाठी डंडा से जानलेवा हमला किया गया। जिससे मां और बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता सावित्री देवी ने पत्नी मंजीत पटेल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका 13 वर्षीय बेटा अरविंद मंगलवार शाम करीब 4 बजे धान की नर्सरी की रखवाली करने खेत गया था। खेत के पास जामुन का पेड़ लगा था। गांव निवासी विकास सिंह जामुन को तोड़ रहे थे। जिससे धान की नर्सरी को नुकसान हो रहा था ।लड़के द्वारा मना करने पर लाठी डंडा से पीट पीटकर मरणासन्न कर दिया। सूचना पर पहुंची मां सावित्री देवी पर भी हमला बोल दिया। जिससे मां और बेटे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर इलाज के लिए सीएचसी शिवपुर भेजा। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। डा.विकास सिंह ने बताया कि अरविंद के सिर और हाथ में तथा सावित्री देवी के पैर में गंभीर चोटें आई हैं। बेहतर उपचार एवं एक्सरा के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### डीएम-एसपी ने पुलिस बल के साथ किया रूट मार्च

बहराइच, समृद्धि न्यूज। मोहर्रम के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह व अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों तथा भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मोहर्रम को सकुशल सम्पन्न कराने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु नगर क्षेत्र के संवेदनशील/मिश्रित आबादी एवं भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों में रूट मार्च कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गई। साथ ही आमजन को अफवाहों से दूर रहने एवं किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस/डायल–112 को देने हेतु बताया गया। रूट मार्च के दौरान नगर क्षेत्र में छोटी तकिया से निकलने वाले जुलूस के रास्ते का भ्रमण कर संवेदनशील स्थानों का चिन्हित करते हुए, सीसीटीवी कैमरों को चेक कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा व थाना निरीक्षक थाना कोतवाली नगर ब्रिजेन्द्र कुमार मिश्रा मय पुलिस बल व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



### अंतिम बड़े मंगल पर उमेश शुक्ला ने कराया भव्य प्रसाद वितरण, श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से ग्रहण किया प्रसाद

गोंडा, समृद्धि न्यूज। ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल के पावन अवसर पर शहर के अग्रसेन चौराहे के निकट भाजपा जिला मंत्री उमेश शुक्ला द्वारा भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए पूड़ी–सब्जी, छोला–चावल, फल एवं हलुए के प्रसाद की व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में धार्मिक आस्था के साथ सेवा भाव का भी सुंदर संगम देखने को मिला। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और लोगों ने भगवान हनुमान का स्मरण करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी, तरबगंज ब्लॉक प्रमुख मनोज पांडेय, जिला उपाध्यक्ष विशाल अग्रवाल, महेंद्र मिश्र, दिनेश शुक्ला, के.डी. मिश्रा, गितेश प्रकाश सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल-चिकित्सा महाविद्यालय गोण्डा में प्रसव विंग एवं वॉर्ड का किया गया लोकार्पण

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



जनपद के जिला अस्पताल/राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय गोण्डा में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के नवनिर्मित प्रसव विंग एवं वॉर्ड का लोकार्पण विधायक सदर गोण्डा प्रतीक भूषण सिंह एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन तथा सांसद गोण्डा/केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्रा, द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह एवं चिकित्सकीय स्टाफ ने दोनों अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

लोकार्पण समारोह के दौरान विधायक सदर ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रसव विंग एवं वॉर्ड का विस्तार एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे जनपद की गर्भवती महिलाओं को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह प्रसव विंग मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने चिकित्सा महाविद्यालय प्रशासन को मरीजों को बेहतर एवं संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने नवस्थापित प्रसव विंग एवं वॉर्ड का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध कराई गई चिकित्सा सुविधाओं, उपकरणों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से संवाद कर मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त की। नवनिर्मित प्रसव विंग एवं वॉर्ड के शुभारम्भ से जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी।

# बड़े मंगल पर पुलिस बनी सेवा का प्रतीक

- प्रभारी निरीक्षक ने खुद बांटा प्रसाद, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भंडारा
- पुलिस और जनता के बीच बढ़ा विश्वास, सेवा भाव से सराबोर रहा बड़े मंगल का आयोजन



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

ज्येष्ठ माह के आठवें बड़े मंगल पर क्षेत्र में आस्था, सेवा और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। बेहड़ा स्थित अटल चौराहा पर थाना खैरीघाट पुलिस परिवार की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जहां सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं और राहगीरों की भारी भीड़ उमड़ती रही।

थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह की अगुवाई में आयोजित इस विशाल भंडारे में पूड़ी, सब्जी, छोला, चावल, बूंदी, फ्रूटी, लाहौरी जीरा, सेब और आम का प्रसाद वितरित किया गया। खास बात यह रही कि थानाध्यक्ष स्वयं सिर पर पीला गमछा बांधकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते नजर आए, जिसकी लोगों ने खूब सराहना की। चिलचिलाती धूप के बीच कांस्टेबल गौरव कुमार राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराते रहे और सेवा भाव की मिसाल पेश की। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं तथा लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि बड़े मंगल का पर्व सेवा, समर्पण और जनकल्याण का संदेश देता है तथा ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द को मजबूत करते हैं। इसी क्रम में ग्राम प्रधान अंबरपुर कमला प्रसाद वर्मा एवं विकास खंड शिवपुर के डाटा ऑपरेटर अतुल शुक्ला द्वारा भी भंडारे का आयोजन कराया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों और भंडारों का सिलसिला जारी रहा। भक्ति और सेवा के इस माहौल ने बड़े मंगल के पर्व को यादगार बना दिया। भंडारे के दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# भक्ति, सेवा व जनकल्याण का दिखा अद्भुत संगम

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- जगह-जगह सजे भंडारे, एंटी स्मोक गन से शीतल जल की फुहार बनी आकर्षण का केंद्र



ज्येष्ठ मास के आठवें बड़े मंगल के पावन अवसर पर जनपद बहराइच में आस्था, सेवा और सामाजिक समरसता का अनुपम दृश्य देखने को मिला। नगर के विभिन्न मंदिरों, प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भगवान श्री हनुमान जी महाराज का विधिवत पूजन, भोग एवं आरती के उपरांत विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भंडारों में कहीं छोला-चावल, कहीं कढ़ी-चावल, कहीं पूड़ी-छोला, तो कहीं हलवा, पूड़ी तथा कद्दू-चना की सब्जी का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए अनेक स्थानों पर शर्बत, शीतल पेय एवं ठंडे जल की भी निःशुल्क व्यवस्था की गई, जिससे राहगीरों और भक्तों को विशेष राहत मिली।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष सुधा देवी, उनके प्रतिनिधि श्यामकरण टेकड़ीवाल, अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह ने स्वयं भंडारे में पहुंचकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। उनके साथ सभासद सुरेश गुप्ता, पुष्पनाथ तिवारी, राजू श्रीवास्तव, हर्षित, जय-जय अग्रवाल, शकील मिर्जा ,नामित सभासद बैजनाथ रस्तोगी, सभासद शादाब , पुनीत सहित नगर पालिका के सभी कर्मचारियों ने पूरे श्रद्धाभाव एवं सेवा भावना के साथ व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण नगर पालिका द्वारा एंटी स्मोक गन के माध्यम से नगर की सड़कों पर शीतल जल की फुहार रही। भीषण गर्मी के बीच जब सड़कों पर ठंडी जलवर्षा हुई तो नागरिकों ने इसे बेहद सराहा। इस अभिनव व्यवस्था ने श्रद्धालुओं और राहगीरों को गर्मी से राहत देने के साथ पूरे आयोजन को और अधिक रोचक, मनोहारी एवं जनहितकारी बना दिया। बड़े मंगल के अवसर पर पूरे नगर में जय श्रीराम और जय बजरंगबली के उद्घोष, भजन-कीर्तन और सेवा-भाव का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं का कहना था कि धार्मिक आस्था के साथ जनसेवा और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता का यह समन्वय वास्तव में अनुकरणीय है। आज का यह भंडारा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता का ऐसा प्रेरक उदाहरण बन गया, जिसने उपस्थित लोगों के मन पर अपनी अमिट छाप छोड़ दी।

# भरत एनकाउंटर, को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



- ब्राह्मण एकता परिषद ने बिहार सरकार व पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी

बिहार के भोजपुर जिले में पुलिस एनकाउंटर के दौरान युवक भरत तिवारी की मौत के विरोध में मंगलवार को बहराइच में प्रदर्शन किया गया। ब्राह्मण एकता परिषद के बैनर तले लोगों ने बिहार सरकार और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के देवीपाटन मंडल प्रभारी बाबू राम तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बिहार में हुए भरत तिवारी एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। मंडल प्रभारी बाबू राम तिवारी ने आरोप लगाया कि भरत तिवारी ने आत्मसमर्पण कर दिया था, इसके बावजूद पुलिस ने उसे जानबूझकर गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के न्यायाधीश द्वारा पूरे मामले की जांच कराई जाए और एनकाउंटर करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। तिवारी ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो पूरे प्रदेश और देश में व्यापक प्रदर्शन किए जाएंगे। इस दौरान संगठन के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# यू-विन ने जोड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की कड़ी

- पोर्टल ने दूरी और खाई को पाटकर डिजिटल सुरक्षा कवच कर दिया तैयार
- 65 हजार से अधिक नवजात डिजिटल नेटवर्क से जुड़े



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद में बच्चों और गर्भवती महिलाओं तक समय पर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है। स्वास्थ्य विभाग के पास आशा और एएनएम का मजबूत नेटवर्क होने के बावजूद एक समस्या हमेशा बनी रहती थी, जब कोई गर्भवती महिला प्रसव के लिए अपने मायके चली जाती थी या कोई परिवार रोजगार के सिलसिले में दूसरे जिले में चला जाता था, तो उसकी जानकारी स्वास्थ्य तंत्र से छूट जाती थी। लेकिन अब यू-विन पोर्टल ने इस खाई को पाटकर डिजिटल सुरक्षा कवच तैयार कर दिया है।

यू-विन पोर्टल के माध्यम से जनपद में लाभार्थियों की डिजिटल ट्रैकिंग को बेहद मजबूत किया गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एसके सिंह के अनुसार जनपद में अब तक 44,945 नई गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण और 13,593 महिलाओं को पोर्टल पर टैग किया जा चुका है। इसके साथ ही, पोर्टल पर दर्ज 70,034 प्रसव परिणामों के माध्यम से 65,991 नवजात शिशुओं को सीधे इस डिजिटल नेटवर्क से जोड़ा गया है, जिससे उनके नियमित टीकाकरण की राह आसान हो गई है। उन्होंने बताया कि पहले एएनएम को नई गर्भवतियों की जानकारी के लिए केवल आशा कार्यकर्ताओं पर निर्भर रहना पड़ता था। अब यू-विन पोर्टल के कारण यदि कोई लाभार्थी दूसरे जिले या शहर के अस्पताल में भी पहुंचता है, तो उसका डिजिटल रिकॉर्ड पूरे देश के स्वास्थ्य तंत्र में उपलब्ध हो जाता है।

### 365 सब-सेंटर व 3,321 आशा कार्यकर्ताओं का नेटवर्क

इस व्यवस्था को धरातल पर उतारने के लिए जनपद में 365 उप–स्वास्थ्य केंद्रों को पोर्टल पर सृजित किया गया है। साथ ही ग्रामीण इलाकों में त्वरित ट्रैकिंग के लिए 3,321 आशा कार्यकर्ताओं को पोर्टल पर टैग किया गया है। यू–विन के आने से स्वास्थ्य कर्मियों का बोझ भी कम हुआ है। पहले टीकाकरण की ड्यू–लिस्ट (बचे हुए लाभार्थियों की सूची) हाथ से बनाने में काफी समय लगता था, जो अब स्वतः तैयार हो जाती है। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब आशा, आंगनबाड़ी और एएनएम तीनों की ड्यू–लिस्ट एक समान रहती है, जिससे उनका आपसी तालमेल बेहतर हुआ है।

### सरकारी संदेशों पर बढ़ा भरोसा

टीकाकरण की तिथि और स्थान की जानकारी सीधे मोबाइल पर एसएमएस के जरिए पहुंच रही है। एएनएम कल्पना द्विवेदी के अनुसार, डिजिटल संदेशों से फॉलो–अप आसान हुआ है। सोशल मीडिया के इस दौर में भी लोग सरकारी संदेशों को बेहद भरोसेमंद मानते हैं। यदावपुर मटेहिया के विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि वे मोबाइल पर मैसेज देखकर ही अपनी पत्नी की जांच कराने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे हैं।

### बदलती स्वास्थ्य व्यवस्था की तस्वीर

सीएमओ डॉ. संजय कुमार कहते हैं कि यू–विन केवल डिजिटल संदेशों की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस बदलती स्वास्थ्य व्यवस्था की तस्वीर है जो यह सुनिश्चित कर रही है कि चाहे कोई बच्चा अपने गांव में हो या मां के साथ मायके में, उसकी स्वास्थ्य सेवाओं की कड़ी कहीं से भी टूटने न पाए।

### शहर में कोचिंग सेंटर व लाइब्रेरी की जांच शुरू



डीएम के निर्देश पर टीम ने की छापेमारी, कई जगह मिलीं खामियां

बहराइच समृद्धि न्यूज़ लखनऊ के एक कोचिंग सेंटर में हुए अग्निकांड में 15 लोगों की मौत के बाद पूरे प्रदेश में कोचिंग सेंटरों और लाइब्रेरी की जांच की जा रही है। इसी क्रम में बहराइच में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर मंगलवार दोपहर को नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद और जिला अग्निशमन अधिकारी विशाल गौड़ के नेतृत्व में एक टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान नगर के सिविल लाइन इलाके में संचालित डिजिटल लाइब्रेरी और कोटा क्लासेस नामक कोचिंग सेंटर बिना निर्धारित मानकों के चलते पाए गए। नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद ने बताया कि कोचिंग सेंटर बेसमेंट में चलाया जा रहा था, जो कि पूरी तरह से गलत है। इसके अतिरिक्त, सीढ़ियों के पास ही जनरेटर रखा हुआ था, जिससे आग लगने की स्थिति में लोगों को बाहर निकलने में परेशानी हो सकती थी। जिला अग्निशमन अधिकारी विशाल गौड़ ने जानकारी दी कि आग लगने की स्थिति में उस पर काबू पाने के लिए रखे गए फायर सिस्टम में पर्याप्त प्रेशर नहीं था। टीम द्वारा जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। इसके साथ ही, नगर में बिना मानकों के संचालित हो रहे सभी सेंटरों को बंद करने की कार्रवाई की जाएगी।

# ज्येष्ठ माह के आठवें मंगलवार को भव्य भंडारे का आयोजन

- बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर सहित कई स्थानों पर प्रसाद का हुआ वितरण

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



ज्येष्ठ माह के आठवें मंगलवार को नगर में विभिन्न स्थानों पर भंडारे और प्रसाद वितरण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

बूढ़ेश्वर नाथ महादेव मंदिर परिसर में भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कृपा राम वर्मा और ब्लॉक प्रमुख विजय वर्मा ने अखंड रामायण पाठ के समापन के बाद एक विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर डॉ. संतोष वर्मा, डॉ. निधि वर्मा और दिनेश वर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

श्री विश्वनाथ मंदिर नानपारा में मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता ने भंडारे का आयोजन किया। इसमें राहुल कश्यप, हर्ष गुप्ता, अमित पाण्डेय, दिलीप जायसवाल और पुजारी पूरन मिश्र की उपस्थिति में प्रसाद वितरित किया गया। स्टेशन बाजार में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की जागृति महिला शाखा के नेतृत्व में भी भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें अनामिका टेकरीवाल, नमिता खेमका, सोनल टेकरीवाल, राशि शाह, निधि पोद्दार, क्षमा सिंघानिया, सरिता मनीरामका, विनीता मनीरामका और रोली मनीरामका सहित शाखा की सदस्य उपस्थित रहीं। अगैया स्थित सत्या टीवीएस एजेंसी में रजनीश रस्तोगी ने पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन किया।

# राष्ट्रवाद की लौ प्रज्ज्वलित करता रहेगा डॉ. मुखर्जी का बलिदान : योगी

**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रखर राष्ट्रवादी व जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, बलदेव सिंह औलख, विधायक नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, लालजी प्रसाद निर्मल, अवनीश सिंह, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, भाजपा नेता नीरज सिंह आदि ने भी राष्ट्रनायक डॉ. मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट श्एक्सश् पर पोस्ट कर भी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा- श्एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान, नहीं चलेंगे' के उद्घोषक, प्रखर राष्ट्रवादी और जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि। भारत की एकता व अखंडता के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक देशवासी के हृदय में सदैव राष्ट्रवाद की लौ प्रज्ज्वलित करता रहेगा।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की अखंडता के लिए बलिदान दिया : केशव



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ स्थित सरकारी आवास, सात कालिदास मार्ग पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी एवं महान शिक्षाविद् श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मंगलवार को उनके स्मृतिचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने का जीवन राष्ट्रभक्ति और सिद्धांतों के प्रति अटूट निष्ठा का अनुपम उदाहरण है। देश की अखंडता और राष्ट्रीय अस्मिता की रक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके आदर्श हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कर्तव्यपथ पर मजबूती से आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने राष्ट्रवादी चिंतक, महान शिक्षाविद् एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में पंकज चौधरी ने लिखा डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्रहित के प्रति समर्पण और भारत की एकता-अखंडता के लिए संघर्ष सदैव स्मरणीय रहेगा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद करते हुए कहा कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे के संकल्प को लेकर राष्ट्र की एकता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले डॉ. मुखर्जी का त्याग और बलिदान हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

# छात्रों की सुरक्षा व गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं : योगेंद्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**अवैध कोचिंग संस्थानों के खिलाफ चलेगा विशेष अभियान**

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जनपदों में संचालित सभी कोचिंग संस्थानों का व्यापक सर्वेक्षण कर सूची तैयार करें। जो संस्थान उत्तर प्रदेश कोचिंग विनियमन अधिनियम, 2002 अंतर्गत पंजीकृत नहीं हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। पंजीकृत संस्थानों का भी सुरक्षा मानकों के अनुरूप निरीक्षण कराया जाएगा।

भवन व्यवस्था, अग्निशमन, विद्युत सुरक्षा, आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच शामिल होगी। अनियमितता या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार शिक्षा व्यवस्था में अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए कार्य कर रही है।

विद्यार्थियों और अभिभावकों के हित सर्वोपरि हैं। विभागों के समन्वय से सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रदेश में संचालित प्रत्येक कोचिंग संस्थान निर्धारित मानकों का पालन करे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित और विश्वसनीय शैक्षिक वातावरण तैयार किया जा रहा है। शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित शिक्षण वातावरण मिले और कोचिंग संस्थानों में निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन हो।

इस संबंध में विशेष सचिव उच्च शिक्षा निधि श्रीवास्तव द्वारा पत्र जारी किया गया है। जिसमें जिलाधिकारियों द्वारा अपने जनपदों में अभियान चलाकर बिना पंजीकरण संचालित संस्थानों की पहचान और अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रभावी अनुपालन के साथ ही पंजीकृत संस्थानों में विद्यार्थियों की सुरक्षा, आधारभूत सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण भी कराया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ आग हादसे में निलंबित फायर अफसर ने मुख्यमंत्री योगी को लिखा पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज थाना क्षेत्र में एक कोचिंग सेंटर में लगी आग की घटना के बाद कई जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था। इसी निलंबन की कार्रवाई में शामिल फायर बिग्रेड में तैनात एफएसएसओ कमलेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। अब ये पत्र और उनकी वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। पत्र में एफएसएसओ कमलेंद्र सिंह ने कहा कि अलीगंज थाना क्षेत्र में कोचिंग सेंटर में लगी आग में छात्र—छात्राओं समेत 15 लोगों की जान चली गई है। इस मामले में मेरे जैसे छोटे स्तर के अधिकारी पर कार्रवाई की गई है। लेकिन यह कार्रवाई अन्यायपूर्ण है क्योंकि एफएसओ का कार्यक्षेत्र सीमित है। मेरा काम तो केवल स्थानीय निरीक्षण और रिपोर्टिंग तक सीमित है। मेरे द्वारा भवनों की फायर क्लीयरेंस देने बड़े पैमाने में सुरक्षा मानकों को लागू करने का अधिकार नहीं है। मुख्य जिम्मेदारी सीएफओ लखनऊ की है। वह पूरे शहर की फायर सुरक्षा व्यवस्था और भवनों को फायर क्लीयरेंस देतें हैं। जिस बिल्डिंग को आवासीय उपयोग के लिए पास किया गया था। उसे वर्षों से अवैध रुप से व्यवसायिक उपयोग में लिया जा रहा था जिसका तथ्य सीएफओ के संज्ञान होना चाहिए था। आग लगने के बाद दमकल प्रक्रिया में देरी और समन्वय की कमी सीएफओ की सीधी लापरवाही को दर्शाती है।

### अग्नि सुरक्षा मजबूत करने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में हाल ही में हुई अग्निकांड की घटनाओं को देखते हुए, सामाजिक न्याय महासभा उत्तर प्रदेश ने मंगलवार को मलिहाबाद एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मलिहाबाद क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संगठन मंत्री जीशान वली ने प्रशासन से तत्काल प्रभावी कार्रवाई का आग्रह किया। ज्ञापन में मलिहाबाद क्षेत्र के विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों में नियमित मॉक ड्रिल तथा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित कराने की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त, संबंधित विभागों की एक संयुक्त जांच टीम गठित कर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक करने और भविष्य की संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए स्थायी निगरानी व्यवस्था विकसित करने का सुझाव दिया गया है। महासभा ने विशेष रूप से मलिहाबाद क्षेत्र में शीघ्र फायर स्टेशन की स्थापना पर जोर दिया है। संगठन का कहना है कि किसी दुर्घटना के बाद कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि जनहित और विशेषकर मासूम बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समय रहते प्रभावी कदम उठाना आवश्यक है। जीशान वली ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ती आबादी और अग्निकांड की घटनाओं को देखते हुए एक मजबूत अग्नि सुरक्षा तंत्र की आवश्यकता है। उन्होंने प्रशासन से ज्ञापन में उठाए गए बिंदुओं पर तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक जांच और कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके।

### मानवाधिकार आयोग पहुंचा मामला, 1 करोड़ मुआवजा व बड़े अफसर पर एफआईआर की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ कोचिंग अग्निकांड की एसआईटी जांच के बीच अब ये मामला मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत सिंह ने छात्रों की मौत के मामले में पीड़ित परिवारों के लिए 1 करोड़ रुपये मुआवजे की मांग उठाई है। इसके साथ ही लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के वीसी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। सनद रहे कि अग्निकांड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ताबड़तोड़ कार्रवाई का सिलसिला जारी है।

### एफडी घोटाले पर दूसरे दिन भी हंगामा,`बैंक में ताला लगाकर खाताधारकों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रजधानी के मोहन रोड स्थित शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में कथित एफडी घोटाले को लेकर मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी खाताधारकों का प्रदर्शन जारी रहा। बैंक खुलते ही बड़ी संख्या में पीड़ित खाताधारक शाखा के बाहर एकत्र हो गए और बैंक में ताला लगाकर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बैंक मित्र शिवा राव और उसके साथी दीपक ने अधिक ब्याज का लालच देकर एफडी के नाम पर लाखों रुपये जमा कराए थे, लेकिन उनकी जमा राशि सुरक्षित नहीं रही। उनका कहना है कि दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बावजूद अभी तक पीड़ितों को उनकी जमा पूंजी वापस नहीं मिली है। खाताधारकों ने बताया कि 22 मई को बैंक के प्रधान कार्यालय में अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि 22 जून तक सभी पीड़ितों का पैसा लौटा दिया जाएगा। हालांकि, निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ। इसी के विरोध में सोमवार को भी बैंक के अंदर प्रदर्शन किया गया था, जो देर शाम तक चला। उस दौरान बैंक के चीफमैनेजर आर.के. सिन्हा ने 24 घंटे के भीतर मामले की प्रगति से अवगत कराने का वादा किया था। मंगलवार सुबह भी इस आश्वासन पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से नाराज खाताधारक बैंक खुलने से पहले ही शाखा के बाहर पहुंच गए। बैंक खुलते ही उन्होंने शाखा में ताला लगा दिया और हमारा पैसा वापस करो के नारे लगाते हुए धरने पर बैठ गए। इस प्रदर्शन के कारण बैंक का कामकाज पूरी तरह प्रभावित रहा और अन्य ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी जमा धनराशि वापस नहीं की जाती और बैंक प्रशासन इस मामले में कोई स्पष्ट कार्रवाई नहीं करता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण : डॉ. अरूण

**सरकार दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करेगी तथा घायलों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर उनकी राष्ट्रसेवा, एकात्मकता एवं जनकल्याण के आदर्शों को स्मरण करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को काल्विन तालुकेदार कॉलेज, लखनऊ में वन मंत्री डा.अरूण सक्सेना ने अशोक का पौधा रोपित किया।

पौधरोपण के उपरान्त वन मंत्री तथा समस्त उपस्थित लोगों ने अलीगंज, लखनऊ में अग्निकांड में जान गवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि हमारी सरकार दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करेगी तथा घायलों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है।

मुख्य अतिथि डा.अरूण सक्सेना ने पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिकाधिक वृक्षारोपण करने, रोपित पौधों की देखरेख, सिंचन व सुरक्षा का संकल्प दिलाया। मंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रीय हित के प्रति समर्पण एवं सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने अवध वन प्रभाग, लखनऊ के सुरक्षा कर्मियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उप्र. के प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने अशोक का पौध रोपित करने के उपरान्त कार्यक्रम का उद्देश्य व महत्व पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि व विशिष्ट की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ, डॉ. रेणु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग, लखनऊ सितांशु पाण्डेय सहित वन विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में लखनऊ वासियों ने प्रतिभाग किया।

# अंतिम बड़े मंगल पर हनुमान मंदिरों में लगी भीड़, दर्शन-पूजन के लिए लंबी कतारें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राजधानी लखनऊ में ज्येष्ठ माह के आठवें और अंतिम बड़े मंगल पर हनुमान मंदिरों में भीड़ है। सुबह 4 बजे से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु हनुमान मंदिरों में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगे।

शहर के प्रमुख मंदिरोंकृहनुमत धाम, हनुमान सेतु, अलीगंज स्थित श्री महावीर हनुमान मंदिर, प्राचीन हनुमान मंदिर सहित सभी हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। भक्तों ने बजरंगबली के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। आज शहर में 1000 हजार से ज्यादा भंडारे हो रहे हैं। मुख्य मार्गों से लेकर मोहल्ले की गलियों तक में भंडारे लगे हैं। शहरभर के मंदिरों में भक्तों के जयकारे और लाउडस्पीकर पर बज रहे भजनों से माहौल भक्तिमय है। अलीगंज प्राचीन मंदिर, पुराने हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु, हनुमंतधाम, गुलाचीन, लेटे हनुमान मंदिर और दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में भक्तों का दर्शन के लिए तांता लगा है।

# बीएसबी से संबद्ध विद्यालयों को मुख्य धारा से जोड़ रही योगी सरकार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**आवेदन, सत्यापन और संस्तुति की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, तकनीक सक्षम और छात्र केंद्रित बनाने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। शिक्षा सुधारों को संस्थागत मजबूती प्रदान करने और प्रत्येक विद्यार्थी को सुव्यवस्थित शैक्षणिक व्यवस्था से जोड़ने के क्रम में अब भारतीय शिक्षा बोर्ड (बीएसबी), हरिद्वार से संबद्ध विद्यालयों के लिए यू-डायस प्लस कोड आवंटन तथा विद्यालय श्रेणी उन्नयन (स्कूल केटेगरी अपग्रेडेशन) की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है।

स्कूल शिक्षा महानिदेशक मोनिका रानी द्वारा जारी निर्देशों के अंतर्गत संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। यह पहल विद्यार्थियों के शैक्षणिक अभिलेखों को राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी शैक्षणिक व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

उत्तर प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल प्रशासन, तकनीक आधारित अनुश्रवण और डेटा प्रबंधन को लगातार मजबूती दी जा रही है। यू-डायस प्लस जैसी व्यवस्थाओं के विस्तार से शिक्षा प्रबंधन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जा रहा है। भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों को इस व्यवस्था से जोड़ने की पहल विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को सुरक्षित करने, अभिलेखों के बेहतर प्रबंधन तथा शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। स्कूल शिक्षा महानिदेशक मोनिका रानी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के लिए नवीन यू-डाइस प्लस कोड आवंटन तथा आवश्यकतानुसार विद्यालय श्रेणी उन्नयन की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों, जिला विद्यालय निरीक्षकों तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन, सत्यापन और संस्तुति की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि जिन विद्यालयों के पास यू-डायस प्लस कोड उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें नवीन कोड आवंटित किए जाने की कार्रवाई की जाएगी, जबकि पूर्व से यू-डायस कोड प्राप्त विद्यालयों के लिए मान्यता के अनुरूप विद्यालय श्रेणी उन्नयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक अभिलेखों, आख्या और संस्तुति सहित प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा गया है, ताकि निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप कार्रवाई आगे बढ़ाई जा सके।

# लखनऊ अग्निकांड के पीड़ितों से मिलने केजीएमयू पहुंचे अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**घटना बहुत ही दुखद, अगर सुरक्षा नियमों का पालन किया गया होता तो शायद इतना बड़ा हादसा न होता और लोगों की जान नहीं गई होती, पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद होनी चाहिए**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार को अलीगंज इलाके में स्थित कोचिंग एवं एनीमेशन सेंटर में लगी भीषण अग्निकांड में घायल बच्चों और उनके अभिभावकों से मिलने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मंगलवार को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) पहुंचे।

सपा अध्यक्ष ने अस्पताल में उपचाराधीन बच्चों का हालचाल लिया और अभिभावकों से कार्रवाई को लेकर जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टरों की टीम से उपचार की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की बात कही।

अखिलेश यादव ने कोचिंग अग्निकांड के पीड़ित बच्चों और अभिभावकों से मुलाकात के बाद मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि घटना बहुत ही दुखद है। अगर सुरक्षा नियमों का पालन किया गया होता तो शायद इतना बड़ा हादसा न होता और लोगों की जान नहीं गई होती। पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद होनी चाहिए। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अस्पताल में भर्ती एक नौजवान से मेरी मुलाकात हुई है। जो वहां पर नौकरी करता था। उसने आग से बचने के लिए कूदकर अपनी जान बचाई। उसके शरीर और रीढ़ की हड्डी में चोट आईं हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, उसका काफी दिनों तक इलाज चलेगा, उसकी मां भी नहीं है। वह परिवार का इकलौता भरण पोषण करने वाला नवयुवक है। उसकी सरकार को पूरी मदद करनी चाहिए।

अखिलेश ने कहा कि जब तक इस हादसे के पीड़ित पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हो जाते और उन्हें नौकरी दोबारा नहीं मिलती, तब तक सरकार उन्हें वेतन एवं उपचार की व्यवस्था करे। उन्होंने सरकार से मृतकों के परिवारों की कम से कम 01 करोड़ रुपये की मदद किए जाने की बात कही।

# इरम कॉलेज के कमरे में आग लगी, फायर बिग्रेड ने पाया काबू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ठाकुरगंज स्थित इरम कॉलेज के आफिस के एक कमरे में आग लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे फायर बिग्रेड की टीमों ने मौके पर पहुंचकर आग को काबू में कर लिया। किसी भी प्रकार की जनहानि की कोई घटना सामने नहीं आयी है।

चौक फायर स्टेशन के एफएसओ पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब पौने चार बजे के आसपास ठाकुरगंज के शेखपुर हबीबपुर के इरम कॉलेज के आफिस के कमरे में आग लग गई थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझा लिया। कॉलेज के आफिस में रखे फर्नीचर, फाईलें और अलमारी आग की चपेट में आ गए थे।

एफएसओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की संभावना प्रतीत हो रही है। घटना में किसी प्रकार की जनहानि अथवा किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस एवं फायर विभाग द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया है तथा आवश्यक जांच की जा रही है। घटना के कुछ देर पहले ही कॉलेज बंद हुआ था।

### उपमुख्यमंत्री का अयोध्या दौरा स्थगित

**लखनऊ/अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अयोध्या महानगर अध्यक्ष ने मंगलवार को बताया कि लखनऊ में हुए अलीगंज अग्निकांड के कारण 23 जून को भाजपा के सभी निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के प्रस्तावित कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर स्थित शेषावतार मंदिर में निर्धारित ध्वजारोहण कार्यक्रम पूर्व निर्धारित समय पर आयोजित होगा। उल्लेखनीय है कि आज उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का अयोध्या प्रवास का कार्यक्रम था। अब वह अयोध्या नहीं आ रहे हैं।

**तैयारी** | कुपोषण से मिलेगी मुक्ति, व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जाएंगे संचालित

# उत्तर प्रदेश सरकार का संभव 6.0 अभियान शुरू

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने मातृ एवं बाल कुपोषण को कम करने तथा पोषण सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से संभव 6.0 अभियान की शुरुआत की है। अभियान का राज्य स्तरीय शुभारम्भ बीती 18 जून को लखनऊ से किया गया।

इस वर्ष अभियान की थीम गर्भावस्था से बाल्यावस्था तक पोषण सुरक्षा निर्धारित की गई है, जिसके अंतर्गत गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, नवजात शिशुओं और बच्चों को बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

संभव 6.0 अभियान को प्रभावी बनाने के लिए आईसीडीएस, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, यूनिसेफ तथा अन्य विकास सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। अभियान के दौरान सभी विभाग संयुक्त रूप से निगरानी करेंगे। प्रगति का नियमित मूल्यांकन करने के लिए साप्ताहिक रिपोर्ट कार्ड तैयार किए जाएंगे, जबकि जुलाई से सितम्बर 2026 तक प्रत्येक 15 दिन पर राज्य स्तर से जिला कार्यक्रम अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित होगी।

सभी मंडलों और जनपदों के लिए माइक्रो प्लान साझा किया गया है। इसके तहत व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे ताकि जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मियों को अभियान की रणनीति और लक्ष्यों से भलीभांति अवगत कराया जा सके। इसके साथ ही आईसीडीएस, स्वास्थ्य विभाग और पंचायती राज विभाग के संयुक्त सहयोग से प्रदेशभर में विशेष पोषण पाठशाला का आयोजन किया जाएगा, जहां परिवारों को संतुलित आहार, शिशु देखभाल और मातृ स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

### कुपोषण में कमी और स्वस्थ भविष्य है अभियान का लक्ष्य

बाल विकास एवं पुष्टाहार तथा राज्य पोषण मिशन की निदेशक हर्षिता माथुर ने बताया संभव 6.0 जीवन-चक्र आधारित दृष्टिकोण पर आधारित अभियान है, जिसका उद्देश्य गर्भधारण से लेकर बाल्यावस्था तक पोषण संबंधी सेवाओं को सुदृढ़ करना है। जुलाई 2026 में जिला पोषण समिति (डीएनसी) की बैठकों के दौरान सभी जनपदों में अभियान का औपचारिक शुभारम्भ किया जाएगा।

# डॉ. अम्बेडकर की अस्थि कलश हटाने की मंशा त्याग दे सरकार: केके गौतम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



डॉ आंबेडकर अस्थि कलश बचाओ संघर्ष मोर्चा एवं द बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं द्वारा विधानसभा मार्ग पर स्थित डॉ अंबेडकर महासभा में स्थापित बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की अस्थि कलश, डॉ अंबेडकर की प्रतिमा एवं महात्मा गौतम बुद्ध की प्रतिमा को हटाए जाने की सरकार की योजना के विरुद्ध हुंकार भरी। डॉ अम्बेडकर अस्थि कलश बचाओ संघर्ष मोर्चा के संयोजक पूर्व मंत्री केके गौतम ने बताया कि सरकार के एक एमएलसी ने सार्वजनिक तौर पर वक्तव्य दिया गया है कि डॉ अम्बेडकर महासभा से बाबा साहब की अस्थि कलश व प्रतिमा हटाकर नया एक ट्रस्ट डॉ अम्बेडकर के नाम से बनाकर ऐशबाग में विस्थापित किया जायेगा। अम्बेडकर महासभा खाली कराया जायेगा। इस वक्तव्य के बाद बहुजन समाज के लोग आक्रोशित हुए और मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बात रखने का समय माँगा गया किन्तु समय नहीं दिया गया। डॉ अम्बेडकर महासभा एवं बाबा साहब की अस्थि कलश से करोड़ो बहुजनों की आस्था जुडी हुई है। उन्होंने बताया कि डॉ अम्बेडकर जी की अस्थि कलश उनकी पत्नी सविता अम्बेडकर ने स्थापित किया है, यह करोड़ो अम्बेडकर अनुयायियों की आस्था का केंद्र है, इस आस्था के साथ सरकार खेलवाड़ नहीं कर सकती है। पूर्व मंत्री ने सरकार से मांग किया की बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की अस्थि कलश व उनकी प्रतिमा और तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा डॉ अम्बेडकर महासभा से से विस्थापित करने व दूसरा कोई अन्य निर्माण करने की मंशा को सरकार त्याग दे। यदि बाबा साहेब की अस्थि कलश हटाया जाता है तो बाबा साहब को मानने वाले करोड़ों लोग सरकार के इस कदम के खिलाफ आंदोलन करने को बाध्य होंगे। पूर्व मंत्री ने मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा है जिसमे सरकार से मांग की गई है कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर से करोड़ भारतवासियों की आस्था जुड़ी है और उनकी आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाना चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### बिजली चेकिंग करने गई विजिलेंस टीम पर हमला संविदा लाइनमैन के साथ हाथापाई, रिपोर्ट दर्ज

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** थाना क्षेत्र के ग्राम शेरगंज बुढ़ौरा में विद्युत चोरी पकड़ने गई विजिलेंस टीम के जेई जोगेंद्र कुमार ने गांव के बदन सिंह पुत्र रघुवीर सिंह पर विद्युत चोरी करने का आरोप लगाते हुए टीम के साथ मारपीट कर सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। विद्युत उपकेंद्र कलान के जेई जोगेंद्र कुमार ने दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर 20 जून को मिर्जापुर थाना क्षेत्र के ग्राम शेरगंज बुढ़ौरा में निवासी बदन सिंह पुत्र रघुवीर सिंह के घर में एसडीओ कलान प्रकाश कुमार सिंह,प्रभारी निरीक्षक विजिलेंस शाहजहांपुर संतराम वर्मा,राजेश कुमार जेई प्रवर्तन दल शाहजहांपुर,आरक्षी प्रवर्तन दल जितेंद्र कुमार व संविदा लाइन कर्मचारी अशोक कुमार और रंजीत कुमार के साथ विद्युत चेकिंग करने गया था। चेकिंग के दौरान बिजली की इनकमिंग केबिल में मीटर से पहले कट लगाकर बिजली चोरी करने की वीडियो बनाने लगा। तभी गृहस्वामी बदन सिंह बिना सूचना घर में घुसने का आरोप लगाकर हंगामा करने लगा। इसी बीच गांव के कई लोग लाठी डंडे लेकर आ गए। तभी बदन सिंह ने संविदा लाइन कर्मचारी अशोक कुमार की गर्दन पकड़ कर मारपीट की। उसके मुंह पर मुक्का मार देने से कर्मचारी के मुंह से खून बहने लगा। जेई का कहना है कि उसने टीम की सुरक्षा के लिए 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षित निकाल करके ले आई। उधर आरोपी बदन सिंह का कहना है कि विजिलेंस टीम बिना आवाज दिए उसके घर में घुस गई और बुजुर्ग मां को गाली गलौज करते हुए वीडियो बनाने लगी। जिसका विरोध करने पर विजिलेंस टीम के सदस्यों ने पुलिस बुलाकर जेल में सड़ा देने की धमकी देकर चले गए।

### नाबालिका को ले भागा युवक, नगदी व जेवरात ले जाने का आरोप

**तिलहर - शाहजहांपुर।** पीड़ित पिता ने एक युवक द्वारा उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 17 जून की रात करीब 11 बजे डडिया गांव का समरेन्द्र नामक युवक उसकी 17 वर्षीय बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया । उसकी पत्नी ने भाग कर पकडने की कोशिश की । लेकिन वह दोनो कार में सवार होकर भाग गये । आरोप है कि उसकी बेटी घर से 72 हजार रुपये , 10 ग्राम सोना व 200 ग्राम चांदी साथ मे ले गयी है । पीड़ित पिता ने बेटी को बरामद करने की पुलिस से गुहार लगाई है।

### रंगदारी न देने पर प्रधान के बेटे को दी जान से मारने की धमकी

पिथनापुर प्रधान के बेटे ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**तिलहर - शाहजहाँपुर।** गांव में कराए गए इंटरलाकिंग कार्य के एवज में ग्राम प्रधान के बेटे ने गांव के एक दबंग द्वारा मांगी गई रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी देने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।कोतवाली क्षेत्र की गांव सभा पिथनापुर के प्रधान वीरेंद्र सिंह के बेटे वैभव यादव ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 24 मई की शाम करीब छह बजे वह पिता द्वारा गांव में इंटर लॉकिंग कराई गई सड़क की नाप कराकर घर वापस जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव का दबंग उपदेश मिला। आरोप है कि उसने सडक के एवज मे रंगदारी में 10 हजार रुपये मांगे और कहा कि प्रधान से कहकर रुपये उसे दे दे नही तो तुम्हारी खेर नही । विरोध करने पर गालिया देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

### झगड़े की पुलिस को सूचना देने वाले को बंधक बनाकर की पिटाई

थाना पुलिस पर कार्रवाई न करके उसी को दो दिन बैठाये रखने का आरोप
चार लोगों के खिलाफ अपहरण समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर - शाहजहाँपुर।** दो पक्षों में हो रही मारपीट की पुलिस को सूचना देने से नाराज लोगों द्वारा मारपीट कर बंधक बनाकर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है । पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही न करके उसी को दो दिन तक थाने में बैठाए रखने का भी थाना पुलिस के सिर ठीकरा फोड़ा है। राजनपुर रोड स्थित महुआ कालोनी धन्वन्तरी अस्पताल निवासी पोथीलाल पुत्र कल्लू ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 10 जून की अपरान्ह करीब चार बजे राजन पुर रोड स्थित महुआ कालोनी निवासी धीरेन्द्र पुत्र रामसेवक व मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी गौरव , सौरभ व अरुण पुत्र गण मनोहर लाल उसके मोहल्ले में जमकर मारपीट आदि कर रहे थे । उसके डायल 112 को फोन कर देने से नाराज होकर उक्त सभी उसका घर से अपहरण कर मारपीट करते हुए हाथ पैर पकड़ कर ले गए । और धीरेन्द्र के घर में बन्द कर लिया । आरोप है कि सभी ने उसकी बेरहमी से पिटाई की । आरोप है कि उसके ऊपर में तमंचा रखकर जान से मारने की कोशिश की । लेकिन तमंचा मिस हो गया । तो उसकी गर्दन पर जान से मारने की नियत से पैर रखकर कहा कि तूने पुलिस को फोन किया अब तुझे जान से मार देगे । शोर होने पर भीड़ आ गई । जिससे वह घबरा गये । मौका मिलते ही वह छूटकर गन्ने के खेत में छुप गया। पुलिस आ जाने पर वह पुलिस के सामने आया । आरोप है कि पुलिस उसे थाने साथ ले गई । लेकिन उसकी कोई बात नही सुनी । और थाने में दो दिन तक उसे बैठाये रखा। आरोप है कि अपनी अंधी मा का वास्ता देने पर दो दिन बाद उसे थाने से छोड़ा। लेकिन आरोपियों पर कोई कार्यवाही नही की। वह अपनी जान बचाता घूम रहा है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित ने उक्त घटना की वीडियो रिकार्डिंग होने का भी जिक्र किया है।

### गारमेंट्स शॉप कर्मी की बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर - शाहजहांपुर।** गारमेंट्स शॉप कर्मी ने बांस मंडी से बाइक चोरी होने की अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के बिरियागंज बाजार स्थित रुही गारमेन्टस कर्मी गांव सुल्तानपुर निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र कल्यान ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह रूही गारमेंट्स शॉप पर कम करता है । रोज की तरह उसने बीती सात जून को अपनी बाइक संख्या यूपी 25 बी डब्ल्यू 0026 बाँस मण्डी शराब की भट्ठी के पास खड़ी कर दी थी। शाम करीब साढ़े सात बजे वहाँ से बाइक गायब थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश के लिए सुराग कसी शुरू कर दी है।

### तमंचा व कारतूस समेत युवक गिरफ्तार

**तिलहर - शाहजहांपुर।** तमंचा के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल मामले के आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर देर रात धर दबोचा। आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया। बता दें कि मनप्रीत नाम के एफबी अकाउंट पर हाल ही में तमंचे के साथ एक फोटो वायरल हुई थी । 21 जून की रात करीब दस बजे मुखबिर की सूचना पर विरसिंग पुलिस चौकी इंचार्ज प्रदीप राजौरिया ने चेकिंग के दौरान रटा गांव से बख्तियार पुर जाने वाले रास्ते से विरसिंग पुर निवासी मनप्रीत कन्नौजिया को धर दबोचा । उसके कब्जे से 315 बोर तमंचा व कारतूस बरामद हुआ । पुलिस ने आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

### सड़क हादसे में बुजुर्ग घायल, पुलिस ने उपचार के लिए भेजा

**सिधौली, शाहजहांपुर।** सोमवार रात हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गांव उल्लिया निवासी 60 वर्षीय बलवीर शाहजहांपुर से बाइक द्वारा अपने गांव वापस लौट रहे थे। रात करीब 8 बजे हाईवे पर स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बलवीर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिधौली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बुजुर्ग को एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।
पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी।

### जानलेवा हमला करने वाले स्कॉर्पियो सवार चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हाइवे किनारे स्कॉर्पियों में कार टकराने के बाद हुआ था बवाल

**तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी गौरव कुमार पुत्र रोहन सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 14 जून के अपरान्ह करीब पौने पांच बजे मोहल्ला पाचसा से अपनी फोर व्हीलर आई 10 से अपने घर जा रहा था । इसी दौरान हाइवे पर डायमंड होटल के पास कार मोड़ते समय सड़क के किनारे खड़ी स्कर्पियो संख्या यूपी 27 अ अ 7777 की पिछली लाइट व शीशे मे लग गई । जिससे स्कर्पियो का शिशा चटक गया। जिसपर उसने गलती मानते हुए स्कर्पियो का शीशा डालबाने की बात कही। आरोप है कि स्कॉर्पियो पर सवार चार अज्ञात लोगों ने उसकी एक बात नही सुनी और स्कर्पियो से रॉड व डंडे निकालकर उस पर ताबड़तोड़ प्रहार शुरु कर दिए जिससे उसका सर फट गया। तथा बायां पैर टूट गया। इसके बाद हमलावर फरार हो गए।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर हुआ पौधारोपण

**पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

समृद्धि न्यूज़



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर ठाकुर रोशन सिंह संघटक राजकीय महाविद्यालय, खुदागंज एवं वन विभाग, शाहजहांपुर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को नवादा दरोबस्त स्थित महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में डॉ. मुखर्जी के योगदान को भी याद किया गया।कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में बोतल ब्रश, अमरूद, आँवला सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी शाहजहांपुर के जिला उपाध्यक्ष रोहित सिंह ने अपने संबोधन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन एवं राष्ट्रहित में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' के संकल्प को याद करते हुए धारा 370 के विरोध में उनके संघर्ष का उल्लेख किया।क्षेत्रीय वनाधिकारी तिलहर अमित कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार हैं तथा आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है।
महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुज सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान शिक्षाविद्, दूरदर्शी चिंतक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, सिद्धांतनिष्ठा और अखंड भारत के संकल्प का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपक्षेत्रीय वनाधिकारी अजय सिंह, वन दरोगा श्याम सिंह, शहीद हुसैन, सतीश गौतम, सहायक आचार्य डॉ. अमित कुमार, डॉ. श्रवण सिंह, डॉ. रघुबीर सिंह, डॉ. मोहित गुप्ता, मानवेंद्र सिंह, डॉ. रेनू पाण्डेय, डॉ. सुरजीत सिंह, डॉ. मोना यादव सहित महाविद्यालय एवं वन विभाग के अनेक अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षण स्टाफ उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

## अनावा ग्राम पंचायत में गंदगी का अंबार, चोक नालियों से ग्रामीण परेशान

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।** विकासखंड सिधौली की ग्राम पंचायत अनावा में गंदगी और चोक नालियों की समस्या को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से सफाई व्यवस्था पूरी तरह बदहाल है, जिससे नालियों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार कई महीनों से सफाई कर्मचारी नियमित रूप से गांव नहीं आ रहे हैं, जिसके कारण नालियां गंदगी से भर गई हैं। नालियों का पानी सड़कों और आसपास के क्षेत्रों में जमा



हो रहा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और लोगों को आने-जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। इससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। गांववासियों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या की शिकायत संबंधित अधिकारियों से कई बार की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव की नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को गंदगी और संभावित बीमारियों से राहत मिल सके। इस दौरान सलमान खान, असलम खान, मुनासिब, अब्दुर्रहमान सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

**पिता ने बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप**

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के कस्बा कांट के मोहल्ला मरहैया तृतीय(रहमतपुर) में बिजली करंट लगने से एक किशोर की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता ने बिजली विभाग के कर्मचारी समेत विभागीय अधिकारियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।मोहल्ला रहमतपुर निवासी फुरकान, जो मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बड़ा पुत्र अमान (5) मंगलवार सुबह करीब छह बजे घर के पास से गुजर रहा था। आरोप है कि एक दिन पहले बिजली विभाग की ओर से कर्मचारी गुलफाम क्षेत्र में बिजली का तार सही करने आया था और सपोर्ट के लिए अर्थ वाला तार जमीन में गाड़ दिया था। फुरकान का कहना है कि मोहल्ले के लोगों ने उस समय संभावित खतरे को देखते हुए आपत्ति भी जताई थी, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। आरोप है कि उसी कारण मंगलवार सुबह अमान करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए कर्मचारी गुलफाम सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।वही सीओ सदर शुभम वर्मा ने बताया कि बिजली विभाग के संविदा कर्मी के खिलाफ परिजनों ने तहरीर दी है उस पर मुकदमा लिखा जा रहा है।' एक प्रार्थना पत्र आया है कि पोल तीरछा है। इसी को लेकर लाइनमैन गुलफाम को भेजा गया था।

## आवास खाली कराने के लिए, किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**सिधौली, शाहजहांपुर।** भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष गुलजार सिंह के नेतृत्व में किसानों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी जफर सैफी को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल में आवास पर किए गए कथित अवैध कब्जे को हटाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि एंबुलेंस चालक सिकंदर वर्ष 2017 में सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है, इसके बावजूद वह अस्पताल प्रशासन और कुछ कर्मचारियों की कथित सहमति से अस्पताल परिसर में रह रहा है तथा सरकारी आवास पर कब्जा किए हुए है। किसान यूनियन नेताओं का कहना है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी



द्वारा स्थानांतरित अथवा सेवा से हटाए गए कर्मचारियों एवं चिकित्सकों को सरकारी आवास खाली करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन संबंधित व्यक्ति अब तक आवास खाली नहीं कर रहा है। किसान यूनियन ने मांग की कि अस्पताल प्रशासन तत्काल कार्रवाई करते हुए सरकारी आवास को खाली कराए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि आवास खाली नहीं कराया जाता है तो किसान यूनियन को भी संगठन के कार्यालय संचालन एवं पदाधिकारियों के ठहरने के लिए अस्पताल परिसर में आवास उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान किसान यूनियन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की।

# विकसित भारत के लिये रोजगार निर्माण जरूरी: कुलपति

समृद्धि न्यूज

**शाहजहाँपुर।** भारत को विकसित बनाने के लिए रोजगार निर्माण जरूरी है। देश की विकास प्रक्रिया में युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण होता है। बेरोजगार युवाओं को देश की विकास यात्रा में शामिल करने हेतु। केन्द्र तथा राज्य सरकार ने अनेक रोजगार योजनाएं प्रारंभ की हैं किंतु जागरूकता के अभाव के कारण युवा उनका पर्याप्त लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। रोजगार योजनाओं के अंतर्गत लाभ उठाने के लिए निर्धारित शैक्षिक योग्यता के अतिरिक्त युवाओं को कला कौशल से युक्त भी होना चाहिए। यह विचार स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय, के कुलपति प्रो पी बी सिंह ने वाणिज्य संकाय द्वारा 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' पर आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। इससे पूर्व
कार्यशाला का शुभारम्भ स्वामी शुकदेवानन्द सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ। इसके उपरांत एमकॉम की छात्रा निधि गौतम व प्रियंका मिश्रा ने चन्दन तिलक एवं पुष्प कलिका भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया।
कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी महिला महाविद्यालय, बरेली के कॉमर्स विभाग के प्रो एन.के. बत्रा , हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के कॉमर्स विभाग के डॉ के के वर्मा तथा लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के कॉमर्स विभाग के डॉ. रंजीत सिंह उपस्थित रहे। मंच संचालक कु. बृज लाली चौबे ने अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। डॉ. गौरव सक्सेना, डॉ. रूपक श्रीवास्तव तथा डॉ. विजय तिवारी ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं कुलपति जी ने स्मृति चिह्न भेंट किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए संयोजक डॉ अनुराग अग्रवाल ने कहा कि रोजगार की यह योजना परम्परागत योजनाओं से भिन्न और अपेक्षाकृत अधिक प्रभावशाली है। डॉ. एन.के. बत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना मोदी जी के विकसित भारत 2047 के स्वपन को पूर्ण करने में सहायक सिद्ध होगी। डॉ के के वर्मा ने कहा युवा स्वयं में अपनी रूचि के अनुसार एक कौशल अवश्य विकसित करें। कौशल विकास के क्षेत्र में सरकार इंटर्नशिप करने वाले युवाओं को 5 हजार प्रति माह योजना के तहत अनुदान प्रदान करती है। उन्होंने कहा की योजना के माध्यम से रोजगार व स्वरोजगार बढ़ा है। डॉ. रंजीत सिंह ने कहां की यह योजना 3.3 करोड लोगों को रोजगार देने वाली योजना है। यह न केवल रोजगार देने वाली बल्कि सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाली योजना भी है। इस अवसर पर कुलपति ने बीकॉम फाइनेंस की छात्रा खुशी कपूर को चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया तथा कार्यशाला में सफल सहभागिता हेतु एम कॉम के विद्यार्थियों नित्या खन्ना, पीयूष शुक्ला, दृष्टि यादव, विनायक शर्मा आदि को भी प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अन्त में डॉ गौरव सक्सेना ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ अजय कुमार वर्मा, डॉ. संतोष प्रताप सिंह, डॉ. सचिन खन्ना, डॉ. अपर्णा त्रिपाठी, डॉ पोथीराम सिंह, जागृति गुप्ता आदि शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## पुल निर्माण में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।** हरदोई जनपद में पुल निर्माण में मजदूरी करने के दौरान घायल हुए युवक की बीती रात लखनऊ में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। कस्बा निवासी 28 वर्षीय राहुल पिछले कई दिनों से जनपद हरदोई के थाना शाहाबाद क्षेत्र स्थित टोडरपुर के समीप निर्माणाधीन पुल पर मजदूरी कर रहे थे। सोमवार सुबह काम करने के दौरान वह पुल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। साथी मजदूर उन्हें लेकर हरदोई के जिला अस्पताल गए। जहाँ से गंभीर हालत होने के कारण चिकित्सकों ने लखनऊ मेडिकल कालेज के रेफर कर दिया। साथी मजदूरों की सूचना पर परिजन भी देर शाम लखनऊ पहुँच गए। इलाज के दौरान सोमवार की रात उनकी मृत्यु हो गई। दोपहर में मृतक का शव घर पहुंचने पर परिवार में मातम छा गया। राहुल अविवाहित थे। परिवार में भाई रमेश,रामनिवास और रामलखन तथा मां मुन्नी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन एनएचआई से संपर्क कर मुआवजे की मांग कर रहे थे।



## प्रेमजाल में फंसाकर युवक को जहर देकर मारने की रिपोर्ट दर्ज

**पति-पत्नी व बहन समेत चार नामजद**

तिलहर - शाहजहांपुर।




कोतवाली क्षेत्र के गांव अजमाबाद निवासी सोमवती पत्नी भानु सिहं ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसके पड़ोस में राजमंगल सिहं पुत्र विश्राम सिहं का मकान है । राजमंगल की पत्नी सोनी ने उसके बेटे सौरभ सिहं उर्फ देशराज 22 को प्रेमजाल में फसा लिया । जिसको लेकर आये दिन विवाद होता रहता था । लेकिन सोनी ने सौरभ से बास्ता नहीं छोड़ा । आरोप है कि सोनी के पति राजमंगल सिहं व उसकी बहन करूणा रंजिश मानने लगे । आरोप है कि बीती 21 की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे राजमंगल सिहं , उसकी पत्नी सोनी , बहन करुणा व सुखसागर सिहं उर्फ रिंकू सिहं ने खेत पर काम के बहाने उसके बेटे सौरभ को बुलवाया तथा रूजवारी नहर के पास सौरभ को बुरी तरह मारा पीटा तथा जबरदस्ती जहर खिलाकर चले आये । खबर मिलने वह पति भानु , जेठ जगवीर सिहं व चन्द्रभान सिहं मौके पर पहुंचे तो सौरभ बेहोशी की हालत में पड़ा मिला । वह कटरा के ग्राम खैरपुर में डा0 ललुआ के यहाँ ले गये। सौरभ सिहं की पीठ व कोख से खून निकल रहा था जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी ।
पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है । यहां बताते चलें कि उक्त मामले में सीओ इशिका सिंह व कोतवाल प्रिंस शर्मा ने गांव जाकर घटना की बाबत ग्रामीणों से जानकारी भी जुटाई थी।

## जलभराव की समस्या होगी खत्म, 63.72 लाख की लागत से बनेगा नाला

**शीतला देवी मंदिर तक होगा नाले का निर्माण, स्थल चिन्हांकन के लिए पहुंची नगर पंचायत टीम**

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।** नगर पंचायत वार्ड नं 12 को बरसों पुरानी जलभराव की समस्या से राहत दिलाने की दिशा में नगर पंचायत कांट ने बड़ा कदम उठाया है। बरसात के दिनों में सड़कों और मोहल्लों में जलभराव की समस्या को देखते हुए 63 लाख 72 हजार रुपये की लागत से जलालाबाद-शाहजहांपुर मुख्य मार्ग से वरुआ मार्ग स्थित शीतला देवी मंदिर के आगे तक नाले का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य शुरू कराने से पहले मंगलवार को मौके पर पहुंची नगर पंचायत टीम ने राजस्व विभाग के सहयोग से भूमि का चिन्हांकन कराया। निरीक्षण के दौरान लेखपाल माथुर को बुलाकर प्रस्तावित नाले की भूमि को चिन्हित कराया गया, जिससे निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। इस



अवसर पर नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नूरजहां, ठेकेदार दिनेश बाबू तथा नगर पंचायत का स्टाफ मौजूद रहा। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने बताया कि वार्ड नं 12 में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बरसात के मौसम में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से 63.72 लाख रुपये की लागत से इस महत्वपूर्ण नाले का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'यह परियोजना वार्डवासियो को जलभराव की समस्या से स्थायी राहत दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नाले के निर्माण से बरसाती एवं गंदे पानी की निकासी सुचारु होगी, जिससे सड़कों पर जलभराव नहीं होगा और लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। नगर पंचायत विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# उदासीन आश्रम में देव प्रतिमाओं प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली भव्य शोभायात्रा

तिलहर - शाहजहांपुर।



नगर के प्राचीन उदासीन आश्रम में पंडित अयोध्या प्रसाद शास्त्री के सानिध्य में चल रहे विभिन्न देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के तहत भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान देव प्रतिमाओं का कई मंदिरों में प्रतिष्ठित प्रतिमाओ से मिलन कराया गया । शोभायात्रा में रथों पर विराजमान प्रतिमाओं के साथ ही श्रद्धालु जन ध्वजा हाथों में लेकर जयघोष करते चल रहे थे।
नगर के मोहल्ला मुस्तफाबाद स्थित उदासीन आश्रम के महंत सुरेश मुनि महाराज के आयोजकत्व व ठेकेदार बंधु संजीव कुमार गुप्ता व प्रदीप कुमार गुप्ता के विशेष सहयोग से शनिवार से धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है। मंगलवार को शिव परिवार , राम दरबार , श्री राधा कृष्ण , दुर्गा मां , शनिदेव महाराज की प्रतिमाओं कोर्बिन वस्त्रादि धारण कराकर पूजन अनुष्ठान के साथ ही रथों पर विराजमान कराया गया। अपरान्ह साढ़े ती बजे उदासीन आश्रम से मुख्य आचार्य अयोध्या प्रसाद शास्त्री के सानिध्य में शोभायात्रा शुरू हुई। जो मोहल्ला मुस्तफाबाद , खलील कटरा , चौहटिया , हिंदू पट्टी , कच्चा कटरा होकर अस्पताल रोड से भक्सी तिराहे होकर देर शाम आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान रास्ते के सात मंदिरों में देव प्रतिमाओं का प्रतिष्ठित प्रतिमाओ से मिलन कराया गया। अनुष्ठान के मुख्य आचार्य अयोध्या प्रसाद शास्त्री ने बताया शोभायात्रा के उपरांत सभी प्रतिमाओं का शैयाधिवासन कराया जाएगा। 24 जून (आज) सभी देव प्रतिमाओं की अचल प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारा किया जाएगा।
शोभायात्रा में संजीव गुप्ता , सौरभ गुप्ता रवि, प्रदीप गुप्ता , सोनू खन्ना , अरविंद गुप्ता, शिवम गुप्ता, सत्यम गुप्ता, मंथन गुप्ता, राजेश गुप्ता, सयंम गुप्ता, साहू मनोज गुप्ता, सभासद गंगा सहाय, अजय शर्मा, जितेंद्र गुप्ता सहित तमाम श्रद्धालुजन शामिल रहे। शोभायात्रा की निगरानी में एसआई देवेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मुस्तैद रहे।

## बड़े मंगल पर किया सुंदरकांड पाठ, भंडारे का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** ज्येष्ठ मास के आठवें बड़े मंगल के पुनीत अवसर पर मंगलवार को आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान एवं राष्ट्रीय अनुसंधान मंडल 'सक्षम' ने संयुक्त रूप से खिरनीबाग स्थित रामचरण लाल धर्मशाला के सर्वशक्ति योग मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया। संस्थान के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष विधि-विधान से पूजन व आरती की। सुंदरकांड का पाठ उपरांत इसके बाद धर्मशाला के बाहर राहगीरों, श्रद्धालुओं और आमजन को बूंदी एवं शरबत का प्रसाद वितरित किया गया। गर्मी में शीतल शरबत व प्रसाद पाकर राहगीरों ने आयोजकों का आभार जताया। संस्थान ने कहा कि बड़े मंगल के पावन पर्व पर सेवा-भाव से यह आयोजन किया गया।



## खबरें एक नजर में

### मीडिया कर्मी को पितृ शोक

**समृद्धि न्यूज़, शाहजहांपुर।** थाना मदनापुर के पत्रकार योगेंद्र प्रताप सिंह के पिता रतिपाल सिंह का लंबी बीमारी के चलते मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर में निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। वह अपने पीछे दो पुत्र अवनीश सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह गोपी, चार पुत्रियों को रोता बिलखता छोड़ गए। पत्रकार की पिता की मौत पर तमाम पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया।

### शारदा नहर में तैरता मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, हाथ पर गुदे हैं 'मां' और 'दीपा' के नाम

**समृद्धि न्यूज़, बंडा, शाहजहांपुर।** थाना बंडा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अख्तियारपुर मंदिर के पास स्थित शारदा नहर की झाल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में उतराता हुआ मिला है। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है, लेकिन उसका नाम और पता अभी अज्ञात है। शव की पहचान के लिए पुलिस ने मृतक के शरीर पर बने कुछ विशेष टैटू और निशानों को जारी किया है । उसके दाहिने हाथ पर हिंदी के बड़े अक्षरों में 'मां' और अंग्रेजी में एम.एन.' लिखा हुआ है। दाहिने अंगूठे पर हिंदी के अक्षरों में 'दीपा' गुदा हुआ है। दाहिनी बाजू में कोहनी के ऊपर बिच्छू का टैटू बना हुआ है। बाईं बाजू में कोहनी के ऊपर सूर्य का टैटू बना हुआ है। थाना बंडा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए शाहजहांपुर भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आस-पास के थानों में भी इसकी सूचना भेज दी गई है ताकि गुमशुदा लोगों के रिकॉर्ड से इसका मिलान किया जा सके। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि इस विवरण के आधार पर किसी को भी अज्ञात व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले, तो वे तुरंत प्रभारी निरीक्षक, थाना बंडा जनपद शाहजहांपुर से संपर्क करें।

### ईंट भट्ठा पर मजदूरी करने गया युवक हुआ लापता

**पीड़ित पिता ने भट्ठा मालिक व मुंशी पर जताया संदेह**

**गुमशुदगी दर्ज होने के 18 दिन तक नहीं लग सका सुराग**

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जनयूरी निवासी



हरदोई जनपद में ईंट भट्टे पर मजदूरी करने गया था। जो दवाई लेने जाने के दौरान लापता हो गया । 18 दिन बाद तक युवक के न मिलने से परिवार में अनिष्ट की आशंका के चलते कोहराम मचा हुआ है। जन्युरी निवासी सुरेश पुत्र मेवाराम ने बताया कि वह परिवार के साथ हरदोई जनपद के थाना लोनार के बकरा गढ़ी स्थित ईंट भट्टे पर मजदूरी करने गया था । बीती छ जून को दोपहर करीब एक बजे उसका बेटा अवनीश दवा लेने स्थानीय डाक्टर के पास गया था । शाम तक वापस नही आया । तो खोजवीन की गई । लेकिन कोई पता नहीं चला । तब अगले दिन शाम को थाना लोनार पर अवनीश 20 की गुमशुदगी दर्ज कराई थी । जिसका 18 दिन बीतने के बाद भी पता नहीं लग सका है । पीड़ित पिता ने बताया कि जानकारी मिली है कि अवनीश उस दिन ईंट भट्टे के मुंशी तौहीद के साथ मोटर साइकिल पर दबा लेने गया था । तौहीद ने पूछने पर बताया कि वह अवनीश को बोला कि मैंन डॉक्टर की दुकान पर छोड़ आया था । पीड़ित पिता का आरोप है कि भट्टा मालिक मुजाहिद व मुंशी तौहीद तभी से भट्टे पर नहीं आ रहे हैं।

### बड़े मंगल पर श्रद्धालुओं को बांटा शरबत और बूंदी का प्रसाद

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** ज्येष्ठ मास के आठवें बड़े मंगल के पावन अवसर पर आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान एवं राष्ट्रीय अनुसंधान मंडल 'सक्षम' के संयुक्त तत्वावधान में खिरनीबाग स्थित रामचरण लाल धर्मशाला के सर्वशक्ति योग मंदिर में धार्मिक एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष विधि-विधान से पूजन-अर्चन और आरती के साथ हुई। इसके बाद सुंदरकांड का पाठ किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत धर्मशाला के बाहर राहगीरों, श्रद्धालुओं एवं आमजन को बूंदी और शीतल शरबत का प्रसाद वितरित किया गया।आयोजकों ने बताया कि बड़े मंगल के अवसर पर सेवा और जनकल्याण की भावना से यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक हरिशरण बाजपेई, पंकज शुक्ला एडवोकेट, अजराम एडवोकेट, सोमेश्वर मिश्रा एडवोकेट, मीनाक्षी अग्निवेश, नलिनी ओमर, सुशील कुमार सहित कई लोगों का विशेष सहयोग रहा।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**समृद्धि न्यूज, खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुर चौराहा निवासी उस्मान मोहम्मद की बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि उस्मान मोहम्मद मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। मंगलवार सुबह वह धान की रोपाई करने के लिए पड़ोसी गांव मोहनपुर गए थे। दोपहर में अधिक गर्मी होने पर वह मोहनपुर-मैनिया लिंक मार्ग पर सड़क किनारे एक पेड़ के नीचे आराम करने पहुंचे। इसी दौरान खुटार थाना क्षेत्र के गांव ढकना लहिया निवासी तेज रफ्तार बाइक से वहां पहुंचा और उसने उस्मान को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उस्मान गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक सवार भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उस्मान की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें तिलहर स्थित वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। खुटार पुलिस ने बाइक चालक निवासी ढकना लहिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नगर में स्पीड ब्रेकर व सड़क सुरक्षा व्यवस्था की कमी पर उठे सवाल

**हादसों के बाद बढ़ी चिंता**



**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क हादसों ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। हाल ही में खुदागंज-बीसलपुर मार्ग पर हुए दर्दनाक हादसे में दादा और पांच वर्षीय पौत्र की मौत के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। इस घटना ने एक बार फिर यातायात सुरक्षा के बुनियादी इंतजामों की आवश्यकता को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर के प्रमुख मार्गों, बाजारों, विद्यालयों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में मानक स्पीड ब्रेकर, चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर और अन्य सुरक्षा संसाधनों का अभाव है। इसके चलते कई वाहन चालक तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। नागरिकों के अनुसार कटरा से खुदागंज-बीसलपुर रोड सहित कई व्यस्त मार्गों पर भारी वाहनों का आवागमन लगातार रहता है, लेकिन वहां गति नियंत्रण के पर्याप्त उपाय नहीं हैं। लोगों का मानना है कि यदि दुर्घटना संभावित स्थानों पर समय रहते स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड, स्ट्रीट लाइट और नियमित पुलिस निगरानी की व्यवस्था की गई होती, तो कई हादसों को रोका जा सकता था। हालिया दुर्घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से नगर की सड़क सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक सर्वे कराने तथा चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर तत्काल प्रभाव से स्पीड ब्रेकर और अन्य सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की है। साथ ही तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती, यातायात नियमों का प्रभावी पालन और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की भी मांग उठ रही है। नगरवासियों का कहना है कि सड़क हादसे केवल आंकड़े नहीं होते, बल्कि इनके पीछे कई परिवारों का दर्द और अपूरणीय क्षति जुड़ी होती है। दादा-पोते की दर्दनाक मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है और लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि सड़क सुरक्षा के आवश्यक इंतजामों को प्राथमिकता कब मिलेगी। सामाजिक संगठनों और क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि सड़कें सुरक्षित बन सकें और अनमोल जीवन बचाए जा सकें।

# टोल प्लाजा के प्रबंधक ने की सीएचसी प्रभारी से अभद्रता

- स्वास्थ्य कर्मचारियों ने की ओपीडी बंद
- प्रबंधक के माफी मांगने पर मामला हुआ शांत, दवा लेने गया था प्रबंधक

समृद्धि न्यूज़



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** एम्बुलेंस पर सवार होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवा लेने आए टोल प्लाजा के प्रबंधक ने प्रभारी चिकित्साधिकारी के आवास में घुसकर अभद्रता की। विरोध में चिकित्सकों ने ओपीडी बन्द कर विरोध किया। बाद में कोतवाली पहुँचकर प्रबंधक ने चिकित्सक से माफी मांगी। तब जाकर मामला शांत हुआ।

मंगलवार की सुबह महानंदपुर टोल प्लाजा के प्रबंधक प्रवीण की उच्च रक्तचाप के कारण तबियत बिगड़ गयी। एनएचएआई की एम्बुलेंस पर सवार होकर वह सीएचसी पहुंचा। जहाँ पर तैनात चिकित्सकों द्वारा उनको दवा दी गयी। बाद में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. जफर सैफी को तलाश करते हुए प्रबंधक अपने साथियों सहित उनके सरकारी आवास में घुस गया। आवास के अन्दर का वीडियो बनाते हुए उसने प्रभारी चिकित्साधिकारी के साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद प्रबंधक और उसके साथियों ने परिसर में जमकर शोर शराबा किया। स्टाफ द्वारा पुलिस को फोन करने की जानकारी होने पर सभी मौके से भाग गए। डॉ.जफर सैफी ने कोतवाली पहुँचकर घटना की तहरीर दी। बाद में घटना का विरोध करते हुए सीएचसी के चिकित्सकों ने ओपीडी बन्द रखी। जिससे ग्रामीण क्षेत्र से आये मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ा। ओपीडी बन्द होने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने टोल प्लाजा के प्रबंधक प्रवीण को सख्त लहजे में तलब किया। कुछ देर बाद दोनों पक्ष कोतवाली में एकत्र हुए। काफी देर तक चली वार्ता के बाद टोल प्लाजा प्रबंधक ने प्रभारी चिकित्साधिकारी से माफ़ी माँगी। तब जाकर मामला रफा-दफा हुआ और लगभग 12 बजे चिकित्सकों ने काम पर लौटकर ओपीडी आरम्भ की। उधर टोल प्लाजा प्रबंधक प्रवीण ने बताया कि सुबह हार्ट बीट बढ़ने के बाद तबियत खराब होने पर सीएचसी गया था।आरोप निराधार हैं। डॉ. जफर सैफी ने बताया कि एम्बुलेंस से आये मरीज द्वारा खुद टोल प्लाजा का मैनेजर बताया गया।

दवा लेने के बाद उसने आवास में घुसकर अभद्रता की। आरोपित द्वारा गलती स्वीकार कर ली गयी। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

## हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल, दोनों समुदायों ने मिलकर किया शरबत वितरण



**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली। हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकजुट होकर शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया तथा क्षेत्रवासियों को प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए आयोजित इस सेवा कार्य में राहगीरों, दुकानदारों एवं स्थानीय नागरिकों को शीतल शरबत वितरित किया गया। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। उपस्थित लोगों ने कहा कि समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और पारस्परिक सम्मान बनाए रखना समय की आवश्यकता है। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ-साथ विभिन्न समुदायों के बीच विश्वास और सौहार्द को भी सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम में पंकज कोटेदार, शबाब, राम सिंह, राहुल, विकास, जुनैद, शाहबाज, अनुपम, फहीम, आलीशान, शरद सहित दोनों समुदायों के अनेक गणमान्य नागरिक, युवा एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर क्षेत्र में शांति, सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हिंदू-मुस्लिम एकता देश की गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान है और आपसी भाईचारे से ही समाज एवं राष्ट्र की प्रगति संभव है।

## नवागत ईओ सुनील कुमार ने की सभासदों संग बैठक

**तिलहर - शाहजहांपुर।** चेयरपर्सन हाजरा बेगम की अध्यक्षता में नवागत ईओ सुनील कुमार ने नगर पालिका के विकास कार्यों को लेकर सभासदों के साथ बैठक की । इस दौरान सफाई निरीक्षक पर आरोपो की बौछार करते हुए एक सभासद पति ने जमकर हंगामा काटा। ईओ ने सभासद पति को सझाकर शांत किया। नगर पालिका की बजट बोर्ड बैठक न हो पाने के कारण नगर में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। इसको लेकर नवागत ईओ सुनील कुमार ने चेयरमैन की अध्यक्षता में सोमवार को सभासदों एवं समस्त पटल के अधिकारियों के साथ बैठक की। जल निगम के ठेकेदार द्वारा समय पर जर्जर सड़कों को ठीक नहीं करने पर सभासद अभिषेक सिंह ने संबंधित विभाग से कड़ाई के साथ पत्राचार करने की बात रखी। वहीं सभासद पति साजिद हुसैन सोनी ने सफाई निरीक्षक पर जनसुनवाई न करने एवं उनके वार्ड में सफाई व्यवस्था दुरुस्त न रखने का आरोप लगाते हुए बैठक में जमकर हंगामा काटा। सोनी बैठक का बहिष्कार करते हुए सभागार के बाहर निकल गए लेकिन सभासद सत्येंद्र सिंह सुशील उन्हें मना कर दोबारा बैठक में ले आए। ईओ सुनील कुमार ने उनकी समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण जल्द कराया जाएगा।

## अमेरिका से डील को लेकर भाकियू ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

- पुवायां में भाकियू चढूनी ने 'डोनाल्ड ट्रंप वापस जाओ' के नारे लगाए नारे

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** भारत अमेरिका डील को रद्द करने के लिए भाकियू चढ़ूनी गुट के कार्यकर्ताओं काली पट्टी बांधकर सड़को पर उतरे। जिसका बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने उन्हें नगर में नही प्रदर्शन करने दिया। कार्यकर्त्ताओ का कहना है कि इस डील से किसानों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा। अगर डील वापस नही हुई तो पूरे भारत के किसान धरना प्रदर्शन करेंगे। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में भारत अमेरिका डील को लेकर काली पट्टी बांधकर डाक बंग्ला से विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली निकालकर




नगर में भ्रमण करने के लिए निकले। जिसके बाद जिसकी सूचना पुलिस को हुई तो उन्होंने नाहिल मोड़ के पास कार्यकर्ताओं को वापस लौटने के लिए कहा बाद में कार्यकर्ताओं वापस डाक बंग्ला लौट आए। जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव ने बताया कि भारत अमेरिका के इस डील से भारत के किसानों के लिए संकट और आजीविका की अनिश्चितता पैदा करेगी। जिसकी मुख्य चिंता यह कि है कि यदि सब्सिडी वाले अमेरिका कृषि और डेयरी उत्पादन बिना टैरिफ के भारतीय बाजार में आते है, तो स्थानीय बाजार प्रभावित होंगे, डील से उत्पन्न होने बाली प्रमुख समस्याओं में सस्ते विदेशी उत्पादनों की बाढ़, छोटे किसानों पर सीधा असर, डेयरी ओर पशुपालन पर खतरा इसके साथ बाजार पर भी बहुत बड़ा असर पड़ेगा। कार्यकर्ताओ का कहना है कि इस डील से मौजूदा कृषि समस्याएं ओर बढ़ेगी। इसलिए समझौते को रद्द किया जाना चाहिए। प्रदर्शन करने बालों में मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गिल, जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव, तहसील अध्यक्ष संजय मिश्रा, जिला प्रभारी रमाकांत यादव, हरिपाल, परमजीत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लखनऊ अग्निकांड में मृतकों को रेड क्रॉस ने दी श्रद्धांजलि

- फर्स्ट एड व आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण पर दिया जोर



**शाहजहांपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की एक आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में लखनऊ के एक आवासीय क्षेत्र स्थित तीन मंजिला आवासीय-व्यावसायिक भवन में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतकों की आयु 21 से 30 वर्ष के बीच थी तथा अधिकांश मौतें दम घुटने के कारण हुईं। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस दुखद घटना के उपरांत राहत एवं सहायता कार्यों में तत्परता दिखाते हुए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश सभापति एवं उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक तथा माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और तुरंत राहत कार्य प्रारंभ कराए गए। रेडक्रॉस की जनपदीय बैठक में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवं उपमुख्यमंत्री सह सभापति इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश के मानवीय प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि ऐसी घटनाएँ फर्स्ट एड एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण की आवश्यकता को और अधिक महत्वपूर्ण बनाती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों, महाविद्यालयों, औद्योगिक इकाइयों, सरकारी कार्यालयों, सामाजिक संस्थाओं तथा सार्वजनिक परिवहन से जुड़े कर्मियों को प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाना समय की आवश्यकता है।

डॉ. जौहरी ने बताया कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी वर्षों से फर्स्ट एड एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रही है। उन्होंने जिला प्रशासन, अग्निशमन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संस्थानों से अनुरोध किया कि अधिकाधिक लोगों को रेड क्रॉस के माध्यम से प्रशिक्षित कराया जाए, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में जनहानि को कम किया जा सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस संबंध में जिलाधिकारी एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर व्यापक प्रशिक्षण अभियान चलाने का अनुरोध किया जाएगा।

## सहयोग संस्था ने दिखाई मानवता अग्निपीड़ित परिवार को दी सहायता सामग्री



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के आग्रह पर सहयोग संस्था ने अग्निकांड से प्रभावित एक जरूरतमंद परिवार की मदद कर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। विकलांग जन कल्याण समिति महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती मीनू मिश्रा के आवास पर आग लगने से घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया था, जिससे परिवार को आर्थिक व सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

इसी क्रम में सहयोग संस्था के संस्थापक शहनवाज खान एडवोकेट एवं संस्थापक अनिल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में संस्था के पदाधिकारियों ने कच्चा कटरा स्थित कार्यालय में श्रीमती मीनू मिश्रा को एक बक्सा एवं सीलिंग फैन भेंट कर सहायता प्रदान की। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने सहयोग संस्था की सराहना करते हुए कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ही सच्ची सामाजिक सेवा है। उन्होंने संस्था एवं उसके पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विकास सक्सेना, स्तुति गुप्ता, हरजीत सिंह सहित संस्था के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## त्योहारों पर शांति व्यवस्था के लिए पुलिस अलर्ट एएसपी ने किया जुलूस मार्ग का निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।** आगामी त्योहारों को सकुशल और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद पुलिस ने कमर कस ली है। इसी क्रम में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भावरें ने भारी पुलिस बल के साथ थाना जलालाबाद क्षेत्र के प्रस्तावित जुलूस मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। ?निरीक्षण के दौरान उन्होंने संवेदनशील स्थानों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों और यातायात व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मातहतों को निर्देशित किया कि त्योहारों के मद्देनजर सभी सुरक्षा इंतजाम समय रहते पूरे कर लिए जाएं और संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाए। साथ ही, ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को निरंतर भ्रमणशील रहने और किसी भी अप्रिय स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और जुलूस संयोजकों से संवाद कर भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। पुलिस ने जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने और सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं साझा न करने का आग्रह किया है।

वही इस दौरान क्षेत्राधिकारी जलालाबाद ज्योति यादव, थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह चौहान क्राइम इंस्पेक्टर रवि शंकर यादव, सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## जनसमस्याओं और मतदाता सूची की गड़बड़ियों को लेकर सपा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में मंगलवार को पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात कर जनपद की विभिन्न समस्याओं तथा मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ककरा खुर्द में बिजली के खंभे लगवाने, तारीन जलाल नगर में अधूरे पड़े नालों का निर्माण पूरा कराने तथा जनपद की छह विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों में सुधार की मांग की गई।इस दौरान तनवीर खान ने कहा कि जनपद की जनता सड़क, बिजली,



पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, किसानों की समस्याओं, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों से जूझ रही है, लेकिन सरकार इन समस्याओं के समाधान में विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों में पात्र मतदाताओं के नाम कटना, मृतकों के नाम बने रहना और अन्य अनियमितताएं लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित कर रही हैं।सपा नेताओं ने प्रशासन एवं निर्वाचन आयोग से जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान कराने और मतदाता सूची की निष्पक्ष जांच कर सभी त्रुटियों को दूर करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, जीवेन्द्र कुमार बाजपेई, शाहाब खान, जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि शाहनवाज सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारत-अमेरिका कृषि समझौते के खिलाफ किसान एकता संघ का बिगुल, राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।** किसान एकता संघ ने भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय कृषि समझौते के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने कलान के उपजिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर इस ट्रेड डील को तत्काल रद्द करने की मांग की है। किसानों का तर्क है कि यह समझौता आम जनता और देश के कृषि हितों के लिए बेहद हानिकारक है। इस ज्ञापन के माध्यम से संघ ने छह सूत्रीय मांगें रखी हैं, जिनमें न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) को कानूनी दर्जा देना, बिजली अधिनियम 2025 तथा बीज अधिनियम 2025



को तत्काल प्रभाव से निरस्त करना शामिल है। इसके अलावा, किसानों ने संपूर्ण कर्ज माफी और यूरिया व डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी पुरजोर मांग की है। संगठन ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो किसान अपने अधिकारों की रक्षा के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। हालांकि इस दौरान जिलाध्यक्ष रनवीर सिंह, भूपेंद्र सिंह,सुभाष दीक्षित, हरि ओम, जितेंद्र सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हनुमान भक्तों ने आयोजित किए भंडारे व शरबत वितरण, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

समृद्धि न्यूज़

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** ज्येष्ठ माह के मंगलवार के अवसर पर नगर में हनुमान भक्तों द्वारा श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारे एवं शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, नगरवासियों और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

नगर के मुख्य चौराहे पर हिंदू संगठन के पदाधिकारियों द्वारा शरबत वितरण किया गया, वहीं मेन बाजार में आकाश रस्तोगी के प्रतिष्ठान पर भी श्रद्धालुओं और राहगीरों को शीतल शरबत पिलाया गया। इसके अलावा ठाकुरद्वारा सहित बाजार के कई स्थानों पर पूड़ी-सब्जी के भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया गया।

भंडारा देर शाम तक लगातार चलता रहा। आयोजन स्थलों पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और लोगों ने



उत्साहपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। राहगीरों ने भी सेवा कार्य की सराहना करते हुए आयोजकों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में अनेक सेवादारों और हनुमान भक्तों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी ने व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करते हुए श्रद्धालुओं की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजकों ने इसे धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज सेवा का भी माध्यम बताया।

## भयावह जलवायु संकट

ब्राजील के बेलेम में संपन्न कॉप–30 सम्मेलन में जारी 'जलवायु जोखिम सूचकांक–2026' रिपोर्ट में उल्लेखित आंकड़े भारत से जुड़ी जलवायु संकट की भयावह तस्वीर दिखाते हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत दुनिया में जलवायु आपदाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित पहले दस देशों में शामिल हैं। यह डराने वाली रिपोर्ट बताती है कि पिछले तीन दशक में भारत में आई जलवायु संकट से जुड़ी आपदाओं में करीब अस्सी हजार लोगों को मौत का ग्रास बनना पड़ा। इतना ही नहीं करीब 170 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान भी देश को उठाना पड़ा है। ये आंकड़े जलवायु संकट के देश पर पड़ने वाले घातक प्रभावों की तस्वीर उकेरते हैं। जो बताते हैं कि इस संकट से उबरने के प्रयासों में और तेजी लाने की जरूरत है। निश्चित तौर पर इस दिशा में यदि युद्ध स्तरीय प्रयास तेज नहीं किए जाते तो भविष्य में परिणाम और घातक हो सकते हैं। ये प्रयास केवल सरकारी स्तर पर ही नहीं, सामाजिक स्तर पर भी तेज करने की जरूरत है। जागरूकता अभियानों में भी तेजी लाने की जरूरत है। इस संकट ने फसलों पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव से हमारी खाद्य श्रृंखला पर भी संकट मंडरा सकता है। हमें 140 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश का पेट भरने के लिये इस दिशा में शोध–अनुसंधान के साथ व्यापक किसान जागरूकता कार्यक्रम भी चलाने की जरूरत है। दरअसल, जलवायु संकट के चलते देश में जो ज्यादा नुकसान हुआ है, उसके पीछे लगातार आ रहे चक्रवात, कुछ इलाकों में सूखे और बाढ़ की लगातार पैदा होती स्थितियां हैं। जाहिर इसके मूल में तेजी से बढ़ता वातावरण का तापमान ही है। जिसका मुख्य कारक ग्लोबल वार्मिंग ही है। निश्चित रूप से भारत में जलवायु संकट की स्थिति लगातार विकट होती जा रही है। निर्विवाद रूप से देश के सामने पैदा मौसमी आपदाओं से हमारे विकास में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। जो जीविका संकट भी पैदा कर रहा है। दरअसल, बेलेम में संपन्न कॉप–30 सम्मेलन में जारी की गई 'जलवायु जोखिम सूचकांक–2026' रिपोर्ट उन संकटपूर्ण स्थितियों का भी खुलासा करती है जो जलवायु संकट के कारण पैदा हो रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि पिछले वर्ष भारी बारिश व विनाशक रूप में आई बाढ़ से देश में करीब अस्सी लाख लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसमें दो राय नहीं कि भारत सरकार ने जलवायु संकट से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के समक्ष अपनी प्रतिबद्धता बार–बार जतायी है। इस संकट से उबरने के लिये नवीकरणीय ऊर्जा के विकल्प को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाने का प्रयास भी किया है। देश में कार्बन उत्सर्जन को कम करने में नवीकरणीय ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। देश वनों का दायरा को भी बढ़ाने की जरूरत है। विकास देश की प्राथमिकता है, लेकिन यह विकास वनों के विनाश की कीमत पर नहीं होना चाहिए। साथ ही इस दिशा में जो भी कदम उठाये जाएं उनका प्रभाव जमीनी स्तर पर कितना हो रहा है, इस बात का लगातार मूल्यांकन भी जरूरी है। साथ ही रीति–नीतियों को प्रभावी तरीकों से अमलीजामा पहनाने की जरूरत होगी। जिसके लिये लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाइयों ग्राम पंचायत से लेकर शहरी निकायों को भी शामिल करने की जरूरत होगी। दरअसल, जलवायु परिवर्तन से उपजा संकट केवल भारत की ही चुनौती नहीं है। यह एक वैश्विक संकट है। जो इस बात से पता चलता है कि पिछले तीन दशकों में नौ हजार से अधिक मौसमी आपदाओं ने पूरी दुनिया में आठ लाख से अधिक लोगों को असमय काल का ग्रास बनाया है। लेकिन इस संकट की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि इसकी सबसे बड़ी कीमत वे विकासशील व गरीब देश चुका रहे हैं, जिनकी वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में सबसे कम भूमिका रही है। दुर्भाग्य से विकासशील देश जहां इन संकटों की दृष्टि से जहां ज्यादा संवेनशील हैं, वहीं इससे मुकाबले के लिये उनके संसाधन सीमित हैं। उनके प्रतिरोध की क्षमता सीमित है। जिन्हें तत्काल व्यापक वित्तीय सहायता की जरूरत है। ऐसे में विकसित देशों का नैतिक दायित्व बनता है कि उनका सहयोग सिर्फ विकासशील देशों को वित्तीय व तकनीकी सहयोग तक सीमित न रहे। साथ ही वे अपने कार्बन उत्सर्जन में भी कमी लाएं।

# मादक पदार्थों का नशा - मस्तिष्क को अनियंत्रित करने वाला घातक जहर



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

*आज समाज में कई ऐसी घटनाएँ देखने को मिलती है, जहाँ नशे की हालत में लोग गंभीर अपराध कर बैठते हैं। ऐसी घटनाएँ यह स्पष्ट करती हैं कि नशा व्यक्ति की निर्णय क्षमता को किस हद तक प्रभावित कर सकता हैं। इसलिए केवल अपराधी को दोषी ठहराना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन सामाजिक परिस्थितियों और लापरवाहियों पर भी विचार करना आवश्यक है, जो ऐसी घटनाओं को जन्म देती हैं। सरकारी आँकड़ों के अनुसार देश में नशे की शुरुआत की औसत आयु लगभग 12 से 13 वर्ष है, जो अत्यंत चिंताजनक तथ्य हैं। करोड़ों लोग शराब, गांजा, चरस, ओपिओइड्स तथा अन्य नशीले पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। विश्व स्तर पर भी नशीली दवाओं के उपयोग में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही हैं। अवैध मादक पदार्थों का उत्पादन और तस्करी संगठित अपराध को बढ़ावा दे रही है तथा अनेक देशों के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। इस समस्या से निपटने के लिए अत्यधिक कड़े कानून की आवश्यकता हैं। नशे की गिरफ्त में आए लोगों को उपचार, पुनर्वास और भावनात्मक सहयोग की भी आवश्यकता होती हैं। तनाव, अकेलापन, चिंता, सामाजिक दबाव और भावनात्मक अस्थिरता जैसे कारण भी युवाओं को नशे की ओर धकेलते हैं। इसलिए उन्हें सकारात्मक जीवन मूल्यों, स्वस्थ जीवनशैली, आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती की दिशा में मार्गदर्शन देना आवश्यक हैं। देशभर में नशा मुक्ति केंद्र, पुनर्वास केंद्र और सहायता सेवाएँ उपलब्ध हैं। नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हेल्पलाइन नंबर 14446 भी संचालित किया है, जहाँ सहायता प्राप्त की जा सकती हैं। जीवन अनमोल है और इसे नशे जैसी विनाशकारी आदतों में बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। यदि हम स्वयं जागरूक बनें और दूसरों को भी जागरूक करें, तो नशामुक्त समाज और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। नशा जीवन में सुख, सफलता और सम्मान नहीं लाता, बल्कि धीरे–धीरे व्यक्ति, परिवार और समाज को विनाश की ओर ले जाता हैं। इसलिए हमें संकल्प लेना चाहिए कि स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इससे बचाने का प्रयास करेंगे। यही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की सबसे मजबूत नींव हैं।*

समस्त जीव-जगत में मनुष्य को सबसे बुद्धिमान प्राणी माना जाता है और इसका प्रमुख कारण उसका विकसित मस्तिष्क हैं। मानव शरीर की प्रत्येक गतिविधि, निर्णय और व्यवहार का संचालन मस्तिष्क द्वारा ही किया जाता हैं। यदि मस्तिष्क सही ढंग से कार्य न करे तो मनुष्य का अस्तित्व मात्र एक जिंदा लाश तक सीमित रह जाता हैं। दुर्भाग्यवश, नशा सबसे पहले और सबसे अधिक इसी मस्तिष्क पर आघात करता है। मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को प्रभावित कर देता है, जिससे वह सही और गलत के बीच का अंतर समझने में असमर्थ हो जाता हैं। नशे की स्थिति में व्यक्ति का अपने व्यवहार और भावनाओं पर नियंत्रण कम हो जाता हैं। यही कारण है कि अनेक अपराधों के पीछे नशे की महत्वपूर्ण भूमिका देखी जाती हैं। नशे की लत पूरी करने के लिए लोग चोरी, लूट, हिंसा और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों का सहारा लेते हैं। आर्थिक तंगी बढ़ने पर कई बार स्थिति इतनी भयावह हो जाती है कि व्यक्ति अपने ही परिवार के सदस्यों के साथ हिंसक व्यवहार करने लगता हैं। समाचारों में अक्सर ऐसी घटनाएँ सामने आती हैं, जहाँ नशे की लत के कारण परिवार टूट जाते हैं और निर्दोष लोगों की जान तक चली जाती हैं। नशा केवल मस्तिष्क को ही नहीं, बल्कि शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अंगों को भी धीरे-धीरे नुकसान पहुँचाता हैं। इसका परिणाम अनेक गंभीर और महंगी बीमारियों के रूप में सामने आता है, जो अंततः असमय मृत्यु का कारण बन सकती हैं। इसलिए नशा किसी भी रूप में मनोरंजन या राहत का साधन नहीं, बल्कि धीरे-धीरे जीवन को नष्ट करने वाला जहर हैं।

भारत सरकार का सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय प्रत्येक वर्ष नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चलाता हैं। वर्ष 2026 में 17 जून से 26 जून तक 'नशा मुक्त सप्ताह' मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत देशभर में विविध जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस वर्ष की थीम है– वैश्विक स्तर पर ड्रग समस्या : इससे उत्पन्न चुनौतियाँ और उनके नए समाधान। यह विषय इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज नशीले पदार्थों की उपलब्धता और पहुँच पहले की तुलना में कहीं अधिक बढ़ गई हैं। छोटे बच्चों से लेकर युवाओं और वृद्धों तक, हर आयु वर्ग के लोग किसी न किसी रूप में इस समस्या की चपेट में आ रहे हैं।

हाल ही में समाचारों में प्रकाशित जानकारी के अनुसार नागपुर में पांच महीनों के भीतर पांच करोड़ रुपये मूल्य की नशीली सामग्री जब्त की गई। यदि एक शहर की यह स्थिति है, तो पूरे राज्य और देश में मादक पदार्थों की तस्करी का वास्तविक स्वरूप कितना व्यापक होगा, इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता हैं। यह स्थिति केवल कानून-व्यवस्था की चुनौती नहीं है, बल्कि राष्ट्र के भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा है। देश का युवा वर्ग किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति माना जाता हैं। यदि यही युवा नशे की गिरफ्त में आ जाए तो समाज और देश दोनों का विकास प्रभावित होता हैं। पहले के समय में कुछ लोग यह मानते थे कि नशा थकान दूर करता है या मानसिक तनाव कम करता हैं। सीमित शिक्षा और मनोरंजन के साधनों के कारण ऐसी धारणाएँ प्रचलित थीं। किंतु आज, जब शिक्षा, तकनीक और जागरूकता के अनेक साधन उपलब्ध हैं, तब भी बड़ी संख्या में युवा नशे को आधुनिकता, मौज-मस्ती या सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़कर देख रहे हैं। यह प्रवृत्ति अत्यंत चिंताजनक हैं।

जब परिवार का कोई एक सदस्य भी नशे का आदी हो जाता है, तो उसके दुष्परिणाम पूरे परिवार को भुगतने पड़ते हैं। परिवार आर्थिक संकट, मानसिक तनाव, सामाजिक अपमान और भावनात्मक पीड़ा का सामना करता हैं। नशे की लत व्यक्ति को धीरे-धीरे उसकी जिम्मेदारियों से दूर कर देती हैं। वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असफल होने लगता है और परिवार के अन्य सदस्य स्वयं को असुरक्षित तथा असहाय महसूस करते हैं। यदि परिवार का मुखिया ही नशे का शिकार हो जाए, तो पूरे परिवार का भविष्य संकट में पड़ता हैं। नशा केवल व्यक्तिगत या पारिवारिक समस्या नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय विकास में भी बड़ी बाधा हैं। इससे अपराध, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, गरीबी और सामाजिक अस्थिरता जैसी अनेक समस्याएँ बढ़ती हैं। जिन देशों में नशीले पदार्थों का व्यापार बड़े पैमाने पर फैला है, वहाँ सामाजिक और आर्थिक विकास गंभीर रूप से प्रभावित हुआ हैं। इसलिए नशे के विरुद्ध संघर्ष केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी हैं। बच्चों और किशोरों को नशे से दूर रखने में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। केवल बच्चों की इच्छाएँ पूरी करना या उन्हें भौतिक सुविधाएँ उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं हैं। अभिभावकों को यह जानना चाहिए कि उनके बच्चे किन लोगों के संपर्क में हैं, कहाँ समय बिताते हैं और किन गतिविधियों में शामिल रहते हैं। बच्चों के व्यवहार में होने वाले परिवर्तनों को समझना और समय रहते उचित मार्गदर्शन देना आवश्यक हैं। परिवार में ऐसा वातावरण होना चाहिए जहाँ बच्चे बिना किसी डर के अपने विचार और समस्याएँ साझा कर सकें। यदि माता-पिता बच्चों के मित्र बनकर संवाद स्थापित करें, तो बच्चों को गलत रास्ते पर जाने से रोका जा सकता हैं। बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है, इसलिए उनके संस्कार, नैतिक शिक्षा और जीवन मूल्यों पर विशेष ध्यान देना आवश्यक हैं।

आज समाज में कई ऐसी घटनाएँ देखने को मिलती है, जहाँ नशे की हालत में लोग गंभीर अपराध कर बैठते हैं। ऐसी घटनाएँ यह स्पष्ट करती हैं कि नशा व्यक्ति की निर्णय क्षमता को किस हद तक प्रभावित कर सकता हैं। इसलिए केवल अपराधी को दोषी ठहराना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन सामाजिक परिस्थितियों और लापरवाहियों पर भी विचार करना आवश्यक है, जो ऐसी घटनाओं को जन्म देती हैं। सरकारी आँकड़ों के अनुसार देश में नशे की शुरुआत की औसत आयु लगभग 12 से 13 वर्ष है, जो अत्यंत चिंताजनक तथ्य हैं। करोड़ों लोग शराब, गांजा, चरस, ओपिओइड्स तथा अन्य नशीले पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। विश्व स्तर पर भी नशीली दवाओं के उपयोग में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही हैं। अवैध मादक पदार्थों का उत्पादन और तस्करी संगठित अपराध को बढ़ावा दे रही है तथा अनेक देशों के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं।

इस समस्या से निपटने के लिए अत्यधिक कड़े कानून की आवश्यकता हैं। नशे की गिरफ्त में आए लोगों को उपचार, पुनर्वास और भावनात्मक सहयोग की भी आवश्यकता होती हैं। तनाव, अकेलापन, चिंता, सामाजिक दबाव और भावनात्मक अस्थिरता जैसे कारण भी युवाओं को नशे की ओर धकेलते हैं। इसलिए उन्हें सकारात्मक जीवन मूल्यों, स्वस्थ जीवनशैली, आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती की दिशा में मार्गदर्शन देना आवश्यक हैं। देशभर में नशा मुक्ति केंद्र, पुनर्वास केंद्र और सहायता सेवाएँ उपलब्ध हैं। नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हेल्पलाइन नंबर 14446 भी संचालित किया है, जहाँ सहायता प्राप्त की जा सकती हैं।

जीवन अनमोल है और इसे नशे जैसी विनाशकारी आदतों में बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। यदि हम स्वयं जागरूक बनें और दूसरों को भी जागरूक करें, तो नशामुक्त समाज और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। नशा जीवन में सुख, सफलता और सम्मान नहीं लाता, बल्कि धीरे-धीरे व्यक्ति, परिवार और समाज को विनाश की ओर ले जाता हैं। इसलिए हमें संकल्प लेना चाहिए कि स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इससे बचाने का प्रयास करेंगे। यही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की सबसे मजबूत नींव हैं।



विचार

# वहां नेता बदलता है, यहां पार्टी टूट जाती है



अजय कुमार

लोकतंत्र में एक कुर्सी की कीमत क्या है? यह सवाल अक्सर धूल–धूसरित बहसों में खो जाता है, लेकिन ब्रिटेन की राजनीति ने आज एक ऐसा उदाहरण पेश किया है जो दुनिया भर के सत्ताधारियों को आईना दिखा रहा है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का इस्तीफा महज एक राजनीतिक घटना नहीं है, बल्कि यह उस संसदीय संस्कृति की परिणति है जहाँ व्यक्ति से बड़ी उसकी पार्टी और पार्टी से बड़ा जनता का भरोसा होता है। जब स्टार्मर ने यह कहा कि उनकी पार्टी उनसे यह सवाल कर रही है कि क्या वे अगले चुनाव में नेतृत्व के लिए सबसे सक्षम हैं और वे इसे पूरी गरिमा के साथ स्वीकार करते हैं, तो उन्होंने सिर्फ पद नहीं छोड़ा, बल्कि यह साबित कर दिया कि लोकतंत्र में सत्ता का हस्तांतरण केवल चुनाव की बैलेट पेटियों तक सीमित नहीं होता। गौर करने वाली बात यह है कि जुलाई 2024 में स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी ने 412 सीटों का जो प्रचंड बहुमत हासिल किया था, वह ऐतिहासिक था। उन्होंने कंजर्वेटिव पार्टी के 14 साल के वर्चस्व को ध्वस्त किया था। लेकिन महज दो साल के भीतर, जून 2026 में, वही कीर स्टार्मर अपनी ही पार्टी के करीब 100 सांसदों के दबाव के आगे झुकने को मजबूर हो गए। यह घटनाक्रम हमें उन तमाम पुराने और नए राजनीतिक समीकरणों को जोड़ने पर मजबूर करता है, जो ब्रिटेन और भारत की संसदीय प्रणाली के बीच की गहरी लकीरों को स्पष्ट करते हैं।

ब्रिटेन के इस घटनाक्रम को समझने के लिए हमें उस व्यवस्था की नब्ज देखनी होगी जो वहां पिछले एक दशक से लगातार करवट ले रही है। डेविड कैमरन से लेकर थेरेसा मे, बोरिस जॉनसन, लिज ट्रस और ऋषि सुनक तक, ब्रिटेन की राजनीति में पिछले दस वर्षों में छह प्रधानमंत्री ऐसे रहे जिन्होंने अपना कार्यकाल पूरा करने से पहले ही इस्तीफा दे दिया। यह स्थिरता की कमी नहीं, बल्कि जवाबदेही की एक बेहद कड़वी और अनिवार्य प्रक्रिया है। वहां का सिस्टम एक स्पष्ट संदेश देता है प्रधानमंत्री पद कोई स्थायी जागीर नहीं है। यदि आप महत्वपूर्ण विधायी बिल पास नहीं करा पा रहे हैं या आपकी अपनी ही पार्टी में आपके नेतृत्व को लेकर अविश्वास पैदा हो गया है, तो लोकप्रियता के शिखर पर होने के बावजूद आपका टिके रहना असंभव हो जाता है। कीर स्टार्मर के मामले में भी यही हुआ। चुनाव जीतने के बाद अर्थव्यवस्था का दबाव, एनएचएस की लचर स्थिति और अवैध प्रवासन जैसे मुद्दों ने उनकी छवि को धूमिल किया। जब एंडी बर्नहम की बाई–इलेक्शन में जीत ने पार्टी के भीतर नेतृत्व के लिए एक नया विकल्प पेश किया, तो सांसदों ने बिना किसी संकोच के स्टार्मर के सामने सवाल खड़े किए। ब्रिटेन में इसे गद्दारी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया माना जाता है। वहां वोटर पार्टी को नहीं, बल्कि अपने क्षेत्र के सांसद को वोट देते हैं, इसलिए सांसद अपनी अंतरात्मा और अपने क्षेत्र की जनता के प्रति जवाबदेह होता है। वहां का कोई दल–बदल कानून ऐसा नहीं है जो सांसद को अपनी बात कहने से रोक सके। व्हिप का उल्लंघन हो सकता है, लेकिन पार्टी छोड़ने पर सदस्यता खत्म होने का डर वहां की संस्कृति में नहीं है।

अब जरा इस परिदृश्य को भारत की संसदीय व्यवस्था के चश्मे से देखिए, जहाँ तस्वीर पूरी तरह उलट है। भारत में 1985 का दल–बदल कानून (10वीं अनुसूची) आज एक ऐसी दीवार बन चुका है जिसने पार्टी हाई–कमांड को बेलगाम शक्तियां दे दी हैं। इस कानून का उद्देश्य तो दल–बदल की अराजकता को रोकना था, लेकिन व्यवहार में इसने असहमति की हर आवाज को बागी या गद्दार का तमगा दे दिया है। भारत में यदि कोई सांसद या विधायक अपनी पार्टी की लाइन से जरा भी असहमत होता है, तो उसे निष्कासन का सामना करना पड़ता है। नतीजा यह होता है कि पार्टी के भीतर लोकतांत्रिक बहस खत्म हो जाती है और असंतोष एक अंदरूनी विस्फोट का रूप ले लेता है, जैसा हमने शिवसेना और तृणमूल कांग्रेस के मामलों में देखा। शिवसेना में 2022 में जो हुआ, वह एक स्वस्थ संवाद की कमी का ही परिणाम था। यदि पार्टी के भीतर नेतृत्व परिवर्तन के लिए ब्रिटेन जैसा खुला मंच होता, तो शायद पूरी पार्टी का विभाजन नहीं होता। इसी तरह पश्चिम बंगाल में टीएमसी के भीतर बढ़ता असंतोष भी यह बताता है कि जब सत्ता का केंद्र एक परिवार या एक व्यक्ति के इर्द–गिर्द सिमट जाता है, तो वहां सवाल पूछने वालों के लिए कोई जगह नहीं बचती। भारत में पार्टियां अक्सर प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों की तरह काम करती हैं, जहां असहमति का मतलब ही बाहर का रास्ता होता है।

ब्रिटेन में नेतृत्व का चयन सांसदों और पार्टी सदस्यों के वोट के जरिए होता है, जहाँ विश्वास मत के जरिए विवादों को सुलझाया जाता है। नेता को आलोचना का सामना करना पड़ता है, लेकिन उसे कभी विद्रोही नहीं कहा जाता। वहीं, भारत में कई क्षेत्रीय दल परिवार–केंद्रित हैं। वहां नेता ही संस्था है। ब्रिटेन में नेता बदल जाता है ताकि पार्टी बची रहे, जबकि भारत में कई बार पार्टी टूट जाती है ताकि नेता की कुर्सी बची रहे। यह विरोधाभास आज की राजनीति का सबसे कड़वा सच है। कीर स्टार्मर का इस्तीफा हमें सिखाता है कि जब कोई नेता जनता की अपेक्षाओं और पार्टी के विश्वास पर खरा नहीं उतरता, तो उसे हट जाना चाहिए। स्टार्मर ने 412 सांसदों के बहुमत के बाद भी इस्तीफा दिया क्योंकि वे जानते थे कि कुर्सी से चिपके रहने की कीमत अंततः पार्टी और देश को चुकानी पड़ेगी। जब हम इन तमाम कड़ियों को जोड़ते हैं, तो पाते हैं कि ब्रिटेन का मॉडल भले ही अस्थिरता का संकेत देता हो, लेकिन वह जवाबदेही की एक ऐसी मिसाल है जो लोकतंत्र की असली आत्मा को जीवित रखती है। इसके विपरीत भारत की व्यवस्था स्थिरता तो देती है, लेकिन वह आंतरिक लोकतंत्र को खोखला कर रही है। भारत में आज जरूरत इस बात की है कि पार्टियों के भीतर भी एक ऐसा वातावरण तैयार किया जाए जहाँ सक्षम नेतृत्व के सवाल को विद्रोह नहीं, बल्कि आत्म–मंथन माना जाए। राजनीति में जवाबदेही और बहस की खुली संस्कृति ही वह एकमात्र रास्ता है जिससे कोई भी लोकतंत्र अपनी जड़ें गहरी कर सकता है। स्टार्मर का यह इस्तीफा आधुनिक संसदीय इतिहास में एक ऐसे मोड़ की तरह याद रखा जाएगा, जहां एक नेता ने सत्ता के गलियारों से बाहर निकलकर यह स्वीकार किया कि लोकतंत्र कुर्सी पर नहीं, बल्कि लोगों के भरोसे पर टिका होता है। आने वाले समय में भारत के राजनीतिक दलों को यह तय करना होगा कि क्या वे पार्टी–प्रधान व्यवस्था में खुद को सीमित रखेंगे या फिर लोकतंत्र–प्रधान बनकर अपने भीतर के असंतोष को एक नई ऊर्जा में बदलेंगे। अंततः, चुनाव जीतना ही आखिरी मंजिल नहीं है, बल्कि उस जीत के बाद हर पल साबित करना कि आप सेवा करने के लिए सबसे सक्षम हैं, यही असली नेतृत्व है। जिस दिन यह अहसास हमारे राजनीतिक गलियारों में घर कर लेगा, उस दिन शायद बागी और गद्दार जैसे शब्दों की जगह संवाद और सुधार ले लेंगे।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

साहित्य



## अग्नि–विपदा में घर के चिराग...!

**संजय एम तराणेकर**

जलते सपनों की चीख थी, धुएँ से भरा आसमान,
ज्ञान की उस चौखट पर, बिखर गए सब अरमान।
किताबों के संग बैठे थे, यूं आँखों में उजियारा था,
पलभर में ही आग बनी, जीवन का अंधियारा था।

कोचिंग की उन दीवारों ने, यह कैसी पीड़ा देखी है,
माँ की सूनी आँखों में, यहाँ कैसी रातें लिख दी हैं।
कल तक जो थे घर की आशा, आज बन गईं यादें,
बुझ गईं कई दीपक–सी आँखें, रो रहीं अब माताएं।

न कोई धर्म, न कोई जात यहाँ, सभी के आँसू एक,
यहाँ मानवता के घाव बड़े हैं, दर्द सभी का हैं नेक।
सुरक्षा की हर एक कमी पे अब, गंभीर हैं प्रश्न उठे,
क्यों? सपनों की गलियों में, ऐसे अग्नि–विपदा घटे?

हे! प्रभु, उन नन्हें प्राणों को शांति का वरदान मिले,
शोकाकुल परिवारों को साहस और सम्मान मिले।
फिर से ऐसी त्रासदियाँ इस धरती पे कभी न आएँ,
ज्ञान के मंदिर सुरक्षित हों, बच्चे हँसते–खेलते जाएँ।

*(संदर्भ – लखनऊ का अग्निकांड बना लाक्षागृह।)*



## राशिफल

**मेषः–** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्तवपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभः–** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः–** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः–** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः–** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः–** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः–** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है।

**वृश्चिकः–** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनुः–** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः–** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः–** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः–** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी।

# आयात निर्भरता होगी कम, 100 उत्पाद किये जाएंगे चिन्हित

*डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा*

आयात निर्भरता कम करने की दिशा में भारत सरकार ने ठोस कदम उठाने शुरु कर दिए हैं। देश में आयात में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है तो इलेक्ट्रोनिक उत्पादों का आयात 100 अरब डॉलर के आंकड़े को भी पहली बार पार कर गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र प्रथम, मेड इन इण्डिया और वोकल फॉर लोकल को धरातल पर उतारने को कटिबद्ध हैं। पिछले दिनों देश में 100 सर्वाधिक आयात होने वाले उत्पादों को चिन्हित कर उनका देश में ही उत्पादन बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास शुरु किये गये हैं। उद्योग एवं व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन कर 3 सप्ताह में सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। इसके लिए 6 क्षेत्र विशेष कार्य समूह का गठन किया गया है। कमेटी द्वारा एक मोटे अनुमान के अनुसर 500 आयात होने वाले प्रमुख उत्पादों का अध्ययन किया जाएगा और इनमें से पहले चरण में 100 उत्पादों का चयन किया जाएगा। इन 100 उत्पादों का उत्पादन देश में ही बढ़ाया जाएगा ताकि विदेशों से आयात पर निर्भरता कम हो सके।

देश में 2025-26 में 7.5 प्रतिशत ग्रोथ के साथ 775 अरब अमेरिकी डॉलर के उत्पाद आयात हुए हैं। इनमें भी 18 प्रतिशत की विकास दर के साथ सर्वाधिक 116 अरब डॉलर के इलेक्ट्रोनिक उत्पाद आयात किये गये हैं। देश में प्रमुखतः 6 क्षेत्रों में आयात हो रहा है। इनमें फार्मास्यूटिकल, बायोटेक, मेडिकल क्षेत्र, रसायन और पेट्रो केमिकल, कपड़े, जूते आदि सेक्टर, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन ईवी और पूजीगत सामानों का आयात सेक्टर, उर्जा क्षेत्र, निर्माण और संरचना क्षेत्र और रक्षा, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रोनिक्स आदि सेक्टर है। यह कमेटी इन सेक्टरों के 500 प्रमुख उत्पादों में से 100 उत्पाद चिन्हित करेंगी जिनका उत्पादन देश में बढ़ाया जा सके और आयात में निर्भरता को कम किया जा सके। कमेटी ने काम आरंभ कर दिया है। सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि कमेटी को 3 सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सरकार को देने के लिए कहा गया है। इसका मतलब यह है कि सरकार सर्वाधिक आयात होने वाले 100 उत्पादों का उत्पादन देश में ही बढ़ाने के लिए संकल्पित है।

दरअसल, प्रधानमंत्री वोकल फॉर लोकल की बात हवा में नहीं करते रहे हैं। मेड इन इंडिया और इसकी ब्रॉण्डिंग की बात के पीछे आयात को कम करने और भारतीय उत्पादों की विदेशों में पहचान बनाने और बाजार विकसित करने में हैं। इसी दिशा में बढ़ता एक कदम सरकार को एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम है। भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता और पहचान रही है। आगे भी इसके ठोस प्रयास करने होंगे। दूसरी यह कि आयात का सीधा अर्थ है कि इन उत्पादों की हमारे देश में काफी मांग है और इस मांग की पूर्ति नहीं हो पर रही है और विदेशों से आयात पर निर्भरता बनी हुई है। ऐसे में योजनाबद्ध



तरीके से आयात घटाने, स्थानीय आवश्यकता की देश में ही आपूर्ति सुनिश्चित करने और निर्यात बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाने की आवश्यकता है और सरकार के इन प्रयासों में यही परिलक्षित हो रहा है।

किसी भी देश के आर्थिक स्वास्थ्य के लिए आयात पर निर्भरता कम होनी चाहिए। देश में ही उत्पादन होने लगता है तो एक और विदेशी मुद्रा की बचत होती है तो दूसरी और देश में ही रोजगार, निवेश और सरकारी राजस्व के साथ ही इकोनोमी का बूस्ट मिलता है। केन्द्र सरकार ने देश में ही उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन योजना सहित अनेक कदम उठाने जा रही है। इसे इस दृष्टि से शुभ संकेत व सरकार की गंभीरता के रुप में समझा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने देश में ही उत्पादन बढ़ाने के लिए पीएलआई यानी प्रोडक्शन लिंक्ड इंस्टेटिव योजना लागू की है। इसमें इलेक्ट्रोनिक्स, फार्मा, ऑटोमोबाइल, रसायन सहित 14 प्रमुख क्षेत्रों को प्रोडक्शन लिंक्ड इंस्टेटिव के दायरें में लाया गया है। इसके साथ ही देश में आरएण्डी सेल बनाकर शोध एवं अनुसंधान पर जोर दिया जा रहा है। इसके अलावा विदेशों से आयात कर डंपिंग पर रोक लगाने के लिए एंटीडंपिंग शुल्क लगाने के साथ ही योजनाबद्ध तरीके से मेड इन इंडिया को प्रोत्साहित किये जाने पर जोर दिया जा रहा है।

देश को आर्थिक दृष्टि से सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए आयात पर निर्भरता तो कम करनी ही होगी। आज विदेशी के नाम पर देशवासियों खासतौर से अमीर लोगों की खरीद की प्रवृति को भी बदलने की आवश्यकता है। माना जाना चाहिए कि उद्योग सचिव की कमेटी द्वारा 100 उत्पादों के चिन्हिकरण और ठोस योजना के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और सरकार द्वारा भी कमेटी की सिफारिश के अनुसार चिन्हित 100 उत्पादों के उत्पादन बढ़ाने की खासतौर से स्थानीय मांग की पूर्ति की कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करना होगा। इसके लिए आवश्यक किसी भी तरह का सहयोग की आवश्यकता हो तो सरकार को खुले दिल से आगे आना होगा। इससे सबसे बड़ा लाभ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। यहां के युवा एंटरप्रोन्योर बनेंगे, बाजार में सभावनाएं विकसित होगी और इकोनोमी को बूस्ट मिलेगा।

***(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)***

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### वृक्षारोपण कर मनाया गया बलिदान दिवस



**समृद्धि न्यूज़, कोंच(जालौन)।** भारतीय जन संघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस हर वर्ष 23 जून को मनाया जाता है। क्योंकि देश की एकता अखंडता और कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए 23 जून 1953 को उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया जाता है। इसी को लेकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिन मंगलवार को मुहल्ला पटेल नगर स्थित सागर पुलिस चौकी के प्रांगड़ में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में वृक्ष रोपण कर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया इस आयोजित कार्यक्रम को क्षेत्रीय वनाधिकारी संजीव कुमार तिवारी ने आयोजित कर मुख्य अतिथि से महोगनी आम आंवला नीम नीबू आदि वृक्षों को रोपित करवाते हुए हरित क्रांति का संदेश दिया इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बोलते हुए कहा कि डा. मुखर्जी ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक प्रखर राष्ट्रवादी शिक्षा विद और राजनेता के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और वह अखंड भारत के प्रबल समर्थक थे उन्होंने बंगाल विभाजन का विरोध किया था उन्होंने सत्ता की राजनीति से मोह भंग होने पर भारतीय जन संघ की स्थापना की यही नहीं उन्होंने अनुच्छेद 370 का विरोध करते हुए एक देश मे दो विधान दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा दिया। इसी कड़ी में अन्य बक्ताओं ने भी अपने अपने बिचार रखे। इस दौरान उप क्षेत्रीय बन अधिकारी अमित शर्मा बन दरोगा राजेश अस्थाना वर्षा सिंह बन रक्षक शिवम शर्मा रुव सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### पुराने स्कूल वाहनों पर शिकंजा, परिवहन विभाग ने दी चेतावनी

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी



(प्रशासन) सौम्या पाण्डेय ने जनपद के समस्त विद्यालय संचालकों, प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन स्कूली वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो गई है, वे तत्काल नवीनीकरण कराएं। ऐसा न करने पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ सौम्या पाण्डेय ने बताया कि परिवहन विभाग अब निर्धारित आयु सीमा मॉडल कंडीशन पूर्ण कर चुके पुराने स्कूली वाहनों पर सख्ती बरतने जा रहा है। शासन के निर्देशों के अनुसार ऐसे वाहनों का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित है। जनपद के सभी स्कूली वाहन जो मॉडल कंडीशन की समय सीमा पार कर चुके हैं, उनके परमिट तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाएंगे। विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने सभी वाहनों की जांच करें और पुराने वाहनों का संचालन तुरंत बंद कर दें। आगामी दिनों में प्रवर्तन अधिकारी विशेष अभियान चलाएंगे। यदि कोई पुराना स्कूली वाहन सड़क पर संचालित पाया गया, तो उसे सीज कर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय प्रबंधन की होगी। एआरटीओ सौम्या पाण्डेय ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### बकाया कर व किराया वसूली को पालिका ने कसी कमर, 45 दुकानदारों को नोटिस

**कालपी (जालौन)।** नगर पालिका परिषद ने गृहकर एवं दुकान किराया की



बकाया वसूली को लेकर अभियान तेज कर दिया है। लंबे समय से बकाया जमा न करने वाले बड़े देनदारों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रथम चरण में 45 ऐसे दुकानदारों को चिन्हित किया गया है, जिन पर कई वर्षों से किराया बकाया चल रहा है। मंगलवार को नगर पालिका परिषद के राजस्व निरीक्षक अजीत कुमार सिंह ने विभागीय कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक कर वसूली अभियान की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान बकायेदारों को नोटिस जारी करते हुए निर्धारित अवधि के भीतर बकाया राशि जमा कराने के निर्देश दिए गए।राजस्व निरीक्षक ने बताया कि कई दुकानदारों द्वारा चार से पांच वर्षों से दुकान किराया जमा नहीं किया गया है। ऐसे मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। चेतावनी दी गई है कि समय सीमा के भीतर भुगतान न होने पर संबंधित दुकानों को सील करने के साथ ही उनके पुनः आवंटन की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है। अभियान के दौरान कुछ व्यापारियों ने मौके पर ही बकाया राशि जमा कराकर राहत प्राप्त की, जबकि अन्य को शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका के अनुसार नगर क्षेत्र में लगभग 11,200 मकान तथा 272 पालिका स्वामित्व वाली दुकानें हैं, जिनसे प्राप्त होने वाला राजस्व नगर विकास कार्यों का प्रमुख आधार है। पालिका प्रशासन का कहना है कि राजस्व वसूली अभियान लगातार जारी रहेगा तथा बकाया कर और किराया जमा न करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान में ओमजी गौतम, रफीक खान, विनोद गौतम, कन्हैया मिश्रा, देवेश शर्मा सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद में प्रसूता की मौत आशा बहू पर लापरवाही का आरोप

**कुठौंद (जालौन)।** जनपद जालौन के कस्बा कुठौंद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में एक महिला की प्रसव के दौरान मौत हो गई। यह घटना 22 जून को लगभग 1 बजे की है, जब रंजना देवी (25), पत्नी गोलू दोहरे, निवासी इटहा-कालपी, प्रसव के लिए अस्पताल पहुंची थीं।

मिली जानकारी के अनुसार, प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला के परिजन अपने साथ ग्राम पंचायत ऊमरी-मसगांव में तैनात आशा बहू (केशमवती) को लेकर आए थे, जो इटहा के लोगों की रिश्तेदार हैं। आरोप है कि अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सों की बजाय आशा बहू ने ही प्रसव कराया और अपनी अयोग्यता का परिचय देते हुए महिला के पेट को जबरदस्ती दबाया। इससे अत्यधिक रक्तस्राव शुरू हो गया, जिसे डॉक्टर भी नियंत्रित नहीं कर पाए।

हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने दोपहर करीब 1:30 बजे महिला को उरई अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन वहां पहुंचते ही लगभग 3 बजे उसकी मौत हो गई। हालांकि, नवजात शिशु को सुरक्षित बताया जा रहा है। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना ने एक बार फिर गरीब महिलाओं के प्रसव के दौरान होने वाली मौतों पर सवाल खड़े कर दिए हैं और जिम्मेदारी तय होने की मांग उठ रही है।

# वर्षा के दृष्टिगत गौशालाओं में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें: निधि गुप्ता

- विकासपरक, लाभार्थीपरक, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण कराएं
- संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से ज्यादा से ज्यादा कृषकों को बीमित कराएं



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** विकास कार्यों एवं गौशाला की अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने विकासपरक, लाभार्थीपरक, जनकल्याणकारी योजनाओं, आकांक्षी जनपद के संकेतांको, सीएम डैस बोर्ड में गत माह विभागों की प्राप्त रैंकिंग की बिन्दुवार समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की सीएम डैस बोर्ड में बी, सी, डी रैंकिंग है, अपनी कार्ययोजना बनाकर रैंकिंग में सुधार लाये, जिन विभागों की ए रैंकिंग प्राप्त हुई है, वह अपनी रैंकिंग बनाए रखे। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के जो आवेदन प्राप्त होते है, उनका समयबद्ध निस्तारण कराकर पात्रों को लाभान्वित कराए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया आगामी माह में आयोजित होने वाले सम्भव अभियान-2.0 का सफल संचालन कराए और कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने पर विशेष ध्यान रखें, साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों में बेबी फ्रेंडली शौचालय बनना है, कि सूची संबंधित खंड विकास अधिकारियों को उपलब्ध करा। उन्होंने डीसी एनआरएलएम से कहा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ज्यादा से ज्यादा समूहों का गठन किया जाय और क्रेडिट लिंकेज भी कराया जाय। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी बनाने में तेजी लाए एवं प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों का भुगतान शेष रह गया है, का जल्द से जल्द कराना सुनिश्चित करें। जिला कृषि अधिकारी से कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कैम्प लगाकर कृषकों का बीमा कराए। तत्पश्चात जनपद में संचालित गौशालाओं में गोवंशों के भरणपोषण व अन्य व्यवस्थाओ से संबंधित विस्तृत समीक्षा कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर ले जैसे- जल निकासी, भरण पोषण स्टॉक की व्यवस्था कर ले। भरण पोषण के स्टॉक वर्षा में खराब न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं के कंट्रोल रूम (सीसीटीवी संचालन) अपने मोबाइल से अवश्य कनेक्ट रखे और इसकी निगरानी संवेदनशीलता के साथ करे एवं जो नेपियर घास की बुआई के लिए शेष रह गए है, जल्द से जल्द करा ले। मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को गाय दी जाय। उन्होंने कहा कि गौशालाओं का निरीक्षण समय-समय पर करे और रिपोर्ट से अवगत कराए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## आखिरी मंगलवार पर विशाल भंडारे का आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** शहर के पक्के तालाब के पास ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन और अनंत गार्डेन द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आने जाने वाले राजगीरों ने पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। हम आपको बता दे लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन के डायरेक्टर व वरिष्ठ भाजपा नेता विभाकर शास्त्री के पुत्र विराज शास्त्री के नेतृत्व में फतेहपुर में तमाम अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें स्वास्थ्य शिविर, आर ओ प्लांट का शुभारंभ सहित तमाम कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें बड़ी संख्या में फतेहपुर के लोगों को लाभ मिल रहा है। भंडारे में प्रमुख सहयोग डॉक्टर अमित मिश्रा नीटू, राम स्वरूप गुप्ता, गणेश प्रसाद गुप्त, सुशील गुप्त, धनंजय द्विवेदी, लाल त्रिपाठी, आलोक गुप्ता, राजेश गुप्ता, शिखर गुप्ता, सुनील दुबे, आनंद तिवारी, सतीश साहू, सीमा कक्कड़, स्मृति गुप्ता, राशि गुप्ता, आयुष सिंह, नीलांशु राय आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।



## शादी समारोह में विवाद के दौरान गोली मारकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** शादी समारोह में विवाद के दौरान गोली मारकर हत्या



करने के आरोपी राजेन्द्र तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी को पुलिस ने आत्मसमर्पण के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर आलाकत्ल एक नाली बंदूक, खोखा कारतूस और शस्त्र लाइसेंस बरामद किया हैं। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरनखेड़ा में 21 जून की रात कल्लू पहलवान की भांजी के विवाह समारोह में आरोपी राजेन्द्र तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी निवासी ग्राम जमोह मजरे लम्हैटा ने धीरज के साथ गाली-गलौज के बाद अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायर दिया। गोली लगने से धीरज को गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई थी। मामले में मृतक के पुत्र की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। सोमवार को आरोपी राजेन्द्र तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी ने थाना गाजीपुर में आत्मसमर्पण किया।

## भारत की मौजूदा शिक्षा व्यवस्था महज एक वसूली तंत्र: महेश द्विवेदी

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** आज देश के युवाओं व छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी के नेतृत्व में एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर सरकार की शिक्षा नीति पर प्रहार करते हुए भाजपा सरकार को पूर्ण रूप से एक अशिक्षित, अक्षम सरकार करार दिया। प्रेस वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि 2018 ,021,022,024,026 वर्षों में हुए सभी नीट परीक्षाओं में पेपर लीक हुए एवं इसके पहले भी 2015 में पी एम



टी प्रवेश परीक्षा का पेपर लीक हुआ था इसका अर्थ है कि एन टी ए प्रवेश परीक्षा के लिए अनुभव हीन एवं अक्षम है क्यों कि इस बारह साल के भाजपाई शासन में पूरे देश की 90 परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस पेपर लीक से अवसाद में आए बारह छात्रों ने अपनी जान दे दी परन्तु संवेदनहीन सरकार के कानों में जूं नहीं रेंगी। उन्होंने आगे कहा कि एन टी ए को विफलता के बावजूद सरकार ने उसके विरुद्ध कोई ठोस कदम नहीं उठाए, बल्कि 024 में उसके महानिदेशक को हटाकर पुनः और उच्च पद पर बैठा दिया गया जो ताज्जुब का विषय है। उन्होंने मांग की कि सर्व प्रथम शिक्षा व्यवस्था को एक वसूली तंत्र बनाने वाले शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का अविलंब स्तीफा लिया जाय जो इतनी कमियों के बाद भी कुर्सी से चिपके हैं। पत्रकार वार्ता में रहे वरिष्ठ नेता शेख एजाज अहमद ने कहा कि यह कांग्रेस के संघर्ष की देन है कि सरकार को पुनः नीट की प्रवेश परीक्षा कराना पड़ा अपितु ये भी संभव नहीं था उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने छात्रों की गूँज कार्यक्रम चला कर उनके साथ जुड़ने व उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया है जिसकी शुरुवात कोटा से हो चुकी है।

# मायके में 4 माह के पुत्र को छोड़ फांसी पर झूली विवाहिता

- नगर के हटवारा वार्ड की घटना, मृतका के पिता राजस्व निरीक्षक ने डेढ़ वर्ष पूर्व की थी अपनी पुत्री मनीषा की शादी



**महोबा।** एक विवाहिता पुत्री ने चार माह के दुह मुंह बच्चे को छोड़कर अपने ही मायके में फांसी लगाकर आत्म हत्या करने से परिजनों में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल कर मृतका के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेज दिया है। बताया जाता है कि नगर के हटवारा मोहाल निवासी हरप्रसाद अनुरागी राजस्व निरीक्षक चरखारी की 29 वर्षीय पुत्री मनीषा की डेढ़ वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश के छतरपुर में अजय अनुरागी के साथ शादी हुई थी। जिसके एक चार माह का पुत्र है। बीते एक माह से मनीषा अपने मायके कुलपहाड़ में रह रही थी। मंगलवार की सुबह लगभग 10:30 बजे करीब किसी से फोन पर बात कर रही थी, तभी वह अपने कमरे में चली गई, और फांसी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। मृतका के माता-पिता अपने पुत्र के साथ पिता की थेरेपी कराने सुबह छतरपुर गये हुए थे, घर में मात्र एक छोटी बहिन काजल जो किचिन में उस समय खाना बना रही थी। थोड़ी देर बाद जब खाना बनाकर दीदी के पास गई, तो दीदी को फांसी पर लटका देख जोर-जोर से चिल्लाने लगी। तभी पड़ोसियों की भीड़ एकत्र हो गई, और पुलिस को सूचना दी गई। आत्म हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका। फिलहाल पुलिस ने मृतका का मोबाइल अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। मौके पर पहुंचे इंचार्ज पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड, तहसीलदार प्रमित सचान, प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा, हल्का कस्बा इंचार्ज विकास तिवारी व मोहम्मद शोएब तथा लेखपाल सत्येन्द्र राजपूत ने पहुंचकर घटना स्थल की जांच पड़ताल कर परिजनों से पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक ने अवधेश कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए हैं। कहा कि मृतका का मोबाइल कब्जे में लेकर काल डिटेल निकाली जाएगी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। चार माह के दुह मुंह बच्चे को देखकर हर किसी की आंखें नम हो रहीं थीं। इस हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## पुलिस ने 5 वारंटी अभियुक्त किए गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष थाना खन्ना महोबा की देखरेख में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना खन्ना पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह मय हमराह रि0आ0 प्रदीप कुमार द्वारा 01 अभियुक्त बलराम पुत्र स्वयंबर, उम्र 23 वर्ष, निवासी कस्बा व थाना खन्ना जनपद महोबा को सम्बन्धित मु0अ0सं0 02/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में उ0नि0 हीरामणि तिवारी मय हमराह रि0आ0 प्रियांशु पाण्डेय द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त सन्तू पुत्र कन्तू, उम्र 46 वर्ष, निवासी ग्राम सिरसीखुर्द थाना खन्ना जनपद महोबा को सम्बन्धित मु0अ0सं0 123/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार किया गया। साथ ही अभियुक्त अशोक पुत्र सीताराम, उम्र 40 वर्ष व भृग देव पुत्र सीताराम, उम्र 25 वर्ष निवासीगण ग्राम न्यूरिया सिरसीकला थाना खन्ना जनपद महोबा को सम्बन्धित मु0अ0सं0 32/2018 धारा 323/504 भा.द.सं. में गिरफ्तार किया गया।

तत्पश्चात उ0नि0 सुरेश कुमार मय हमराह कां0 शीलू यादव द्वारा अभियुक्त गोधन सविता पुत्र सीताराम, उम्र 25 वर्ष, निवासी कस्बा व थाना खन्ना जनपद महोबा को सम्बन्धित मु0अ0सं0 40/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम में न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/मजिस्ट्रेट महोबा द्वारा निर्गत गैर-जमानती वारंट के आधार पर हिरासत पुलिस में लिया गया।

## थाना आने वाले हर पीड़ित को मिलेगा न्याय : अवधेश कुमार मिश्रा

- नशेड़ियों को दी कड़ी चेतावनी, सड़क पर शान्ति भंग करने पर होगी सख्त कार्रवाई
- अवैध शराब, गांजा की बिक्री बर्दाश्त नहीं

**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/ महोबा।**



नवागन्तुक कुलपहाड़ थाना प्रभारी अवधेश कुमार मिश्रा ने कहा कि किसी भी छोटे विवाद पर तुरन्त कार्यवाही की जाती है जिससे यह बड़ा रुप न ले सके। उन्होंने उपद्रव करने वाले नशेड़ियों को चेतावनी देते हुए कहा कि नशें में सड़क पर न घूमें,शान्ति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाहीं की जायेगी, जिससे समाज में शांतिपूर्ण वातावरण बना रहे। थाना श्रीनगर से कोतवाली कुलपहाड़ प्रभारी बनाए गए अवधेश कुमार मिश्रा ने प्रेस वार्ता कर अपनी प्राथमिकताओं की जानकारी दी एवं कानून व्यवस्था को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन करने की बात कही।

उन्होंने अपनी कार्यप्रणाली को उजागर करते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों को छोड़ा नहीं जाएगा, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। थाने आने वाले हर व्यक्ति को सम्मान मिलेगा और उनके साथ न्याय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन और मीडिया दोनों लोग पीड़ित को न्याय दिलाने का कार्य करते हैं और मिलकर कार्य करना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जुआ, गांजा, अवैध शराब की बिक्री कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोई भी व्यक्ति शराब के नशे में सड़क पर न घूमे। किसी भी प्रकार की कोई शान्तिभंग करने की कोशिश करेगा, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। अपराधियों की जगह जैल है। इस अवसर पर क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह सहित जैतपुर व कुलपहाड़ के करीब एक दर्जन से अधिक पत्रकार मौजूद रहे।

# मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए महोबा पुलिस एलर्ट

- क्षेत्राधिकारी नगर ने कोतवाली प्रभारी व पुलिस बलों के साथ जुलूस मार्गों का किया निरीक्षण
- संबन्धित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**समृद्धि न्यूज, महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर रविकान्त गोंड द्वारा आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त करते हुए जुलूस मार्गों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना कोतवाली नगर अंतर्गत मोहर्रम से संबंधित विभिन्न जुलूसों जैसे नेजे का जुलूस, आलम का जुलूस, अलाव का जुलूस एवं ताजिया जुलूस के निर्धारित मार्गों का संबंधित ताजियेदारों के साथ विस्तृत निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान प्रमुख स्थानों पर स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की गई। क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर को प्राप्त समस्याओं के त्वरित समाधान एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे पर्व के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और शांति व्यवस्था बनी रहे। इसके अतिरिक्त थाना कोतवाली अंतर्गत समस्त चौकी/ हल्का प्रभारियों एवं बीट आरक्षियों को मोहर्रम से संबंधित सभी दिवसों के जुलूस कार्यक्रमों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक ब्रीफिंग दी गई। उन्हें संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, सतत भ्रमणशील रहने एवं आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस द्वारा आमजन से भी अपील की गई है कि वे आपसी सौहार्द बनाए रखें एवं किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण, बंदियों की सुविधाओं की समीक्षा

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।**

जिला न्यायाधीश विरजेंद्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने आज जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे, सिविल जज सी.डी. प्रतिभा एवं जेल अधीक्षक प्रशांत मौर्य भी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार की बैरकों, अस्पताल, पुस्तकालय, रसोईघर, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।कारागार अस्पताल में उपचाराधीन बंदियों की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने चिकित्सकीय सुविधाओं, दवा उपलब्धता एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला जज ने कहा कि कारागार केवल दंड का स्थान नहीं, बल्कि सुधार एवं पुनर्वास का केंद्र भी है। बंदियों के संवैधानिक एवं मानवाधिकारों की रक्षा के साथ सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विधिक सहायता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कौशल विकास गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया ताकि बंदी समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक पुनर्स्थापित हो सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं व्यवस्थाओं का नियमित अनुश्रवण किया जाए तथा प्रत्येक व्यवस्था को शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने तथा सतर्कता एवं निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए।

## नाम के नहीं, काम के हुसैनी बनो: मौलाना सादिक रज़वी

**उरई (जालौन)।** मोहल्ला तिलक नगर स्थित बरकाती ग्राउंड में मुस्लिम वेल्फेयर एसोसिएशन के गोल्डन जुबली 50वें वार्षिक दस दिवसीय कार्यक्रम की छठी महफिल सोमवार की रात आयोजित हुई। पैगाम-ए-शहीदे आज़म कॉन्फ्रेंस का आगाज हाफिज फजले अजीम ने तिलावत-ए-कलाम-ए-पाक से किया, जबकि संचालन डा. मुहम्मद नासिर बेग बरकाती ने किया। मुंबई से आए आले सुन्नी दावते इस्लामी के मुबल्लिग मौलाना सादिक रज़वी ने हजरत उस्मान की शहादत पर विस्तार से बयान करते हुए कहा कि हजरत उमर फारुके आज़म की शहादत के बाद हजरत उस्मान खलीफा चुने गए और उन्होंने बारह वर्षों तक खिलाफत संभाली।

**कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद-महोबा**

पत्रांकः 141/एन.पी.के./निविदा सूचना/2026-27 दिनांक-23.06.2026

(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)
अल्पकालीन निविदा सूचना

सीवरेज एवं जल निकासी योजना अन्तर्गत नगर पंचायत, कुलपहाड द्वारा निर्माण कार्य की निविदायें दिनांक 24.06.2026 से 30.06.2026 को अपरान्ह 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 01.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की बेवसाईट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

संजीव कुमार
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

वैभव अरजरिया
अध्यक्ष
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

# कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में एक कोचिंग संस्थान में आग लगने की दर्दनाक घटना का संज्ञान लेते हुए जनपद रायबरेली में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर निरीक्षण अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ एवं अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक/सचिव रायबरेली विकास प्राधिकरण विशाल कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से जनपद के विभिन्न कोचिंग संस्थानों का औचक निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान



अधिकारियों ने संस्थानों में अग्निशमन यंत्रों (फायर एक्सटिंग्विशर) की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशीलता, आपातकालीन निकास द्वार (इमरजेंसी एग्जिट), विद्युत वायरिंग की स्थिति, भवन की संरचनात्मक सुरक्षा तथा विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

**विद्यार्थी देश के भविष्य हैं उनकी सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं : डीएम**

विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कोचिंग संचालकों को निर्देशित किया कि वे अग्नि सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करें

**रियल्टी चेक में फेल पाए गए अधिकांश कोचिंग सेंटर**

कई संस्थानों में सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से अनुपालन नहीं किया जा रहा है। इस पर उन्होंने संबंधित संचालकों को तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए तथा स्पष्ट चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी, इसके साथ ही रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा 12 कोचिंग संस्थान/लाइब्रेरी भी सील किए गए।

तथा समय-समय पर मॉक ड्रिल का आयोजन भी कराएं। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत भीड़-भाड़ वाले संस्थानों में विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है। उन्होंने कोचिंग संचालकों को सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा आपात स्थिति में त्वरित सूचना प्रणाली विकसित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने यह भी निर्देशित किया कि सभी संस्थान अपने यहां अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करें एवं भवन मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जनपद प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि इस प्रकार के निरीक्षण आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर गौतम सिंह, डिप्टी कलेक्टर सचिन यादव, फायर सेफ्टी ऑफिसर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# आखिरी बड़े मंगल पर विशाल भंडारा आयोजित

**डलमऊ रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगल के अवसर पर डलमऊ कस्बे एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान भक्तों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कस्बे के शंकर नगर, आदर्श नगर, कृष्णा नगर, मियां टोला, 84 मोहल्ला सहित ग्रामीण इलाकों में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ भंडारे का आयोजन किया। हनुमान भक्तों द्वारा भंडारे में छोले-चावल, पूरी-सब्जी, शरबत, बूंदी आदि प्रसाद का वितरण किया गया। सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में सर्वप्रथम सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके पश्चात रामभक्त हनुमान की विधि-



विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती के पश्चात प्रसाद वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया। जो देर शाम तक चलता रहा। भंडारे के दौरान क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आखरी बड़े मंगल पर आयोजित हुए विशाल भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई पड़ी मुराई बाग मुख्य चौराहे पर आयोजित भंडारी के आयोजक दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि वह प्रतिवर्ष स्थानी लोगों में व्यापारियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन करते आ रहे हैं जिसमें सभी लोगों का भारी सहयोग रहता है इस मौके पर सुधीर जायसवाल मनोज सोनकर राजेंद्र वैश्य सुशील राजेंद्र गुप्ता अरविंद दीपांशु गुड्डू आर्यन गुप्ता शुभम जायसवाल मुकेश सोनी सहित बड़ी संख्या में राम भक्त एवं सेवक मौजूद रहे।

# विधायक ने किया इंटरलॉकिंग मार्गो का लोकार्पण



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र पंचायत निधि से 19 लाख रुपए की लागत से निर्मित दो इंटरलॉकिंग मार्गों का लोकार्पण विधायक दिनेश रावत व भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने फीता काटकर किया।

क्षेत्र पंचायत निधि से स्थानीय विकास खंड की ग्राम पंचायत अंदउमऊ के लोधे सिंह पुरवा में लगभग 9 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग मार्ग, ग्राम पंचायत गौरा में हनुमान जी की कुटी पर 10 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कार्य कराया गया है।

इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में गांवों का तीव्र गति के साथ विकास हो रहा है, आज गाँवों में तेजी के साथ डामर रोड, सीसी मार्ग व इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण हो रहा है जिसकी वजह से आमजन को आवागमन में भारी सुगमता हो रही है श्री रावत ने आगे कहा कि प्रदेश की योगी सरकार में तेजी के साथ गांवों की तस्वीर बदल रही है लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिल रही है।

भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास के नए-नए आयाम स्थापित हो रहे हैं श्री सिंह ने आगे कहा कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार में जनता खुशहाल है बिना भेदभाव के समाज के अंतिम छोर पर बसे नागरिकों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंच रही है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा रणवीर सिंह मोनू भाजपा नेता पंकज दीक्षित पूर्व प्रधान कुशमेश मिश्रा सहित सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि,प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## भाकियू की बैठक में कार्यकारिणी का हुआ विस्तार



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की आपात बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष राम बरन वर्मा ने पहुंचकर संगठन हित में पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रहे संतोष कुमार सिंह को हैदरगढ़ का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया एवं ब्लॉक अध्यक्ष आदिल खान को तहसील महामंत्री हैदरगढ़ नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामबरन वर्मा, युवा मंडल उपाध्यक्ष प्रेम शंकर वर्मा,जिला सचिव महादेव यादव, त्रिवेदीगंज ब्लॉक अध्यक्ष सचिन पांडे, सत्येंद्र कुमार रावत ब्लॉक उपाध्यक्ष त्रिवेदीगंज, युवा ब्लॉक अध्यक्ष हैदरगढ़ फूलचंद्र रावत,अनंत कुमार सिंह, बृजेश यादव, रामजन्म यादव,रामरूप रावत, बजरंग सिंह, राम नरेश रावत, काशी प्रसाद ,शिव शंकर शर्मा ,सुरेश कुमार यादव , रामकरन यादव, रामकुमार ,शिवकरण कश्यप आनंद सिंह ,श्यामलाल राजेश कुमार, अर्जुन रावत, चंद्रभान यादव, रामबाबू कश्यप, राजकुमारी, महेश गुप्ता,केस राम रावत, गंगा दिन रावत, रामधनी,शिवबरन, शिव मोहन ,प्रदीप,जगदेव सुनील गौतम ,आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एआरटीओ ने समाजसेवियों संग की बैठक

**सड़क हादसों को कम करने के लिए दिया जागरूकता पर जोर**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) अमिताभ राय की अध्यक्षता में सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों एवं विद्यालय संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों पर विस्तृत चर्चा करते हुए जनपद में जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन, यातायात नियमों के प्रभावी पालन तथा आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाने हेतु विभिन्न रणनीतियों पर मंथन किया



गया। बैठक को संबोधित करते हुए एआरटीओ अमिताभ राय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में प्रशासन के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों के माध्यम से सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। बैठक का संचालन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन व प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने किया। संभागीय निरीक्षक(प्राविधिक) बलवंत सिंह यादव, यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार, सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षा जगत से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अपने अपने सुझाव दिए।

बैठक के अंत में एआरटीओ अमिताभ राय ने सभी उपस्थित जनों को जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाकर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करने के लिए सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया।

# घाघरा की तलहटी में पसरा चिकनपॉक्स, विभाग मुस्तैद

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बोधीपुरवा और मुड़ियाडीह गांवों में चिकनपॉक्स के मामले सामने आए हैं। इसके बाद मंगलवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दीकी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की एक टीम ने इन गांवों का दौरा किया। इस दौरान कुल 30 मरीजों की पहचान की गई। डॉ. सिद्दीकी के नेतृत्व में टीम ने दोनों गांवों में घर-घर जाकर मरीजों की जांच की। जांच के दौरान बोधी पुरवा में 18 और मुड़ियाडीह में 12 मरीज चिकनपॉक्स से पीड़ित पाए गए। इनमें से कुछ मरीज ठीक होने की प्रक्रिया में भी थे। स्वास्थ्य टीम ने मरीजों को एसाइक्लोविर और लक्षणों के अनुसार अन्य दवाएं वितरित कीं। इसके



साथ ही, मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए टेमेफॉस का छिड़काव भी किया गया।चिकनपॉक्स के फैलाव को रोकने के लिए मरीजों और उनके परिजनों को आवश्यक सावधानियों के बारे में सलाह दी गई।इस टीम में डॉ. आरिफ सिद्दीकी के अलावा फार्मासिस्ट रंजीत, शमशेर, लैब टेक्नीशियन राकेश और महेश शामिल थे। डॉ. सिद्दीकी ने बताया कि अगले पांच दिनों तक टीम इन गांवों का नियमित दौरा कर मरीजों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखेगी।

# ठाकुरद्वारा वार्ड के शीतला मंदिर का एमलसी ने किया शिलान्यास

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत हैदरगढ़ के ठाकुरद्वारा वार्ड में स्थित माता शीतला मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भूमि पूजन किया गया।

वैदिक मंत्रोच्चार और हवन के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने नींव में ईंट की आधारशिला रखकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आलोक तिवारी ने बताया कि यह एक प्राचीन स्थल है जिससे कई लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया था मंदिर का जीर्णोद्धार होने के बाद यह आकर्षण का केंद्र बिंदु बनेगा और काफी



सुसज्जित होगा। भूमि पूजन के पश्चात बड़े मंगलवार के शुभ अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत रामदेव सिंह ब्लॉक प्रमुख भाजपा नेता सिद्धार्थ अवस्थी, राजकुमार शर्मा आरएसएस जिला व्यवस्थापक, भाजपा जिला मंत्री बृजेश रावत, विमलेश रावत, अरुण शुक्ला अंबरशरण जायसवाल रामअचल मिश्रा संतोष श्रीवास्तव नवनीत मिश्रा ,नितिन मौर्य, नागेंद्र मिश्रा ,महेंद्र मिश्रा, भाजपा नेता बैजनाथ मौर्य व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया विष्णु शुक्ला सहित हजारों भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# पौधरोपण अभियान को जन-आंदोलन बनाने की तैयारी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति तथा पर्यावरण संरक्षण में जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय में समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र ने की, जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों, गैर-सरकारी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों तथा युवा समूहों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष वृक्षारोपण अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखकर व्यापक जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा। इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की



सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केन्द्र, युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल के स्वयंसेवकों को ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर अभियान से जोड़ने का निर्णय लिया गया। व्यापार मण्डलों से बाजारों, व्यावसायिक क्षेत्रों एवं प्रमुख मार्गों के किनारे हरित पट्टी विकसित करने में सहयोग की अपील की गई। वहीं किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से किसानों को कृषि वानिकी से जोड़कर पर्यावरण संरक्षण के साथ उनकी आय बढ़ाने की योजना पर भी बल दिया गया।

## जीजीआईसी में आज होगी अभ्युदय योजना की प्रवेश परीक्षा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत निःशुल्क कोचिंग शैक्षणिक सत्र 26–27 हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन आज 24 जून को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के लिए आवेदन करने वाले सभी छात्र–छात्राएं प्रातः 11ः00 बजे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज में उपस्थित होकर प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग करें। विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों के आधार पर अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर भी परीक्षा की सूचना उपलब्ध करा दी गई है। जो छात्र छात्राएं समय से आवेदन नहीं कर पाए ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक अभिलेखों के साथ परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेज जमा करते हुए प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाती है।

# सर्पदंश से महिला की हालत गंभीर, सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद किया गया रेफर

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में सर्पदंश का एक गंभीर मामला सामने आया है। खेत में कृषि कार्य कर रही एक महिला को जहरीले सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामसनेहीघाट लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार और एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) देने के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि परिजन महिला को जिला अस्पताल ले जाने के बजाय एक निजी अस्पताल लेकर चले गए। जानकारी के अनुसार अयोध्या जनपद के असरफपुर गंगरेला गांव निवासी 45 वर्षीय जोहरा देवी, पत्नी लालचंद, मंगलवार सुबह खेत में कृषि कार्य कर रही थीं। इसी दौरान उन्हें अचानक सांप ने काट लिया। कुछ ही देर में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए सीएचसी रामसनेहीघाट लेकर पहुंचे।

अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के दौरान सर्पदंश की पुष्टि होने पर तत्काल उपचार शुरू किया। चिकित्सा टीम ने महिला को एंटी स्नेक वेनम की निर्धारित डोज दी और लगातार निगरानी में रखा। इसके बावजूद उनके पैर में सूजन तेजी से बढ़ने लगी तथा प्रभावित हिस्से का रंग बदलने लगा। हालत गंभीर होते देख चिकित्सकों ने उन्हें उच्च चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सीएचसी रामसनेहीघाट के अधीक्षक डॉ. रमेश चंद्र ने बताया कि महिला को सर्पदंश की शिकायत के साथ अस्पताल लाया गया था। आवश्यक उपचार और एंटी स्नेक वेनम दिए जाने के बावजूद अपेक्षित सुधार नहीं हुआ और सूजन बढ़ती गई। इसी कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। उन्होंने बताया कि रेफर किए जाने के बाद परिजन महिला को जिला अस्पताल ले जाने के बजाय एक निजी अस्पताल लेकर चले गए।

## तबादला नीति बेअसर! सात साल से मछरेहटा में जमे सचिव संदीप कुमार पर उठे सवाल



**सीतापुर।** शासन की तबादला नीति के तहत लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया जारी है, लेकिन विकासखंड मछरेहटा में तैनात प्रभारी एडीओ/ग्राम पंचायत अधिकारी संदीप कुमार की लगभग सात वर्षों से एक ही ब्लॉक में तैनाती अब चर्चा का विषय बन गई है।

स्थानीय लोगों और विभागीय सूत्रों के अनुसार, लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनाती के बावजूद अब तक उनका स्थानांतरण नहीं हुआ है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि जब अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले लगातार किए जा रहे हैं, तो संदीप कुमार को इस प्रक्रिया से बाहर क्यों रखा गया है।

क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि उन्हें विभागीय स्तर पर संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते उनकी तैनाती वर्षों से एक ही ब्लॉक में बनी हुई है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। अब लोगों की निगाहें जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर की ओर हैं। यदि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करनी है तो लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात अधिकारियों की भी समीक्षा आवश्यक मानी जा रही है।

# सचिव पर फर्जीवाड़े के आरोप, कार्रवाई को लेकर उठे सवाल

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत चांदपुर में तैनात सचिव हरेंद्र कुमार पर वित्तीय अनियमितताओं और फर्जी भुगतान कराने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 एवं 2026-27 के 15वें व 5वें वित्त के दौरान नल मरम्मत, प्रशासनिक व्यय, होम पाइप तथा अन्य मदों में ऐसे भुगतान किए गए, जिनकी वास्तविकता पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि ग्राम पंचायत में कई मदों में बिना कार्य कराए अथवा मानक के विपरीत भुगतान किए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिन कार्यों के नाम पर सरकारी धन निकाला गया, उनमें से कई कार्य धरातल पर दिखाई नहीं




देते। इससे पंचायत निधि के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि सचिव हरेंद्र कुमार अपनी मनमानी कार्यशैली के चलते लगातार भुगतान कर रहे हैं और संबंधित अधिकारियों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। आरोप लगाने वालों का कहना है कि ब्लॉक स्तर के कुछ अधिकारियों का संरक्षण मिलने के कारण सचिव के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि भुगतानों, कार्यों और अभिलेखों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।

अब बड़ा सवाल यह है कि लगातार उठ रहे आरोपों के बीच जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इस मामले का संज्ञान कब लेते हैं और यदि जांच में अनियमितताएं पाई जाती हैं तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

## अवैध पिस्टल व दो जिन्दा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत मंगलवार को क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में रामगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना अपाचे मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 वाई 3404 सवार अभियुक्त दिवाकर पुत्र कृष्ण कुमार निवासी ग्राम छीड़ा थाना रामगंज को गिरफ्तार किया गया है। जामातलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध पिस्टल व 2 जिन्दा कारतूस 32 बोर बरामद हुआ है। अपाचे मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर दिखा न सका। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना रामगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# रेलवे ट्रैक के बगल मिला वृद्ध महिला का शव

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जायस थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब कर्मशाह बाबा के समीप रेलवे ट्रैक के बगल एक लगभग 65 वर्षीय वृद्ध महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही जायस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो सकी है और यह पता लगाने का प्रयास किया



जा रहा है कि महिला किस क्षेत्र की रहने वाली थी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और पहचान के लिए आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों को लेकर स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस ने अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को महिला की पहचान संबंधी कोई जानकारी हो तो स्थानीय पुलिस से संपर्क9 9445404135 पर सूचित करें।

# गंगा स्नान के लिए निकली महिला का कुएं में मिला का शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**सरेनी रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जहां संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव कुएं में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकाला। मामला सरेनी थाना क्षेत्र के गेगासो चौकी अंतर्गत शिवपुरी गांव का है। मृतका की पहचान रश्मि तिवारी के रूप में हुई है।बताया जा रहा है कि वह सुबह घर से गंगा स्नान के लिए निकली थीं,लेकिन काफी देर तक



वापस नहीं लौटीं। बाद में गांव के पास स्थित एक कुएं में उनका शव दिखाई पड़ा,जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों के अनुसार रश्मि तिवारी सोशल मीडिया पर रील्स बनाने की शौकीन थीं। आशंका जताई जा रही है कि रील बनाने के दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह कुएं में गिर गईं। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वहीं घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा हनुमानगढ़ी में कराया गया विशाल भंडारा

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के द्वारा 88000 ऋषि मुनियों की तपोस्थली नैमिषारण्य स्थित हनुमानगढ़ी में सपरिवार पहुंचकर प्रभु हनुमान एवं माता ललिता का पूजन अर्चन किया गया और इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया सर्वप्रथम बटुकों व साधु संतों को प्रसाद देकर भंडारे का शुभारंभ किया गया इसके उपरांत जिले के कोने-कोने से पहुंचे लोगों ने प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि हम सब बहुत गौरवशाली हैं कि हमारा जन्म सनातन धर्म में हुआ है और हम मां ललिता के चरणों में स्थित सीतापुर जिले में रहते हैं आज सपरिवार आकर प्रभु का पूजन अर्चन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है इससे मन प्रसन्न है और जनपद के भाई बहन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं उन सबके कल्याण की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कलयुग में हनुमान जी की आराधना से जहां आत्मक शांति मिलती है वही आध्यात्मिक सुख की प्राप्ति होती है आज जेठ माह का अंतिम मंगलवार है इस अवसर पर प्रभु के चरणों में हम सब उपस्थित हैं मैं संपूर्ण देश के उत्थान के लिए प्रभु से प्रार्थना करता हूं एवं सभी के कल्याण की विनती करता हूं।।

इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व निवर्तमान सांसद राजेश वर्मा, विधायक ज्ञान तिवारी विधायक निर्मल वर्मा विधायक रामकृष्ण भार्गव विधायक मनीष रावत सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी समर्थक एवं जनपद के भक्तगण नैमिष के महंत साधु संत सहित श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# भाजपा ने जनता से किए वादे नहीं किए पूरे: पूर्व सांसद

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ.रामबख्श सिंह वर्मा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राम मंदिर के नाम पर सत्ता में आने वाली भाजपा ने जनता की भावनाओं के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि राम के नाम पर राजनीति करने वालों ने मंदिर निर्माण के नाम पर मिले चंदे और चढ़ावे का भी सही उपयोग नहीं किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने विदेश नीति के मुद्दों पर देश की गरिमा से समझौता किया है। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और उर्वरकों की कीमतों में वृद्धि से आम जनता, किसान और मजदूर सबसे अधिक प्रभावित हैं। उनका आरोप था कि भाजपा सरकार ने चुनाव के दौरान किए गए वादों में से एक भी वादा पूरी तरह पूरा नहीं किया, जिससे आम नागरिक स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है।

उन्होंने राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के गठन और उद्देश्यों पर भी विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि पार्टी का उद्देश्य समाज के शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों को जागरूक कर संगठित करना तथा उन्हें उनके संवैधानिक अधिकार दिलाना है, ताकि सभी वर्ग समान अवसरों के साथ राष्ट्र की प्रगति में भागीदार बन सकें। उन्होंने कहा कि पार्टी की दृष्टि में वह प्रत्येक व्यक्ति शोषित समाज का हिस्सा है जो किसी भी प्रकार के भेदभाव, उत्पीडऩ या सामाजिक अन्याय का शिकार है। उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, किसान, भूमिहीन खेतिहर मजदूर, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, शिक्षित बेरोजगार तथा शिल्पकारों को भी शोषित समाज का अभिन्न अंग बताते हुए उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस दौरान राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ.सीबी सिंह, राष्ट्रीय महासचिव आलोक वर्मा, सलाहकार श्रीपाल वर्मा, पर्यावरणविद कवि हरिगोविंद शाक्य हरि व भारत सिंह प्रजापति प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**राष्ट्रीय अधिवेशन 25 जून को**

छिबरामऊ। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी एवं आईडीए का विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन एवं विशाल जनसभा का आयोजन 25 जून गुरुवार को प्रातः 10 बजे से लोकभारती इंटर कॉलेज छिबरामऊ के स्वामी ब्रह्मानंद सभागार में होगा।

# अंतिम बड़े मंगल पर कई जगह प्रसाद वितरित

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



नगर में ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर कई स्थानों पर शरबत वितरण एवं भंडारों का आयोजन किया गया। प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पुरानी गल्ला मंडी के गेट पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं किराना एसोसिएशन के तत्वावधान में स्टॉल लगाकर पूड़ी-सब्जी व चावल का प्रसाद वितरित किया गया। वितरण कार्य में नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, रामू गुप्ता, अमित भारतीय, सौरभ वर्मा, गौरव वर्मा, प्रभाकर गुप्ता, अबली गुप्ता, मयंक गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, नरेश गुप्ता गोल्डी, संजीव गुप्ता, ताशु गुप्ता, अमोघ गुप्ता, महेंद्र वर्मा, उमेश सिंह आदि ने सक्रिय सहयोग किया। सराय के सामने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल से सम्बद्ध सराफा एसोसिएशन की ओर से पंडाल में स्टॉल लगाकर पूड़ी-सब्जी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। इस कार्य में अध्यक्ष अनुपम वर्मा, विश्वजीत वर्मा उर्फ मुन्ना, संजय वर्मा, विशाल वर्मा, हिमांशु तिवारी, देबू गुप्ता, छोटू वर्मा एवं उत्कर्ष वर्मा आदि ने सहयोग किया। प्राचीन बाबा की बगिया में हनुमान जी को भोग लगाने के बाद श्री आरएस लाल देवकी किडजी ग्लोबल स्कूल की ओर से शुभम गुप्ता ने श्रद्धालुओं में पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया। सब्जी मंडी के पास अमित भारतीय, शैलेंद्र गुप्ता लालू, सत्यनारायण वर्मा, राहुल राठौर, ऋषभ त्रिपाठी, अनुज गुप्ता, उज्जवल गुप्ता, जानू वर्मा एवं नीलम वर्मा ने श्रद्धालुओं में ठंडे शरबत का वितरण किया।

## सपा ने सदर विधानसभा अध्यक्ष को पद से हटाया कार्यकारिणी भी भंग

कन्नौज। समाजवादी पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर बड़ा फैसला लेते हुए जनपद कन्नौज की सदर (198) विधानसभा इकाई में बदलाव किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश तथा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की स्वीकृति से सदर विधानसभा अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह (पी.पी. सिंह) को उनके पद से मुक्त कर दिया गया है। पार्टी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, प्रबल प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से विधानसभा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारियों से हटा दिया गया है। इसके साथ ही सदर विधानसभा की पूरी कार्यकारिणी भी भंग कर दी गई है। संगठन की ओर से जारी इस निर्णय के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। हालांकि, आदेश में इस कार्रवाई के पीछे कोई विशेष कारण सार्वजनिक नहीं किया गया है।

# पूर्व सहकारिता मंत्री की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा



छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

पूर्व सहकारिता मंत्री स्वर्गीय राम प्रकाश त्रिपाठी की 18वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 24 जून बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे फर्रुखाबाद रोड स्थित विद्या प्रकाश महाविद्यालय में किया जाएगा।

विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने पत्रकारों से वार्ता में अपने पिता को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए कहा कि भारतीय जनसंघ से भाजपा तक संस्थापक सदस्य के रूप में राम प्रकाश त्रिपाठी ने जनपद फर्रूखाबाद और कन्नौज सहित पूरे उत्तर प्रदेश में लाखों लोगों के दिलों में जगह बनाई।

उन्होंने 1967 से 2008 तक विधायक, सांसद, प्रदेश महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष और सहकारिता मंत्री के रूप में पार्टी व समाज की अनवरत सेवा की। उनकी सेवा के संस्कार आज भी हमारा मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। अर्चना पांडे ने बताया कि पुण्यतिथि कार्यक्रम में छिबरामऊ विधानसभा के कोने-कोने से कार्यकर्ता पहुंचेंगे और भाजपा के प्रति समर्पण का संकल्प दोहराएंगे।

इस भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान, राज्य मंत्री असीम अरुण, कैलाश राजपूत, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, सांसद गीता शाक्य, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, फर्रूखाबाद सांसद मुकेश राजपूत, प्रेम सिंह शाक्य सहित आस-पास के जनपदों से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी, राहुल रतन पांडे, पंकज दुबे, विवेक दुबे आदि उपस्थित रहे।

## राजकीय महिला अस्पताल में हुआ पहला आपरेशन

छिबरामऊ, कन्नौज।



नगर के 50 शैया मैटरनिटी विंग राजकीय महिला अस्पताल में पहली बार सफलतापूर्वक सीजेरियन ऑपरेशन कर प्रसव कराया गया। इसे नगर की सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल मिश्रा की देखरेख में मैनपुरी के लुकुटपुर गांव निवासी प्रसूता नेहा (24) पत्नी रोहित का ऑपरेशन किया गया। महिला सर्जन डॉ. ज्योति सिंह व सौ शैया अस्पताल के सीएमएस एवं सर्जन डॉ. सुनील कुमार सिंह ने ऑपरेशन किया। एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. निधि गोयल, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि तिवारी, स्टाफ नर्स रागिनी, सोनम व सरोज, वार्ड बॉय बलराम तथा सफाई कर्मी सोनू और कामिनी ने भी इस दौरान व्यवस्था में विशेष सहयोग किया। ऑपरेशन के बाद स्वस्थ शिशु का जन्म हुआ और जच्चा-बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ बताए गए हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल मिश्रा ने बताया कि अस्पताल के इतिहास में यह पहला सीजेरियन प्रसव है, जो पूरी तरह सफल रहा। इससे क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को अब सीजर डिलीवरी के लिए अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इस उपलब्धि की जानकारी मिलने पर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय अस्पताल पहुंचीं उन्होंने जच्चा-बच्चा का हाल जाना।

**आपरेशन सुविधा शुरू होने से गर्भवतियों को मिलेगी राहत**

# चार कोचिंग संस्थान व लाइब्रेरी सीज, एक पर लगा मिला ताला

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



लखनऊ के कोचिंग संस्थान में हुए हादसे से सबक लेते हुए नगर में सुरक्षा व्यवस्था और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से यहां संचालित कोचिंग संस्थानों एवं लाइब्रेरी की सघन जांच की गई। इस दौरान चार संस्थानों को सीज कर दिया गया, जबकि एक संस्थान पर ताला लगा मिला।

एसडीएम न्यायिक तिर्वा राजेश कुमार, सीओ सुरेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार तथा चौकी प्रभारी मेंन बाजार उपनिरीक्षक दीपांजलि वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान टीम ने कोचिंग संस्थानों और लाइब्रेरी में सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, अग्निशमन उपकरण, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक मानकों का गहन परीक्षण किया। निरीक्षण में कई संस्थान निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे। इस पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए दिव्या ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी, उड़ान लाइब्रेरी, एमएफसी लाइब्रेरी तथा रितिका लाइब्रेरी को सीज कर दिया गया, जबकि एक संस्थान में ताला पड़ा मिला। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिना मानकों के संचालित किसी भी कोचिंग संस्थान या लाइब्रेरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संचालकों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें, अन्यथा भविष्य में भी इसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य कोचिंग संचालकों में भी हडक़ंप की स्थिति बनी हुई है।

**प्रशासन की कार्रवाई से मची खलबली**

## दस्तावेज पंजीकरण के निजीकरण के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

कन्नौज। दस्तावेज पंजीकरण कार्य को निजी फ्रेंचाइजी के माध्यम से संचालित किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में सोमवार को संयुक्त जिला राजस्व अधिवक्ता मंच कन्नौज के बैनर तले अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित व्यवस्था को तत्काल निरस्त करने की मांग उठाई। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा कि तहसीलों से दस्तावेज पंजीकरण कार्य हटाकर निजी हाथों में सौंपना जनहित के विपरीत कदम है। इससे पंजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता प्रभावित होने के साथ-साथ अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की आशंका बढ़ सकती है। अधिवक्ताओं का कहना था कि वर्तमान में उप निबंधक कार्यालयों के माध्यम से दस्तावेजों का पंजीकरण सुचारु रूप से हो रहा है, इसलिए मौजूदा व्यवस्था को ही जारी रखा जाना चाहिए।

# सड़क पर मक्का सुखाने वालों को चेतावनी, हटवाई गई फसल

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग और लोक निर्माण विभाग ने विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत मुख्य मार्गों पर सड़क पर सुखाई जा रही मक्का को हटवाया जा रहा है तथा किसानों को सुरक्षित स्थानों पर फसल सुखाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) इज्या तिवारी ने बताया कि कन्नौज में मक्का की खेती बड़े पैमाने पर होती है। फसल कटने के बाद कई किसान मक्का को सुखाने के लिए सड़क पर फैला देते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। सड़क पर बिखरे दानों के कारण दोपहिया वाहन फिसल सकते हैं, वहीं चारपहिया वाहनों को भी अचानक ब्रेक लगाने पड़ते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है। जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत मलिकपुर-सिंहपुर मार्ग पर प्राप्त शिकायत के बाद संयुक्त टीम ने सड़क पर फैलाई गई मक्का को हटवाया। साथ ही संबंधित किसानों को भविष्य में सड़क पर फसल न सुखाने की हिदायत दी गई। इसी प्रकार जसौली मार्ग पर भी सड़क पर सूख रही मक्का हटवाई गई और किसानों को जागरूक किया गया। एआरटीओ ने किसानों से अपील की कि वे मक्का को खुले मैदान, खलिहान अथवा अन्य सुरक्षित स्थानों पर ही सुखाएं।

# रामगंज में 65 साल पुराना प्र. विद्यालय जर्जर होने के कारण बंद

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।





गुरसहायगंज नगर के रामगंज मोहल्ले में लगभग 65 वर्ष पूर्व स्थापित प्राथमिक विद्यालय भवन जर्जर हो जाने के कारण बंद कर दिया गया है। विभाग ने 2024-2025 में बिल्डिंग गिराकर मालवा हटा दिया था, लेकिन तीन माह बीत जाने के बाद भी नए भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

विद्यालय बंद होने से रामगंज क्षेत्र के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए जीटी रोड स्थित जूनियर हाईस्कूल में भेजा जा रहा है। रामगंज से विद्यालय तक जाने का सीधा सड़क मार्ग नहीं है। बच्चों को मुख्य मार्ग पार करके जाना पड़ता है, जहां हर समय वाहनों का आवागमन रहता है। इससे बच्चों की जान को खतरा बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों रामबाबू भारद्वाज मनोज अग्रवाल मनोज सक्सेना सुभाष चंद्र गौड़ रामनिवास सविता राजेश गुप्ता कुलदीप गुप्ता रामू गुप्ता कमलेश चंद्र विनोद चंद्र कल गुप्ता रमेश सोनी ने बताया कि 2004-2005 में विद्यालय का पुनर्निर्माण कराकर संचालन शुरू किया गया था। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्थानीय निरीक्षण के बाद नागरिकों को पुनः निर्माण कराकर विद्यालय शुरू करने का भरोसा दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इस संबंध में सभासद निर्मल श्रीवास्तव, भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता और अन्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रार्थना पत्र भेजकर मांग की है कि रामगंज की खाली पड़ी भूमि पर नए भवन का निर्माण कराकर प्राथमिक पाठशाला का संचालन पुनः शुरू किया जाए। पत्र की प्रतिलिपि जिलाधिकारी कन्नौज और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी भेजी गई है।

इस मुद्दे पर पूर्व सभासद ज्ञानेंद्र गुप्ता ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। रामगंज में 65 साल से चल रहा विद्यालय बंद हो जाना बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। यहां चार राष्ट्रीय कृत बैंक है जिसमें बैंक ऑफ़ बडौदा स्टेट बैंक केनरा बैंक तथा एक्सिस बैंक, नगर पालिका परिषद का एक बड़ा हिस्सा रामगंज में स्थित है, उत्तरी, दक्षिणी, समिति डिग्री कॉलेज गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज अस्पताल जैसी घनी आबादी बाला क्षेत्र है। गरीब और मध्यम वर्ग के माता-पिता अपने बच्चों को जीटी रोड पार कराकर दूसरे स्कूल नहीं भेज सकते। हर दिन बच्चे जान जोखिम में डालकर जा रहे हैं। सरकार का लक्ष्य सबको शिक्षा देना है, लेकिन यहां तो नजदीक का स्कूल ही बंद पड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री से निवेदन है कि बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा की आवश्यकता को देखते हुए रामगंज की खाली पड़ी भूमि पर तुरंत नए भवन का निर्माण कराकर विद्यालय पुनः शुरू कराया जाए। यदि बच्चों की पढ़ाई इसी तरह बाधित रही तो अभिभावक आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## नया स्वाद- बेहतर पोषण अभियान से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मिलेगी मजबूती

**नई टीएचआर रेसिपी लागू, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को मिलेगा जरूरत के अनुसार संतुलित पोषण**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज। महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य तथा कुपोषण उन्मूलन के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई नई टेक होम राशन (टीएचआर) रेसिपी नया स्वाद- बेहतर पोषण योजना जनपद में लागू कर दी गई है। इसके तहत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों को उनकी पोषण संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि नई व्यवस्था में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, सामान्य श्रेणी के बच्चों तथा अल्पोषित बच्चों के लिए अलग-अलग पोषण मानक तय किए गए हैं। लाभार्थियों को कैलोरी, प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, जिंक, विटामिन-ए, फोलेट, विटामिन-बी6 और विटामिन-बी12 सहित आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों से युक्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। पहले यह व्यवस्था सीमित श्रेणियों तक थी, जबकि अब इसे अधिक वैज्ञानिक और व्यावहारिक बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि यह पहल केवल खाद्यान्न वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि मातृ एवं शिशु कुपोषण की रोकथाम, बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास तथा सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण प्रयास है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लाभार्थियों को संतुलित आहार और स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। इससे कुपोषण मुक्त समाज के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।

# लखनऊ के अलीगंज में एनीमेशन सेंटर में आग

**15 छात्र जिंदा जले, नौ घायल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी ने जताया शोक**

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में स्थित एक एनीमेशन प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार को हुए भीषण अग्निकांड में 15 छात्र जिंदा जल गए। हादसे में 9 छात्र घायल हुए हैं, जिनमें से 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों में 2 छात्र बाराबंकी जिले के बताए जा रहे हैं। दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर के अनुसार आग बेसमेंट में लगे वातानुकूलन यंत्र में विस्फोट के बाद लगी। आग इतनी भयावह थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी इमारत चपेट में आ गई। थर्ड तल से कूदने की कोशिश में इमारत का स्वचालित ताला खुलने से बचाव में दिक्कत आई। जांच में यह भी सामने आया कि बिल्डिंग में आपातकालीन निकास द्वार नहीं था। हादसे के बाद पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है और 4 अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इस दुखद घटना में दिवंगत छात्रों की याद में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फर्रुखाबाद हाजी तहसीन सिद्दीकी की ओर से गुरसहायगंज गांधीनगर में शोक सभा आयोजित की गई। सभा में बड़ी संख्या में लोग जुटे और सभी ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी ने कहा कि लखनऊ के अलीगंज में एनीमेशन केंद्र में लगी आग ने 15 होनहार बच्चों की जान ले ली। यह सुनकर हृदय द्रवित हो उठता है। ये बच्चे अपने माता-पिता और देश का नाम रोशन करने वाले थे, लेकिन सुरक्षा में लापरवाही ने सब कुछ खत्म कर दिया। बेसमेंट में आग, आपातकालीन निकास न होना और स्वचालित ताले जैसी खामियां इस हादसे की बड़ी वजह बनीं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्माओं को शांति मिले और घायल बच्चों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हो। शोकाकुल परिवारों के साथ हम कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए भवन सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन होना चाहिए। सभा के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर 15 दिवंगत छात्रों को श्रद्धांजलि दी।

# हिमाचल के कद्दावर नेता वीरभद्र सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और छह बार मुख्यमंत्री पद संभालने वाले वीरभद्र सिंह की 91वीं जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। 23 जून 1934 को जन्मे वीरभद्र सिंह ने 8 जुलाई 2021 तक जनसेवा की। तिरंगे की पृष्ठभूमि में उनके चित्र के साथ जयंती पोस्टर सोशल मीडिया पर साझा किए जा रहे हैं। पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र ने भी वीरभद्र सिंह की जयंती पर पोस्ट साझा कर उन्हें नमन किया। विजय मिश्र ने कहां कि हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय जननेता, दूरदर्शी नेतृत्व और जनसेवा के प्रतीक वीरभद्र सिंह की जयंती पर शत-शत नमन। राजा साहब के नाम से प्रसिद्ध वीरभद्र सिंह ने पहाड़ की राजनीति को नई दिशा दी। गरीब, किसान और मजदूर की आवाज बनकर उन्होंने हिमाचल का विकास किया। उनकी सादगी, संघर्ष और जनता से जुड़ाव आज भी सभी के लिए प्रेरणा है। वीरभद्र सिंह को हिमाचल की राजनीति का भीष्म पितामह कहा जाता था।

जयंती पर सभी ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष संजीव दुबे उर्फ मुन्ना जुगल पाठक शिवकुमार वर्मा टेनिस गुप्ता डॉ रामकुमार गुप्ता राजेंद्र बाबू द्विवेदी संदीप त्रिवेदी सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोहर्रम की सातवीं तारीख पर निकला अलम का जुलूस

छिबरामऊ, कन्नौज। मोहर्रम की सातवीं तारीख के अवसर पर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में अकीदत के साथ अलम का जुलूस निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया और हजरत इमाम हुसैन व उनके साथियों की शहादत को याद कर उन्हें अकीदत पेश की। जुलूस निर्धारित मार्गों से होकर गुजरा, जहां जगह-जगह लोगों ने शर्बत और पानी की सबीलें लगाकर जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया। पूरे मार्ग में फ़या हुसैन और या अली के नारों से वातावरण गूंजता रहा। धार्मिक विद्वानों ने कहा कि मोहर्रम हमें सत्य, न्याय और मानवता के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। कर्बला की घटना त्याग, बलिदान और इंसानियत की रक्षा का संदेश देती है। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया तथा अधिकारियों ने लगातार निगरानी रखी।

# गंगा दशहरा पर मेहंदी घाट के लिए रूट डायवर्जन लागू



कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

द्वितीय ज्येष्ठ मास गंगा दशहरा पर्व पर मेहंदी घाट में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष रूट डायवर्जन योजना लागू कर दी है। यह व्यवस्था 23 जून की शाम 4 बजे से 24 जून को कार्यक्रम समाप्त होने तक प्रभावी रहेगी। यातायात विभाग के अनुसार कन्नौज से हरदोई जाने वाले वाहनों को हरदोई मोड़ से कानपुर रोड स्थित अरौल कट के रास्ते आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे होकर हरदोई, उन्नाव और लखनऊ की ओर भेजा जाएगा। वहीं हरदोई और बिलग्राम की दिशा से कन्नौज आने वाले वाहनों को बाहरी क्षेत्रों में ही रोककर वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा, जिससे मेहंदी घाट मार्ग पर जाम की स्थिति न बने।

घाट क्षेत्र और प्रमुख संपर्क मार्गों पर आवश्यकता अनुसार बैरिकेडिंग की जाएगी। श्रद्धालुओं से केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर वाहन खड़े करने की अपील की गई है। अनधिकृत स्थानों पर पार्किंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

एडीएम देवेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार तथा यातायात अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। प्रशासन ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है तथा सभी से डायवर्जन योजना का पालन करने की अपील की गई है।



## सातवीं के अलम का जुलूस निकाल गूंजे या हुसैन की सदायें

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़। सातवीं पर अकीदत के साथ अलम का जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया और हजरत इमाम हुसैन व उनके साथियों की शहादत को याद किया। मंगलवार को जुलूस कस्बा के इमाम चौक से चलकर मुख्य मार्गों से होकर निकाला गया, और जगह- जगह लोगों ने शर्बत व पानी का स्टाल लगाकर जुलूस में आये लोगों को वितरण किया। जबकि पूरे मार्ग में ÷या हुसैन÷की सदाये के नारों से वातावरण गूंजता रहा। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दौरान जसोदा चौकी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहा। जुलूस शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# दुकान पर बैठे किशोर पर हमला, लूटपाट और अमानवीय प्रताड़ना का आरोप

तिर्वा/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

**मुकदमा दर्ज होने के बावजूद गिरफ्तारी न होने पर जताया आक्रोश**

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के जसपुरापुर सरैया गांव में एक किशोर के साथ मारपीट, लूटपाट और अमानवीय प्रताड़ना का मामला सामने आया है। पीड़ित की मां प्रीती तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। शिकायती पत्र के अनुसार, 22 जून को दोपहर करीब एक बजे प्रीती तिवारी का पुत्र देव तिवारी गांव स्थित अपनी दुकान पर बैठा था। आरोप है कि मीरपुर निवासी शनि ठाकुर, शोभित ठाकुर, राहुल ठाकुर, बुग्गन समेत कुछ अन्य लोग दुकान में घुस आए और गोलक से रुपये निकालने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने देव तिवारी के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि मारपीट के दौरान किशोर के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। उसे तालाब में डुबोकर प्रताड़ित किया गया तथा जान से मारने का प्रयास किया गया। घटना का वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों में भी आक्रोश है।

परिजनों का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। साथ ही उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं, जिससे परिवार भयभीत है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापारी के घर से चोरी हुए आभूषणों के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

व्यापारी की पत्नी को नशीला पदार्थ पिलाकर युवती द्वारा सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लेने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं चोरी का माल खरीदने के मामले में पुलिस ने व्यापारियों को हिरासत में लेकर लाखों रुपये बरामद कर लिये।

जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कूंचा भवानी दास 4/78 निवासी प्रशांत वर्मा पुत्र स्वर्गीय रामशंकर वर्मा ने मोहल्ले की ही सिमरन पुत्री प्रदीप कुमार वर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें कहा कि सिमरन वर्मा का मेरे घर पर आना जाना है। 21 जून को मैं अपनी दुकान पर गया था। मेरी पत्नी घर पर अकेली थीं, तब सिमरन वर्मा घर पर आई और मेरी पत्नी से बोली भाभी आज बहुत गर्मी है। मैं कोल्ड ड्रिंक लेकर आयी हूँ कोल्ड ड्रिंक पीते हैं। जैसे ही मेरी पत्नी ने कोल्ड ड्रिंक पी उसमें कुछ समय बाद चक्कर खाकर गिर गई।

उसी का फायदा उठाकर सिमरन ने घर की अलमारी में रखे एक नग हार, 14 चूड़ी, 2 कड़ा, 1 चैन, 3 अंगूठी, पैण्डिल व टोप्स चुराकर ले गई। जब मेरी पत्नी को होश आया तो घटना की जानकारी मुझे दी और बताया कि सिमरन घर पर आयी थी, उसने मुझे कोल्ड ड्रिंक में कुछ मिलाकर पिला दिया। वह घर में रखे सोने के जेवर चुराकर ले गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक ज्ञान प्रकाश पांडे को सौंपी गई। पुलिस ने जेवरात चोरी के बारे में सिमरन से पूछताछ की तो उसने पुलिस को बताया कि मैं 7.84 लाख रुपयों में जेवर बेचे हैं। वहीं पुलिस ने जेवर खरीदारी के मामले में मोहल्ला पक्कापुल निवासी सर्राफ व्यापारी उमेश वर्मा, तिकोना चौकी के निकट रहने वाले विजय देवकर एवं मोहल्ला खतराना निवासी आनंद राव घाडगे को हिरासत में ले लिया। जो मोहल्ला कटरा डैरनाथ साई मार्केट में सुनारी का कार्य करते हैं। जिन्होंने पुलिस को बताया कि उन्होंने 7.84 लाख में चोरी के जेवर खरीद कर गला दिए हैं। पुलिस ने सिमरन से रुपयों के बारे में जानकारी की तो सिमरन ने बताया कि मैंने 1.48 लाख रुपए जींस हाउस के मालिक गोपाल अग्रवाल को दिए हैं। 70 हजार बकाया बिजली का बिल जमा किया है। 4.80 लाख रुपए मोहल्ला चीनीग्रान स्थित जन सेवा केंद्र के संचालक को खाते में जमा करने के लिए दिए हैं।



पुलिस हिरासत में कोतवाली में बैठे आरोपी

पुलिस ने सरस्वती भवन के निकट जींस हाउस के मालिक गोपाल अग्रवाल को हिरासत में ले लिया। पकड़े जाने पर गोपाल ने 1.48 लाख रुपए पुलिस को दे दिए। वहीं जन सेवा केंद्र के मालिक ने 4.80 लाख रुपए पुलिस को देते हुए बताया की रुपए खाते में जमा नहीं हो पाए हैं। सिमरन ने चोरी के जेवर बेचने के बाद तुरंत ही 6.98 लाख रुपए काम में लगा दिए। सूचना पर भाजपा नेता शिवांग रस्तोगी अन्य सर्राफा व्यापारी कोतवाली पहुंच गये। जिन्होंने पुलिस को बताया कि सिमरन के पिता भी सर्राफा व्यापारी थे, इसीलिए सिमरन के द्वारा बेचे गए, जेवर खरीदे गए। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दिया है।

## निदेशक की आने की सूचना पर बीडीओ ने की विभागों की समीक्षा



बैठक लेते बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास विकासखंड में भारत सरकार के नीति आयोग के निर्देशक के आने की सूचना पर विकासखंड अधिकारी ने समस्त विभागों की बैठक कर आगमन से पूर्व समीक्षा की। विकासखंड कार्यालय पर मंगलवार को आकाशी विकासखंड होने पर भारत सरकार के नीति आयोग के निदेशक की सूचना पर विकास खंडाधिकारी अमरेश चौहान ने समस्त विभागों की बैठक बुलाई। जिसमें जिसमें विकासखंड अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, बाल कल्याण विभाग सहित समस्त विभागों के अधिकारियों की बैठक बुलाई। बैठक में निदेशक के आने से पूर्व समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अपने-अपने कार्य क्षेत्र में सभी तैयारी से सजगता से तैयारी कर और किसी भी तरह की कोई भी कमी ना मिले। इस मौके पर एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ ग्राम विकास सुखदेव सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 लोकेश शर्मा, सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, नीति आयोग के नियोजन विभाग से इंदल बाबू सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी बैठक में मौजूद रहे।

# मोहर्रम की छठी तारीख पर निकला पारंपरिक अलम का जुलूस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मोहर्रम माह की छठी तारीख पर सधवाड़ा जटवारा कमेटी की ओर से पारंपरिक अलम का जुलूस बड़े ही अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस में इमाम हुसैन के अनुयायियों और अकीदतमंदों की बड़ी संख्या शामिल हुई। जामा मस्जिद से जुलूस का शुभारंभ हुआ। जुलूस के आगे मातमी धुन बजाते ढोल चल रहे थे।

जामा मस्जिद से निकला अलम बजरिया, श्यामा गेट, लोहाई बाजार और मुख्य चौराहे से होता हुआ गल्ला मंडी पहुंचा। इसके बाद अलम जटवारा मोहल्ला पहुंचकर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मार्ग के दोनों ओर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भारी भीड़ जुलूस के दर्शन के लिए मौजूद रही। जुलूस मार्ग पर सेवा और कौमी एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। विभिन्न स्थानों पर अकीदतमंदों और राहगीरों के लिए ठंडे पानी, मीठे शरबत और लंगर का इंतजाम किया गया था।

लोगों ने बढ़-चढ़कर सेवा कार्यों में हिस्सा लिया और जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया। जुलूस के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, क्राइम इस्पेक्टर महेद्र सिंह, कस्वा चौकी इन्चार्ज अंकुर भाटी, उपनिरीक्षक रामनरेश माथुर, उपनिरीक्षक अयुव, उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार, कांस्टेबिल आर्य चौधरी, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल सचिन कुमार, कांस्टेबिल घर्मेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल हर्षित कुमार, कांस्टेबिल रवेन्द्र कुमार, कांस्टेबिल सुरेश कुमार, कांस्टेबिल विक्रान्त सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरे मार्ग पर निगरानी रखी।

इस अवसर पर जावेद, आफाक, ताहिर, इकराम, महताब, अबरार, सलमान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। जुलूस शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



अलम का जुलूस निकालते लोग



जुलूस में मौजूद पुलिस बल

# तीसरे दिन बाद बरामद हुआ पूर्व सैनिक का शव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भांजी को बचाने के प्रयास में पूर्व सैनिक रविवार को गंगा में डूब गया था। जिसके बाद गोताखोरों ने काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। मंगलवार को तीन दिन बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से खोजबीन करायी। पांचाल घाट से तीन किलोमीटर दूर बरगदिया घाट गंगा तट पर शव उतराता मिला। शरा बरामद होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ के शिवाजी कॉलोनी निवासी 61 वर्षीय पूर्व सैनिक रामशंकर रविवार सुबह फिरोजाबाद निवासी बहन सुशीला, आगरा के रठौती की भांजी सुधा, हाथरस की भांजी संध्या और पड़ोसी आनंद प्रकाश मिश्रा समेत 10 लोगों के साथ गंगा नहाने दुर्वासा ऋषि आश्रम गए थे। सुबह करीब साढ़े नौ बजे भांजी संध्या अचानक गहरे पानी में डूबने लगीं। रामशंकर उन्हें बचाने के लिए गहरे पानी में चले गए। कुछ अन्य लोगों की मदद से संध्या को बचा लिया गया, लेकिन रामशंकर तेज धार में लापता हो गए। कादरीगेट थाना पुलिस, एनडीआरएफ और गोताखोरों ने देर शाम तक उनकी खोजबीन की, मगर उनका पता नहीं चल सका था। मंगलवार को तीन दिन बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से खोजबीन करायी। पांचाल घाट से तीन किलोमीटर दूर बरगदिया घाट गंगा तट पर शव उतराता मिला। शरा बरामद होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

**भांजी को बचाने के चक्कर में डूब गये थे**



रोते बिलखते मृतक के परिजन

## युवक व उसके साथी ने नाबालिक के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म का किया प्रयास

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव पुठरी निवासी एक महिला की नाबालिग पुत्री सोमवार शाम लगभग 6 बजे घर के पास लगे बाजार से सब्जी खरीदने गई थी। गांव के ही निवासी एक युवक व उसके साथी ने अपने ही मकान में जबरन खींच लिया। मकान के अंदर युवक ने किशोरी के साथ गंदी नीयत से छेड़छाड़ करने लगा। आरोप है कि छेड़छाड़ के दौरान युवक ने उसके शरीर पर कई जगह दांतों से काट लिया और दुष्कर्म करने के प्रयास में युवक ने किशोरी के कपड़े भी फाड़ दिए। किसी तरह किशोरी बचकर अपने घर पर पहुंची और परिजनों को घटना की सारी जानकारी दी। जिसकी शिकायत करने महिला युवक के घर पहुंची तो युवक के व उसके परिजनों ने महिला व महिला के परिजनो को गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर युवक व उसके परिजनों ने महिला के साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देकर घर से भगा दिया। सोमवार देर शाम महिला परिजनों के साथ नवाबगंज थाने पहुंची और पुलिस को युवक व उसके परिजनों व साथियों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## खबरें एक नजर में

### खेत से चारा काटने से मना करने पर महिला ने किशोरी को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खेत से चारा काटने का विरोध करने पर महिला ने किशोरी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता के पिता ने घटना के संबंध में आरोपी महिला के खिलाफ तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव पुठरी निवासी रामवीर की 12 वर्षीय पुत्री सोनी सोमवार शाम लगभग 6 बजे घर से खेत पर चारा काटने गई थी। उसी दौरान अपने खेत में गांव की ही महिला को चारा काटते देख सोनी ने मना किया। तो महिला गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर महिला ने सोनी को मारपीट कर दी। जिसमें सोनी चोटिल हो गई। पुलिस को रामवीर ने गांव की महिला के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### पुरानी रंजिश में दबंगों ने दंपत्ति व उनके बच्चों को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश में दबंगों ने किसान को गाली-गलौज किया। विरोध करने पर दबंगों ने किसान पर हमला कर दिया। बचाने आयी पत्नी व पुत्री-पुत्र को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। थाना क्षेत्र के गांव हमीरापुर निवासी कमलेश मंगलवार सुबह लगभग 10:30 बजे अपने खेत पर परिजनों के साथ काम कर रहा था। उसी दौरान गांव के ही युवक व उसके साथियों ने आकर जमीनी विवाद की रंजिश को लेकर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर युवक व उसके साथियों ने कमलेश को गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। बचाने आई पत्नी सुनीता, पुत्री शर्मीला, पुत्र रवी को भी पीटा। मारपीट में कमलेश, उनकी पत्नी सुनीता देवी, पुत्री शर्मीला, पुत्र रवी चोटिल हो गए। विवाद के दौरान दबंगों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस को कमलेश ने तीन लोगों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### ट्रैक्टर में लगी पटिया व कपलिंग चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव बीरपुर नादी निवासी मुस्ताक खां सोमवार रात अपने घर के निकट खाली पड़ी जगह में खड़े ट्रैक्टर के पास सो रहा था। भोर सुबह लगभग 3 बजे गांव का ही युवक आया और ट्रैक्टर में लगी पटिया व कपलिंग को खोलने लगा। उसी दौरान मुस्ताक खां की नीद खुल गई। तो युवक मौके से भागने लगा। मुस्ताक खां ने भाग रहे युवक का पीछा किया, लेकिन युवक पटिया व कपलिंग लेकर मौके से भाग गया। पुलिस को मुस्ताक खां ने युवक के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### आपत्तिजनक गतिविधियों में मिले युवक-युवती पुलिस ले गयी अपने साथ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार दोपहर जनपद के नवाबगंज नगर के एक मोहल्ले में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक मकान पर छापा मारा। स्थानीय लोगों के अनुसार पड़ोस के मकान में काफी समय से आपत्तिजनक गतिविधियां होने की चर्चा थी। जिस पर मोहल्ले के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान के अंदर से दो युवकों और एक युवती को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। पुलिस तीनों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही युवती के परिजन भी थाने पहुंच गए। सूत्रों के अनुसार देर शाम थाने में युवती के पिता और युवक पक्ष के लोगों के बीच समझौते का प्रयास चलता रहा। हालांकि पुलिस की ओर से मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना की चर्चा पूरे नगर में बनी रही और बड़ी संख्या में लोग मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं करते रहे। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### भैंस सहित चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा, दो फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात उमरापुर परिउली में चोरों ने घर के बाहर बंधी भैंस चोरी कर ली और फरार हो गये। इस दौरान सुबह चोर दाऊदपुर होते जा रहे थे। गांव वालों ने शक के आधार पर रोक लिया। इस दौरान दो चोर मौके से भाग गये। इस दौरान एक चोर को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंचा पीड़ित ने भैंस को अपने कब्जे में लिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पहले थाना मोहम्मदाबाद में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने मेरापुर क्षेत्र का होने की बात कहकर वहां शिकायत करने की बात कही। पीड़ित जब थाना मेरापुर पहुंचा तो वहां की पुलिस ने मोहम्मदाबाद क्षेत्र होने की बात कहकर चलता कर दिया। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। मेरापुर क्षेत्र के नगला उमरपुर परिउली निवासी बाबूराम पुत्र रामभरोसे ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में दर्शाया कि 23 जून की रात्रि 2 बजे घर के बाहर बंधी भैंस को चोर चोरी कर ले गये। घटना की सूचना मेरापुर पुलिस को दी। सुबह चोर दाऊदपुर से मोहम्मदाबाद की तरफ जा रहे थे। शक होने पर ग्रामीणों ने जब पूछताछ की तो दो चोर मौके से भाग गये। इस दौरान ग्रामीणों ने एक चोर को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राजेश पुत्र बृजेश निवासी पखना मोहम्मदाबाद बताया। जिसके बाद शिकायत पीड़ित ने घटना के संबंध में पहले थाना मोहम्मदाबाद में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने मेरापुर क्षेत्र का होने की बात कहकर वहां शिकायत करने की बात कही। पीड़ित जब थाना मेरापुर पहुंचा तो वहां की पुलिस ने मोहम्मदाबाद क्षेत्र होने की बात कहकर चलता कर दिया। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की।

### कच्ची शराब सहित महिला गिरफ्तार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कच्ची शराब सहित पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। उपनिरीक्षक कल्लू प्रसाद ने मुखबिर की सूचना पर मन्नी गिहार पत्नी स्व0 राज कपूर निवासिनी महरूपुर रावी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 19 अदद देशी शराब के पाउच वजन करीब 03 लीटर नाजायज बरामद हुए। पुलिस ने धारा 60 आबकारी अधि0 के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# नशीली दवाओं एवं नारकोटिक्स के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करें सुनिश्चित: डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में मंगलवार को जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में जनपद स्तरीय नेशनल नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में नशीली दवाओं एवं नारकोटिक्स पर प्रभावी नियंत्रण, प्रवर्तन कार्यवाहियों की समीक्षा तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, औषधि निरीक्षक, प्रभागीय निदेशक वन विभाग, जिला कृषि अधिकारी, विशेष अधिवक्ता एनडीपीएस, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, नारकोटिक्स सेल प्रभारी सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने निर्देश दिए कि जनपद में नशीली दवाओं एवं मादक पदार्थों के अवैध प्रयोग, भंडारण और तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 17 जून से 26 जून तक संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों, विभिन्न समितियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई जाए तथा व्यापक जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएँ। नारकोटिक्स से संबंधित दर्ज अभियोगों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग, अभियोजन विभाग एवं आबकारी विभाग को निर्देशित किया कि मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा अभियोजन संबंधी समस्त कार्यवाहियाँ समयबद्ध रूप से पूर्ण कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि जनपद में नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति आमजन, विशेषकर युवाओं एवं संवेदनशील वर्गों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएँ। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई जाए तथा नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला, वाद-विवाद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में जागरूकता विकसित की जाए। चिकित्सा विभाग एवं औषधि प्रशासन विभाग को समस्त मेडिकल स्टोरों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने तथा प्रतिबंधित एवं नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर सख्त निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आबकारी विभाग को जनपद की सभी भांग की दुकानों की सघन जांच कर निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश प्रदान किए गए। डीएम ने कहा कि युवाओं को नशीली दवाओं एवं नारकोटिक्स के दुष्प्रभावों से बचाना समाज और प्रशासन दोनों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से आपसी समन्वय स्थापित कर नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में प्रभावी, सतत एवं जनभागीदारी आधारित प्रयास करने का आवाह्न किया।



बैठक लेती डीएम मौजूद एसपी

# सीएमओ ने लोहिया अस्पताल का किया निरीक्षण, फिजिशियन मिले गायब, जतायी नाराजगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय ने मंगलवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ को पुरुष अस्पताल की ओपीडी में फिजिशियन डॉ. दीपक वर्मा अनुपस्थित मिले। वहीं, आयुष्मान मित्र काउंटर पर भी कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। सीएमओ ने ओपीडी में मरीजों और डॉक्टरों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। सीएमएस ने बताया कि सभी डॉक्टर अपने-अपने कमरों में मौजूद रहकर मरीजों को सेवाएं दे रहे हैं, जिसकी पुष्टि सीएमओ ने स्वयं की। जिसके बाद सीएमओ लोहिया पुरुष अस्पताल पहुंचे। यहां ओपीडी में फिजिशियन डॉ. दीपक वर्मा अपने चेंबर में नहीं मिले, जबकि वहां चार मरीज इंतजार कर रहे थे। सीएमओ ने स्वयं कुर्सी पर बैठकर इन मरीजों को देखा। वे लगभग 15 मिनट तक वहां रुके। सीएमओ ने आयुष्मान मित्र के काउंटर का भी निरीक्षण किया। जहां कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं मिला। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था का भी जायजा लिया। सीएमओ ने सीएमएस को निर्देश दिए कि चिकित्सक समय पर ओपीडी में उपस्थित रहें, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि डिजिटल जांच में डॉ. दीपक वर्मा अनुपस्थित पाए गए, जिसके बाद सीएमएस और उन्होंने मिलकर मरीजों को देखा। सीएमओ ने सभी चिकित्सकों को सुबह 8 बजे अपने चेंबर में मौजूद रहने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि कोई चिकित्सक अनुपस्थित पाया जाता है, तो उसके खिलाफ शासन और महानिदेशक को कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।



लोहिया अस्पताल का निरीक्षण करते सीएमओ

# स्वस्थ दांतों व मसूड़ों के लिए नियमित सफाई जरुरी: डॉ. अहमद खान



डॉ. अहमद खान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मरीजों को जीवनदान देने वाले चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता है। 1 जुलाई को होने वाले डाक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में विशेष साक्षात्कार के दौरान डॉ. अनवार डेंटल हॉस्पिटल के वरिष्ठ डेंटल सर्जन डॉ. अहमद खान ने बताया कि मैंने अभी तक जो भी सीखा है वह अपने पिता डॉ. अनवार खान के आशीर्वाद से प्राप्त हुआ है। उनका सपना है कि मेरी तरह मेरा बेटा भी चिकित्सक बने। जो मैंने उनके आशीर्वाद से पूरा किया है। मेरे प्रेरणा श्रोत पूर्व राष्ट्रपति स्व0 एपीजे अब्दुल कलाम है। मेरी हावी पढ़ना व फिटनेश पर ध्यान देना है। सन् 2002 में सेंट एंथोनी स्कूल से हाईस्कूल किया। इसी स्कूल से इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की। ग्रेजुएशन उत्तर प्रदेश डेंटल कॉलेज लखनऊ से बी.डी.एस. किया। साथ ही इसी कालेज से एम.डी.एस. ओरल सर्जरी की डिग्री प्राप्त की। 2013 से 2017 तक रामा डेंटल कालेज कानपुर में प्रोफेसर रहा। 2017 में फतेहगढ़ स्थित अपने पिता के डॉ. अनवार

**धरती के भगवान**

डेंटल हॉस्पिटल में कार्य शुरु किया। तब से अब तक इसी हॉस्पिटल में कार्य कर रहा हूं। इस अस्पाल को ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए रात-दिन मेहनत करता हूं, इसी अस्पताल का और विस्तार करना मेरा सपना है। मेरे मार्ग दर्शक मेरे पिता मेरा पूर्ण सहयोग करते है। परिवार में सभी लोगों का स्नेह है। दांतों को स्वच्छ व साफ रखने के लिए मरीजों में जागरुकता बढ़ी है। मरीजों की प्रतिदिन संख्या बढ़ रही है। दांतों का खराब होना मुख्य रुप से जंक वाला फास्ट फूड सेवन करना एवं मुहं की समस्या तम्बाकू के कारण बढ़ रही है, जिससे ओरल कैंसर भी बढ़ रहे है। प्रतिदिन दो से चार मरीज ओरल कैंसर के अस्पताल में आते है। ऐसे में सही समय पर मरीज अपना इलाज कराये तो वह जल्दी ठीक हो सकता है। मुहं के अंदर अलसर व घाव होना कैंसर के लक्षण होते है। ऐसे में मरीज तुरन्त चिकित्सक के पास पहुंचकर इलाज कराये। दांतों को साफ और सुंदर दिखने के लिए गलत खान पान का त्याग करें और मीठे का सेवन कम करें। एक दिन में कम से कम दो बार ब्रश करें। जबड़े की गांठ, जबड़े में ट्यूमर एवं चेहरे का फेक्चर आदि का भी इलाज करते है। कई मरीजों के जबड़ों का ठीक किया है। विश्व स्तर की सेवायें दे रहा हूं और काम की क्वालिटी पर पूरा फोकस रहता है। दांतों संबंधित जबड़ों का पूर्ण इलाज करता हूं। नये दांत लगाना, दांतों में कैप लगाना आदि सभी सुविधायें उपलब्ध है। समय-समय पर सेमीनार में भाग लेता हूॅ। शिविर के माध्यम से भी लोगों का चेकअप करता हूं। मेरे अस्पताल में दूसरे जनपद के भी मरीज आकर अपना इलाज कराते है। गरीब मरीजों का पूर्ण इलाज करता हूं। अक्सर मरीज ऐसे आ जाते है उन्हें भी स्वस्थ बनाना मेरा उद्द्देश्य है। कोई भी मरीज पैसे के अभाव में इलाज कराने से वंचित न रहे, उनको फ्री देखता हूं।



मरीज का दंत परीक्षण करते डॉ. अहमद खान

## पांच लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** युवक की हत्या के मामले में मृतक के भाई ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्त ग्राम भूलनपुर चिरपुरा निवासी संतोष कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उनका भाई प्रवेश 18 जून की सुबह खेत पर मूंगफली खुदाई का काम कर रहा था। उसी दौरान गांव के कुछ लोग उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपने साथ ले गए। इसके बाद प्रवेश को गांव के देशी शराब ठेके के पास कुछ अन्य लोगों के साथ देखा गया था। परिजनों का आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने शराब पी और प्रवेश के साथ गाली-गलौज व मारपीट की। इसके बाद उसे अपने साथ ले जाने की बात कही। जब प्रवेश के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया, तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। दो दिन बाद 20 जून की सुबह राहगीरों ने मक्के के खेत से दुर्गंध आने की सूचना दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो प्रवेश का शव वहीं पड़ा मिला। घटना की जानकारी तत्काल थाना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संतोष कुमार ने अपनी शिकायत में गांव के विमलेश अन्य पांच अज्ञात लोगों को नामजद करते हुए घटना से जुड़े तथ्यों की गहन जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 191(2)115 (2)252/105 के तहत मुकदमा पजीकृत किया।

## दबंगों ने मां-बेटी को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला बाईपास रोड निवासी जबर सिंह की पत्नी मायावती मंगलवार सुबह लगभग 11:30 बजे अपनी पुत्री नन्ही देवी के साथ पीपल के पास खेत से घास काट रही थी। उसी दौरान मोहल्ला नगला हीरासिंह निवासी युवक व उसके परिजनों ने आकर खेत से घास काटने पर आपत्ति कर गाली-गलौज शुरू कर दिया। विरोध करने पर युवक व उसके परिजनों ने नन्ही देवी को मारपीट की। बचाने आई मां मायावती को भी पीटा। पुलिस को मायावती पत्नी जबर सिंह ने युवक व उसके परिजनों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## अवैध शराब के 40 पौवे सहित दो गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से 20-20 देशी शराब के पव्वे नाजायज बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार अभियुक्त शिवम पुत्र स्व0 सतीशचन्द्र निवासी ग्राम पैथान खुर्द के कब्जे से 20 अदद देशी शराब के पव्वे बरामद हुए। वहीं दूसरे मामले में अभियुक्त अनुज कुमार पुत्र बजरंगी श्रीवास्तव निवासी ग्राम पैथान खुर्द के कब्जे से भी 20 अदद देशी शराब के पव्वे बरामद हुए हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# लखनऊ अग्निकाण्ड के बाद जागा प्रशासन होटलों व कोचिंग सेंटरों पर मारा छापा

▶ नगर मजिस्ट्रेट बोली: बिना फायर एनओसी के नहीं होगा संचालन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



होटल में चेकिंग के दौरान नगर मजिस्ट्रेट व सीओ

लखनऊ में एक कोचिंग सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। किसी भी संभावित दुर्घटना को रोकने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार एवं सीओ सिटी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ शहर के कोचिंग सेंटरों, मॉल्स और अन्य भीड़भाड़ वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। प्रतिष्ठानों में लगे अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशील स्थिति की जांच की गई। साथ ही आपातकालीन निकास द्वार, वेंटिलेशन सिस्टम, विद्युत सुरक्षा और आपदा की स्थिति में बचाव संबंधी व्यवस्थाओं को भी परखा गया। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि बिना फायर एनओसी के शहर में होटल, रेस्टोरेंट व कोचिंग सेंटर नहीं चलेंगे। सभी को दो दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। जिन लोगों के कागजों में कमी है वह पूर्ण करें। कागज पूर्ण न होने वाले होटल, रेस्टोरेंट व कोचिंग सेंटरों को बंद कर दिया जायेगा।

नगर मजिस्ट्रेट से सख्त होते हुए निर्देशित किया कि किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। शहर के होटल हिन्दुस्तान, आकाश कोचिंग, आचार्य कोचिंग, विशाल मेगा मार्ट आदि स्थानों पर अभियान चलाकर निरीक्षण किया और कमियां पाये जाने पर सख्त निर्देशित किया कि दो दिन के अंदर कागज पूर्ण करें, अन्यथा होटल, रेस्टोरैंट व कोचिंग सेंटरों को बंद किया जायेगा।

## मंदिर भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर 7 दिन का अल्टीमेटम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मोहल्ला दरीबा पश्चिम स्थित मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। विनीत बाजपेयी ने आरोप है कि मंदिर की जमीन पर अवैध रूप से दुकानें और मकान बनाए गए हैं। नगर पालिका द्वारा की गई जांच में अतिक्रमण की पुष्टि हो चुकी है तथा ध्वस्तीकरण का आदेश भी जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद बीते 2 वर्षों से प्रशासन द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विनीत बाजपेई द्वारा जिलाधिकारी को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। उन्होंने मांग की है कि खसरा-खतौनी और रिकॉर्ड बदलाव संबंधी आदेश को लिखित रूप में सार्वजनिक किया जाए। अल्टीमेटम में कहा गया कि यदि निर्धारित समय सीमा में आदेश सार्वजनिक नहीं किए जाते हैं, तो मंडलायुक्त, राजस्व परिषद तथा इलाहाबाद उच्च न्यायालय में मामला ले जाया जाएगा।

## 25 जून को कलेक्ट्रेट में भाकियू नेता करेंगे धरना प्रदर्शन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



जानकारी देते राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह आदि

कलेक्ट्रेट परिसर में 25 जून को आयोजित होने वाले संयुक्त किसान मोर्चा के धरना प्रदर्शन में भाकियू भानु गुट के पदाधिकारी व अन्य जनपदों के कार्यकर्ता भाग लेंगे।

भाकियू अखंड के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी एवं उनके साथियों/गौ रक्षकों के विरुद्ध एसडीएम कायमगंज द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमों के विरोध एवं उनके समर्थन में सभी साथी एकजुट होकर बड़ी संख्या में भाकियू नेता कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने आदेश जारी किया कि समस्त जनपद के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अधिक संख्या में पहुंचकर नरेन्द्र सोमवंशी के समर्थन में किसानों के हितों को देखते हुए प्रदर्शन में शामिल हो और ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच होने की मांग करेंगे।

जानकारी ऑडियो की जांच हो और वायरल गौशाला के बचाव को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसमें गौवंशों की हो रही मृत्यु व एसडीएम का विरोध किया जायेगा। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में भाकियू नेता पहुंचेंगे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी, राष्ट्रीय महासचिव राजेश दीक्षित बबलू आदि लोग मौजूद रहे।

# किराए वृद्धि को लेकर व्यापारियों ने मण्डी सचिव को सौंपा ज्ञापन



मण्डी सचिव को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश नेतृत्व के आदेश पर जिला उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला व जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गौतम के नेतृत्व में मण्डी सचिव द्वारा मंडी समिति में नई ऐप के तहत दुकानों के किराए में 5 प्रतिशत वृद्धि की गई है। जिसको लेकर व्यापारियों ने मण्डी पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की कि मण्डी समिति द्वारा नई ऐप व्यवस्था, दुकानों के किराए में 5 प्रतिशत वृद्धि, वर्ष 2010 के आदेश का अनुपालन न होना, ऑनलाइन पोर्टल में खामिया एवं लाइसेंस नवीनीकरण हेतु लागू की गई नई शर्तों के संशोधित करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू गौतम, सौरभ शुक्ला, संजय रस्तोगी, विशाल दुबे, गोविंद अवस्थी आदि सहित व्यापारी उपस्थित रहे।

# लोहिया पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मिला सपा का प्रतिनिधि मण्डल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

▶ सपा नेताओं से पुलिस अधीक्षक ने मिलने से किया इनकार



जानकारी देते सपा नेता

थाना क्षेत्र मोहम्मदाबाद के गाँव सकवाई में बीते 15 जून को रिंकू उर्फ रजनीश शर्मा को गाँव के ही कुछ दबंग लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। हालत गंभीर होने पर रिंकू शर्मा को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल रिंकू शर्मा की पत्नी आरती शर्मा ने घटना में सम्मिलित दबंगों के खिलाफ नाम दर्ज मुकदमा पंजीकृत कराया है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। घटना का समाजवादी पार्टी ने संज्ञान लिया और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने एक प्रतिनिधि मण्डल का गठन कर घटना की जानकारी लेने पीड़ित एवं उनके परिजनों से मिलने तथा प्रशासन से मिलकर कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु भेजा था।

जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि नामित प्रतिनिधि मण्डल जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचा।

जहां घायल रिंकू शर्मा एवं उनके परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली। उसके बाद तहरीर आवेदन कर्ता उनकी पत्नी आरती शर्मा को लेकर प्रतिनिधि मण्डल के सभी सदस्य पुलिस अधीक्षक से मिलने फतेहगढ़ स्थित उनके कार्यालय पुलिस लाइन पहुंचे।

जहां पुलिस अधीक्षक ने समाजवादी प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों से मिलने से इनकार कर दिया। सपा नेता पुलिस अधीक्षक से न मिल पाने के कारण नाराज दिखे और अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कहा जनतंत्र में विपक्ष के प्रति लोक सेवकों का ऐसा व्यवहार नहीं होना चाहिए, लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष को भी अपनी बात रखने का पूरा हक है। पुलिस अधीक्षक द्वारा ऐसा किया जाना यह दर्शाता है सरकारी व्यवस्थाएं अब सत्ताधारी दल के सामने पंगु हो चुकी हैं। उन्होंने शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संदीप विश्वकर्मा ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि इस घटना में प्रशासन का रवैया पूर्ण रूप से पक्षपाती है, और सिर्फयहीं नहीं बल्कि प्रदेश के कई जिलों में सिलसिलेवार विश्वकर्मा समाज के लोगों पर सत्ता द्वारा पोषित गुंडे अन्याय अत्याचार कर रहे हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक सिंह यादव ने कहा कि बहुत लंबे समय तक सरकारों के आने-जाने का दौर देखा है, लेकिन यह पहली सरकार है जिसमें कोई लोक सेवक विपक्ष के लोगों से मिलने तक से इनकार कर दे।

डॉ0 नवल किशोर शाक्य ने कहा कि हम लोग पीड़ित पक्ष की बात लेकर पुलिस अधीक्षक से गए थे, उनके द्वारा पीड़ित पक्ष की बात का न सुना जाना बहुत ही निंदनीय है। पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन प्रशासन द्वारा दोषियों के विरुद्ध सक्रियता से कार्यवाही न करना इसे और ज्यादा अन्याय पूर्ण बनाता है। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा कि इससे भी ज्यादा अन्याय और क्या हो सकता है? क्या पीड़ितों की अब बात भी नहीं अब सुनी जाएगी यह कैसा रामराज्य है। घायल रिंकू शर्मा की पत्नी आरती शर्मा ने बताया कि आरोपित पक्ष लगातार उन पर दबाव बनाए हुए है फोन पर गंदी-गंदी गालियां देकर समझौता करने के लिए धमकी दी जा रही है और कहा जा रहा है कि यदि समझौता नहीं किया तो अगली बार जान से हाथ धोना पड़ेगा।

इस दौरान जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, नरेंद्र शाक्य, राधेश्याम सविता, नरेंद्र सिंह यादव, आशीष शर्मा, विनीत परमार, शिवशंकर शर्मा, अर्चित शर्मा, मुदस्सिर खां, अमित यादव, नौशाद अहमद, श्रीकृष्ण शर्मा, महिपाल शर्मा, शिवम पटेल, गोपाल यादव, गोविंद यादव, मोहम्मद अनस, प्रवेश शाक्य, सुब्रत शाक्य, शीलू खां, योगेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### राम जानकी महालक्ष्मी मंदिर में बड़ा मंगलवार मेला उत्सव संपन्न



हवन पूजन में आहूतियां डालते भक्तगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नया कोठापार्चा स्थित श्री राम जानकी महालक्ष्मी मंदिर में जेठ मास के अंतिम मंगलवार को श्री हनुमान जी महाराज का पूजन-अर्चन कर बड़ा मंगल मेला उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह मंगल दर्शन व श्रृंगार पूजा के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। भव्य यज्ञ, सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ के बाद विद्वान पंडितों आचार्य पं0 प्रमोद मिश्रा, विजय प्रकाश अवस्थी व पं0 दिव्यांशु शुक्ला ने पूजन संपन्न कराया। मुख्य यजमान अनिल कुमार त्रिपाठी, मनीष मिश्रा, मयंक गुप्ता, अशोक दुबे, सर्वेश दीक्षित, जीवू शुक्ला, संजीव मिश्रा, दीपू गुप्ता, अजय मनोज, राजेश मिश्रा, पंकज, मीनू पांडेय, रचित अग्रवाल, पंकज, विनय अग्रवाल, सुरेश दीक्षित सहित भक्तों ने भाग लिया। सायंकाल 5 बजे भक्तों ने 108 सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री हनुमान जी का भव्य दर्शन, महाआरती व महाप्रसाद भंडारा का आयोजन हुआ। देर रात्रि तक चले बड़ा मंगल मेले का समापन आरती के साथ किया गया।

### हिन्दू समाज पार्टी के दस जिलों में अध्यक्ष घोषित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मंगलवार को हिन्दू समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा किरन कमलेश तिवारी के आदेशानुसार प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने प्रदेश में दस जिलाध्यक्ष घोषित किये है। जिसमें चित्रकूट, गाजियाबाद, सीतापुर, ललितपुर, शामली, भदोही, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, गोण्डा, लखीमपुर समेत 10 जनपदों के जिलाध्यक्षो की घोषणा प्रदेश कैम्प कार्यालय फर्रुखाबाद से की गई है।

### बस की टक्कर से घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के पपड़ी गांव के सामने रोडवेज बस की टक्कर से टेम्पो सवार 70 वर्षीय वृद्ध व उनके नाती-नातिन गंभीर रुप से घायल हो गये। उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के कलाखेल गिर्द निवासी उस्मान उम्र 70 वर्षीय पुत्र कयूम बीते दिन अपने नाती हमजा निवासी हाथा सफी खाँ फर्रुखावाद गये थे। वहाँ से अपने 9 वर्षीय नाती हमजा उम्र 16 वर्षीय पुत्र आसिफ तथा नातिन अर्मिता उम्र 10 वर्ष के साथ फर्रुखाबाद से टेम्पो में बैठकर कायमगंज आ रहे थे। जैसे ही वह कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग स्थित ग्राम पपड़ी मिलकिया थाना कायमगंज के निकट पहुँचते ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोज बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही टेम्पो पलट गया। हादसे में वृद्ध उस्मान व उनका नाती हमजा, नातिन अर्मिता गंभीर रूप से घायल हो गयी। आसपास के लोगों की मदद से तीनों लोगों को तत्काल कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद रोडवेज बस चालक जोगेश पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी जिटोली, जनपद एटा बस को तेजी से अलीगंज की ओर भगाकर ले जाने लगा। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने तत्काल उसका पीछा किया। कायमगंज नगर स्थित गालिब पुलिया के पास भीड़ ने बस को रोक लिया और चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घायल वृद्ध की मंगलवार को उपचार के दौरान मौत हो गयी। मृतक की पत्नी मुन्नी वेगम सहित तीन बेटों व चार बेटियों का रो-रोकर बुरा है।

# पीएम स्वनिधि लोक कल्याण मेले में स्ट्रीट वेंडरों को दी गई योजनाओं की जानकारी

कंपिल, समृद्धि न्यूज।



कार्यक्रम में मौजूद नगर पंचायत कर्मचारी व लोग

नगर पंचायत कंपिल के सभागार में सोमवार को पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत पीएम स्वनिधि लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य अधिक से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को योजना से जोड़ना तथा उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना रहा।

कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडरों ने भाग लिया। नगर पंचायत के कर्मियों ने उपस्थित वेंडरों को पीएम स्वनिधि योजना के तहत उपलब्ध कराए जाने वाले ऋण, उसके लाभ, आवेदन प्रक्रिया तथा समय पर ऋण चुकाने पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनने और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। नगर पंचायत के कर्मियों ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से रेहड़ी, पटरी एवं फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले छोटे दुकानदारों को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे अपने रोजगार को सुदृढ़ कर सकें। कार्यक्रम में उपस्थित वेंडरों की समस्याएं भी सुनी गई और उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। इस दौरान नगर पंचायत कंपिल के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार, लिपिक पवन कुमार, योजना प्रभारी सुमित प्रताप, अजय कुमार, आदेश कुमार, अजीत कुमार, पवन एवं सौरभ सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्ट्रीट वेंडरों को योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजना से जोड़ने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित स्ट्रीट वेंडरों ने योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नगर पंचायत की पहल की सराहना की। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा।

# ठंडी सड़क के डिग्गीताल को कब्जा मुक्त कराने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

▶ जल संरक्षण जलाशय को कब्जे से मुक्त करा रही है सरकार
▶ भू-माफियाओं से तत्काल तालाब की जमीन करायी जाये मुक्त

जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने शहर का पुराना तालाब ठण्डी सड़क की फर्जी बैनामा कराकर आलीशान भवनों के हुये निर्माण कर लिया है। जिसके विरोध में मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि डिग्गीताल ठंडी सड़क की जांच कई बार हुई है। उस पर केएम गेस्ट हाउस, केएम इंडिया वस्त्र की मार्केट बनी है। जल संरक्षण जलाशय को सरकार कब्जे से मुक्त करा रही है। जबकि इस ठंडी सड़क पर तालाब पर बने आलीशान भवन अतिक्रमण की जद में है। जिस कारण सौंदर्यीकरण व स्वच्छ जलाशय नहीं मिल पा रहा है। भू-माफियाओं से तत्काल तालाब की जमीन मुक्त करायी जाये। जिससे प्राकृतिक जलाशय को बढ़ावा मिले। नगर पालिका सरकारी डिग्गीताल की भूमि को खाली कराये और शासन प्रशासन अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही करें। इस मौके पर उत्तम कुमार मिश्रा, कृष्ण कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी व लपट से जन जीवन प्रभावित



बाजार में दुपट्टे से सिर ढकी युवतियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भीषण गर्मी से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है। सुबह 9 बजते ही सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। आदमी के साथ भीषण गर्मी में जानवर भी बेहाल हैं। जानवर प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते नजर आते हैं। चिलचिलाती गर्मी ने जनजीवन प्रभावित किया है। लोग दिनभर गर्मी में पसीने से तर-बतर होकर झुलसने को मजबूर हैं। तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

गर्मी इतनी अधिक पड़ रही है कि लोग अपने घरों से निकलने में परहेज करने लगे हैं। साथ ही दिन के समय चलने वाली लू ने लोगों की परेशानी को बढ़ा दिया है। चल रही गर्म हवाओं के कारण लोगों का शरीर झुलस रहा है। लोग पूरे शरीर को कपड़ों से ढककर घरों से निकलने को मजबूर हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा जैसे आसमान से आग बरस रहा है। तापमान में लगातार हो रही वृद्धि ने लोगों को झुलसा दिया है। गर्मी ने प्रचंड रूप धारण कर लिया है। गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही दिन के समय शहर व गावों की सड़क व गलियां सुनसान हो जाती हैं। गलियों में इक्का-दुक्का लोग ही नजर आते हैं। लोग घरों से निकलने में परहेज करने लगे हैं। दिन के समय मार्केट में दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करने को मजबूर हैं। वहीं भीषण गर्मी व तेज गति से चल रही गर्म हवाओं में सबसे अधिक परेशानी दुपहिया वाहन चालकों को आ रही हैं। ठंडे पेय पदार्थ के दुकानों पर भीड़ शहर में बढ़ती गर्मी के कारण ठंडे पेय पदार्थ दुकानों पर भीड़ लग रही है। आम जूस से लेकर कोल्डड्रिक की बिक्री बढ़ गई है।

# लखनऊ अग्निकाण्ड में दिव्यंग हुए बच्चों को सपा महानगर अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



श्रद्धांजलि सभा में मौजूद सपा महानगर अध्यक्ष व अन्य

समाजवादी पार्टी महानगर द्वारा लखनऊ के अलीगंज स्थित कोचिंग सेंटर में हुए भयावह अग्निकांड में मृत हुए बच्चों की स्मृति में कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सपा महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनों समाजवादी साथियों ने किराना बाजार से कैंडल मार्च प्रारंभ किया। जो नगर के त्रिपोलिया चौक पर जाकर सम्पन्न हुआ।

इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने अग्निकांड में असमय काल के गाल में समा गए लगभग 15 मासूम बच्चों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। राघव दत्त मिश्रा ने कहा कि लखनऊ के अलीगंज में हुआ यह अग्निकांड अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में समाजवादी पार्टी एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सभी पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। इस घटना के दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने मांग की कि प्रत्येक मृतक परिवार को कम से कम 25 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में खुर्शीद खान, अमन भारद्वाज, प्रवेश कटियार, अमित यादव, कुलदीप भारद्वाज, रजत क्रांतिकारी, ओम प्रकाश शर्मा, वीना शर्मा, विकास गुप्ता, रिंकू यादव, अभिषेक गुप्ता, यूनुस अंसारी, उरूज खान, अमित यादव, शुभम शुक्ला, रवि मिश्रा, प्रदीप दुबे आदि मौजूद रहे।

# सात मोहर्रम पर जुलूस में छायी मातमी धुने, किया हुसैन को याद



अलम जुलूस में मौजूद शिया समाज के लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

7 मोहर्रम का जुलूस शामे गरीबा से अलमे हजरते अब्बास और गैवारह अली असगर बरामद हुआ। मौलाना फरहत अली जैदी नें मजलिस खिताब किया आज ख्यामे हुसैनी 7 मोहर्रम से पानी बन्द हो गया। बच्चों के अलातश की सदायें गुजती रही पर यजीद नें नहरे फरात पर पहरा लगा दिया, पर मौला अब्बास अलम बरदार ने अपनी भतीजी के साथ लेकर इमामे हुसैन से इजाजत तलब की। मौला इमामे हुसैन ने कहा भईया को इजाजत दी और कहा की दिफा करना, जंग मत करना, मौला अब्बास अलम बरदार को टुटा हुआ नेजा देकर जंग की इजाजत दी और अलम में मशके सकीना बाँध कर पानी की सबील के लिए फरात का रुख किया। मौला अब्बास फरात तक पहुँचे और मश्क को भरा यजीद के लशकर में एक खौफ पैदा हो गया। मौला अब्बास मश्क लेकर ख्याम की तरफ चले। यजीदी फौज नें किसी नें तीर मश्क में मारा मौला अब्बास की आस टूट गई, भागी हुई फौज सिमट आई। किसी ने तीर मारा, किसी ने तवर मारा, मौला अब्बास जमीन पर तशरीफ लाए और इमामे हुसैन को पुकारा। भाई ने भाई का सर अपने जानू पे रखा, इमामे हुसैन नें कहा मौला अब्बास से ताउम्र आका कहा है बस एक मरतवा भाई कह दो मौला अब्बास नें भाई कहा। इस मौके पर सैय्यद अम्मार अली जैदी, आफताब हुसैन, नफीस हुसैन, मुंनवर हुसैन, मुन्तजिर हुसैन जैदी, मसरत अली जैदी, रहबर आब्दी अली, यावर जैदी, जावेद हुसैन, इंतजार हुसैन, मोहसिन काजमी, मुदास्सर काजमी, हुसैन अली जैदी, अली मोहम्मद, शोएब जैदी, सैफ हुसैन, यूसुफ ज़ैदी आदि लोग मौजुद रहे।

# शिवशक्ति अखाड़ा का ग्रीष्मकालीन कला-संस्कृति शिविर संपन्न

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

▶ बेटियों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

सीपी गेस्ट हाउस में शिवशक्ति अखाड़ा द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कला एवं संस्कृति शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ। प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता हिमाचल प्रदेश के शिमला से डॉ0 विवेक रहे, जबकि अखाड़ा संस्थापक मधुरम शरण ने अध्यक्षता की। नगर चेयरमैन डॉ0 शरद कुमार, वरिष्ठ समाजसेवी अरुण दुबे, नरेश अग्रवाल और अधिवक्ता राम साहब सहित कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने समारोह में भाग लिया। अतिथियों का अंगवस्त्र और सम्मान पत्र भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के संचालन और आयोजन में आईएएस सुहानी राजपूत सहित अखाड़ा की बेटियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह की शुरुआत बेटियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य से हुई।

इसके बाद शिवशक्ति अखाड़ा के जिला सेनापति नितिन चतुर्वेदी ने अखाड़ा की गतिविधियों, उद्देश्यों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं और बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों तथा राष्ट्रभक्ति से जोड़ने के लिए अखाड़ा द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ0 विवेक ने भारत के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम और हिंदू क्रांतिकारियों के योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आवाह्न करते हुए राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक गौरव का संदेश दिया। इस दौरान देशभक्ति और सांस्कृतिक विषयों पर आधारित गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। अखाड़ा संस्थापक मधुरम शरण ने संगठन की स्थापना के उद्देश्यों और ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं और शिविर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा मेडल एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ अतिथि मिथिलेश अग्रवाल ने शिविर की प्रशिक्षिकाओं का भी विशेष सम्मान किया। मुख्य आकर्षण भारतीय संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। पीले वस्त्रों में सजी बालिकाओं ने समूह नृत्य और पिरामिड बनाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिविर के दौरान तैयार हस्तशिल्प और परिधानों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

## 1 कुंटल 25 किलो लड्डू का बालाजी को लगा भोग

# ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगल पर उमड़ा आस्था का सैलाब

समृद्धि न्यूज़

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगल के पावन अवसर पर थाना हैदराबाद क्षेत्र के गोला-बांकेगंज रोड स्थित गैस गोदाम के सामने, नगरा सलेमपुर और ग्राम पंचायत कोरैया की सीमा पर बने सार्वजनिक हनुमान मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण छा गया। इस अवसर पर भगवान श्री बालाजी (हनुमान जी) के लिए विशेष पूजा-अर्चना के साथ 1 कुंटल 25 किलोग्राम लड्डू प्रसाद तैयार कर भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करते हुए विधि-विधान से पूजा संपन्न की। पूजन के बाद कोरैया, नगरा सलेमपुर, दतेली, फूलपुर सहित आसपास के गांवों में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बालाजी के लड्डू प्रसाद को रथ और अन्य वाहनों के माध्यम से गांव-गांव भ्रमण कराते हुए श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया।



भगवान श्रीराम और हनुमान जी के जयघोषों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। ग्रामीणों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत कर प्रसाद ग्रहण किया। ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगल के विशेष धार्मिक महत्व को देखते हुए ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से इस आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम में युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। सभी के सहयोग से आयोजन शांतिपूर्ण और भव्य रूप से संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था और जनसेवा का प्रतीक बताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर सूर्य प्रसाद वर्मा, राम सहाय वर्मा, नवीन वर्मा, आशीष भारती (पत्रकार), कौशल शर्मा (पत्रकार, लक्ष्य जन सेवा केंद्र) सहित अनेक श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आग पीड़ितों के बीच पहुंचे राजेश्वर सिंह, राहत सामग्री बांट बंधाया ढांढस



समृद्धि न्यूज़, निघासन, खीरी।

तहसील निघासन क्षेत्र के ग्राम दुबहा में हाल ही में हुए अग्निकांड से प्रभावित परिवारों के बीच मंगलवार को झंडी स्टेट के राजा एवं भाजपा नेता राजेश्वर सिंह पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा राहत सामग्री वितरित कर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी अवधेश पाल और रामजीवन के घरों में बीते सप्ताह अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई थी। आग की चपेट में आने से दोनों परिवारों के मकान, घर में रखा सामान, करीब 85 हजार रुपये की नकदी, जेवरात तथा पास खड़ी गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। घटना के बाद दोनों परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मंगलवार को मौके पर पहुंचे राजेश्वर सिंह ने पीड़ितों की समस्याएं सुनीं और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने तत्काल उपजिलाधिकारी (एसडीएम) से फोन पर वार्ता कर प्रभावित परिवारों को शासन की ओर से मिलने वाली आर्थिक सहायता शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों ने भी आग से हुए भारी नुकसान की जानकारी देते हुए प्रशासन से जल्द राहत दिलाने की मांग की। राजेश्वर सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवारों को शासन की सभी पात्र योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। ग्रामीणों ने राहत सामग्री वितरण और मौके पर पहुंचकर सहयोग का भरोसा देने पर राजेश्वर सिंह का आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### शानदार गेंदबाजी से फरधान टीम ने जीता फाइनल का खिताब



**समृद्धि न्यूज़, फरधान खीरी।** थाने के सामने चल रहे पहले सीजन के नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में आखिरी दिन एक सेमीफाइनल और फाइनल समेत दो मैच खेले गए। सेमीफाइनल में फरधान बाजार टीम ने पहले लौखनिया टीम 29 रनों से हराकर फाइनल में पहुंची। फरधान बाजार टीम फाइनल बेहतरीन गेंदबाजी के चलते 12 ओवर में 68 रनो के लक्ष्य का बचाव करते हुए फाइनल में महराज नगर की टीम को 17 रनो से हराकर फाइनल का खिताब जीत लिया। टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच फरधान बाजार और लौखनिया टीम के बीच खेला गया। फरधान बाजार टीम ने पहले बल्लेबाजी करते 12 ओवर में पांच विकेट खोकर 134 रन बनाए। 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने लौखनिया की टीम ने 12 ओवर आठ विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी। फरधान बाजार की 29 रनों से सेमीफाइनल मैच जीत लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच महराजनगर और फरधान बाजार टीम के बीच खेला गया। फाइनल मैच का टॉस मुख्य अतिथि जितेंद्र वर्मा ने उछला। फरधान बाजार टीम के कप्तान अजय शुक्ला ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी फरधान बाजार की टीम महराज नगर की टीम के आगे ज्यादा देर तक टिक नहीं सकी। 10 ओवर में 67 रनों पर आल आउट हो गई। गेंदबाजी करते हुए रोशन और लक्ष्य ने तीन तीन विकेट लिए जबकि रमन ने दो विकेट लिए।बल्लेबाजी करते हुए जैस ने तीन छक्के और दो चौकों की मदद से 27 रन बनाए अन्य कोई भी खिलाड़ी बड़ा स्कोर नहीं कर सका। 68 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महराज नगर की टीम का कोई भी दर्शन बाजार टीम के आगे ज्यादा देर टिक नहीं सका। अभय, रत्नेश, नाजिर और रौनित की धारदार तेज गेंदबाजी के आगे महराज नगर की टीम का कोई भी खिलाड़ी रन नहीं बना सका। निर्धारित 12 ओवर में महराज नगर की टीम नौ विकेट खोकर मात्र 41 रन ही बना सकी। फरधान बाजार की टीम ने 17 रनो से फाइनल मैच जीत लिया। गेंदबाजी में रौनित छह विकेट चटकाए, जबकि नाजिर को दो और रत्नेश ने एक विकेट लिया। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले नाजिर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। जबकि टूर्नामेंट का मैन ऑफ द सीरीज पुरैना टीम के खिलाड़ी संजय कुमार को चुना गया। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि जितेंद्र वर्मा, कुलवंत सिंह, उमेंद्र सिंह, शरद सिंह, मुकेश तिवारी आयोजक एमडी शुक्ला, लवप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, अर्पित अग्निहोत्री, रवि कुमार आदि लोगों ने विजेता और उपविजेता टीमों को मेडल पहनाकर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट के स्कोरिंग आशीष कुमार, कमेंट्री रवि कुमार अर्पित अग्निहोत्री फील्ड एंपायर की भूमिका सलीम और सरफुद्दीन ने निभाई।

### बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल, रेफर

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सगरा गांव में सोमवार की देर शाम बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल बाइक सवार को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा बाइक सवार की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है थाना क्षेत्र के सगरा गांव निवासी 60 वर्षीय दिनेश प्रसाद पाण्डेय बाइक से अपने खेत की तरफ जा रहे थे की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना बाइक सवार के स्वजनों को सूचना देते हुए तत्काल उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल बाइक सवार की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है।

### सड़क हादसे में 45 वर्षीय व्यक्ति घायल

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** सड़क हादसे में 45 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सिर में चोट और नाक से ब्लीडिंग होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।घटना सोमवार को रात 11 बजे की बताई जा रही है। देवहट कटरा गांव निवासी मनोज पुत्र मंगरू सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे में उनके सिर में चोट आई और नाक से खून बहने लगा।घायल को तत्काल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच में पाया कि वह होश में हैं। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल मीरजापुर रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने सीटी स्कैन सहित अन्य जांचें कराने की सलाह दी है।

### 10 वर्षीय बालक को कुत्ते ने काटा, अस्पताल में कराया गया उपचार

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरडीहा खुर्द गांव निवासी 10 वर्षीय आर्यन पुत्र अर्जुन को मंगलवार की सुबह आवारा कुत्ते ने काट लिया।घटना के बाद परिजन तुरंत आर्यन को अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर एंटी-रेबीज इंजेक्शन और आवश्यक दवाएं दीं। फिलहाल बालक की हालत स्थिर है और उसे घर भेज दिया गया है।डॉक्टरों ने परिजनों को सलाह दी है कि घाव को साफ रखें और टीकाकरण का कोर्स पूरा कराएं।

## दो मौतों के बाद वन विभाग के शिकंजे में आया बाघ

- मझगईं वन क्षेत्र में कई दिनों से बना हुआ था भय का माहौल
- पिंजरे में कैद होने के बाद लोगों ने ली राहत की सांस



समृद्धि न्यूज़, निघासन, खीरी।

मझगई वन क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लोगों की नींद उड़ाने वाला बाघ आखिरकार वन विभाग के कब्जे में आ गया। दो ग्रामीणों की जान लेने के बाद यह बाघ पूरे इलाके में दहशत का कारण बना हुआ था। खेतों में काम करने से लेकर घरों से बाहर निकलने तक लोग भयभीत थे। वन विभाग की लगातार निगरानी और अभियान के बाद बाघ को पिंजरे में कैद कर लिया गया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। बाघ के हमलों की शुरुआत 15 जून को हुई थी। भीरा थाना क्षेत्र के रामनगर कलां गांव निवासी 60 वर्षीय किसान रामदीन रोज की तरह खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बाघ ने उन पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के पहुंचने से पहले ही रामदीन की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत फैल गई थी। पहली घटना के 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि 16 जून को खालेपुरवा गांव की 45 वर्षीय कोकिला देवी भी बाघ का शिकार बन गईं। वह संपूर्णानगर रोड के किनारे खेत में घास काट रही थीं, तभी बाघ ने उन पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल कोकिला को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके। लगातार दो दिनों में हुई इन घटनाओं ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी थी। ग्रामीणों के विरोध और बढ़ते दबाव के बीच विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया। जंगल और आबादी से सटे क्षेत्रों में कैमरा ट्रैप लगाए गए, पिंजरे स्थापित किए गए और वनकर्मियों की टीमों को लगातार गश्त पर लगाया गया। कई दिनों की निगरानी और रणनीतिक प्रयासों के बाद वन विभाग को सफलता मिली। जिस बाघ को दोनों घटनाओं के लिए जिम्मेदार माना जा रहा था, वह लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा बाघ को सुरक्षित कब्जे में लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी।

**दहशत के साए से बाहर निकले ग्रामीण**

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू चढूनी ने सौंपा ज्ञापन




**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ खीरी।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी के जिलाध्यक्ष बलकार सिंह के नेतृत्व में तमाम किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। ज्ञापन में किसानों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। किसानों ने भारत अमेरिका ट्रेड डील का विरोध करते हुए इसे किसान हितों के प्रतिकूल बताया। साथ ही किसानों को समय पर यूरिया उपलब्ध न होने की समस्या उठाई गई। पेट्रोल पंपों पर प्लास्टिक की केनों में डीजल व पेट्रोल दिए जाने पर लगी पाबंदी हटाने की भी मांग की गई। जिलाध्यक्ष बलकार सिंह ने कहा कि बजाज समूह की चीनी मिलों पर किसानों का करोड़ों रुपये का गन्ना भुगतान बकाया है जिससे किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन व्यापक आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगा।

## गांवों में पशुओं का गलाघोंटू टीकाकरण अभियान शुरू



समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ खीरी।

पशु सेवा केंद्र जड़ौरा की टीम द्वारा ग्राम पंचायत कपरहा क्षेत्र में पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए गलाघोंटू रोग से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। पशुधन प्रसार अधिकारी प्रमोद वर्मा एवं राहुल तिवारी के नेतृत्व में टीम ने ग्राम कपरहा, देवरिया, तेन्दुआ और बसही में पशुओं का गलाघोंटू टीकाकरण किया। अभियान के दौरान पशुपालकों को पशुओं में होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक भी किया गया। पशु चिकित्सालय जड़ौरा की टीम ने बताया कि न्याय पंचायत जड़ौरा के लगभग एक दर्जन गांवों में गलाघोंटू टीकाकरण किया जाना है। यह अभियान अगले 10 से 15 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। पशुपालकों से अपने सभी पशुओं का समय से टीकाकरण कराने की अपील की गई है ताकि उन्हें संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखा जा सके।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर डीसीएम चालक की मौत

- केला लादने जाते समय हुआ दर्दनाक हादसा

समृद्धि न्यूज़, निघासन, खीरी।



पढ़ुआ थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में डीसीएम चालक की करंट लगने से मौत हो गई। परमोधापुर गांव के निकट झूल रही हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से वाहन में करंट दौड़ गया। बताया जा रहा है कि चालक लाइन को हटाने के लिए वाहन की छत पर चढ़ा था, तभी वह करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब नौ बजे एक डीसीएम वाहन परमोधापुर गांव के एक किसान के खेत से केला लादने जा रही थी। वाहन जब खरवहिया-परमोधापुर मार्ग पर पहुंचा तो सड़क के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार काफी नीचे झूल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक झूलता हुआ तार डीसीएम की ऊपरी छत से छू गया, जिससे पूरे वाहन में करंट प्रवाहित हो गया।

बताया जाता है कि चालक ने स्थिति को सामान्य करने के उद्देश्य से वाहन के ऊपर चढ़कर तार को हटाने का प्रयास किया। इसी दौरान वह हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया और तेज करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। करंट का झटका इतना तेज था कि चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान लगभग 40 वर्षीय मेड़ाई उर्फ वारिश पुत्र... निवासी ऊंच गांव के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों के लोग मौके पर पहुंच गए। हादसे को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश और दुख देखा गया। लोगों का कहना था कि संबंधित मार्ग पर विद्युत लाइन के तार लंबे समय से नीचे झूल रहे थे, जिसकी शिकायत भी की गई थी, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई। सूचना मिलने पर पढ़ुआ थानाध्यक्ष मोहित पुंडीर, उपनिरीक्षक जुबेर अहमद एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचा। थाना प्रभारी मोहित पुंडीर एस आई जुबैर सही टीम ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया और पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटना की जांच शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में कई स्थानों पर हाईटेंशन लाइनों के तार निर्धारित ऊंचाई से नीचे लटक रहे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने विद्युत विभाग से तत्काल सर्वे कराकर झूल रहे तारों को दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## खेत मजदूर यूनियन ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।

उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन, जिला काउंसिल मीरजापुर ने मंगलवार को एसडीएम लालगंज अजीत कुमार के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने केंद्र सरकार पर मनरेगा जैसी ऐतिहासिक योजना को कमजोर करने और ष्विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन गारंटीष् (टठ-ळ त।ड) योजना थोपने का आरोप लगाया।ज्ञापन में कहा गया कि नए कानून के तहत भारत सरकार कृषि कार्य के समय पूरे दो महीने तक काम बंद रखेगी और ग्राम सभाओं के अधिकार अपने हाथ में लेगी। इससे मनरेगा योजना धन के अभाव में बंद होने की कगार पर पहुंच जाएगी और करोड़ों ग्रामीण खेत मजदूर बेरोजगार हो जाएंगे।यूनियन की प्रमुख मांगे टठ-ळ त।ड (ळ) योजना को जनहित में तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। मनरेगा को पुराने रूप में अविलंब बहाल किया जाए।ग्रामीण खेत मजदूरों को वर्ष में 200 दिन



काम और 700 रुपये प्रतिदिन न्यूनतम मजदूरी दी जाए। काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता सुनिश्चित किया जाए। 55 वर्ष की उम्र के बाद 6000 रुपये मासिक पेंशन की व्यवस्था हो। पुरानी बजट व्यवस्था जारी रखते हुए 250 लाख करोड़ का बजट जारी किया जाए।सामाजिक सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित हो।जल, जंगल, जमीन जैसे प्राकृतिक संसाधन ग्रामीणों को वापस मिलें। धारा 132 की उसर, बंजर, ग्राम सभा की जमीनों पर बसे लोगों को बेदखल न किया जाए और खेत मजदूरों को मालिकाना हक मिले।पक्का आवास के लिए 15 डिसमिल जमीन और 5 लाख रुपये दिए जाएं। कृषि के लिए पर्याप्त जमीन आवंटित हो।

मर्ज, पेयरिंग और बंद हो रहे प्राथमिक विद्यालयों पर रोक लगे।स्कूलों और विश्वविद्यालयों में पिछड़े, दलितों, आदिवासियों पर भेदभाव पर रोक लगे।

खेत मजदूरोंध्जॉब कार्ड धारकों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिले और गांवों में सोलर लाइट लगें। जल जीवन मिशन के तहत नल सुबह-शाम चलाने की व्यवस्था हो।ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष कन्हई कोल, जिला मंत्री लालता प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। यूनियन ने चेतावनी दी कि मांगें न मानी गई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर मीरजापुर वन प्रभाग ने किया वृक्षारोपण

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मंगलवार को मीरजापुर वन प्रभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, वन विभाग के कर्मियों और पुलिस प्रशासन ने भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान लोगों ने पौधे लगाकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। महिलाओं और पुरुषों ने मिलकर पौधों में पानी डाला और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर तैनात पुलिस कर्मी भी वृक्षारोपण अभियान में शामिल रहे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र के प्रति समर्पण और बलिदान को याद किया गया। वन प्रभाग के अधिकारियों ने कहा



कि उनका बलिदान देश की एकता और अखंडता के लिए प्रेरणा है। वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण को बचाने के साथ-साथ उनके आदर्शों को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग का भरोसा दिलाया।

## बिजली हादसों पर लगेगी रोक: नंगे तारों के नीचे सुरक्षा जाली लगाएगा विभाग

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** जनपद में बिजली हादसों की रोकथाम के लिए विद्युत विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब जिले में गुजर रहे नंगे बिजली तारों के नीचे सुरक्षा जाली लगाई जाएगी। इसके लिए सर्वेक्षण कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रथम चरण में नगर निकाय क्षेत्रों में यह कार्य कराया जाएगा, जबकि बाद में ग्रामीण इलाकों को भी योजना में शामिल किया जाएगा। जिले में करीब 4.91 लाख बिजली उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति के लिए हाईटेंशन एवं एलटी लाइनें बिछाई गई हैं। अधिकांश स्थानों पर नंगे तारों के नीचे सुरक्षा जाली नहीं होने के कारण तार टूटकर गिरने पर हादसों की आशंका बनी रहती है। विभाग का मानना है कि सुरक्षा जाली लगने से ऐसे हादसों में काफी कमी आएगी।

## नायब तहसीलदार के जरिए राष्ट्रपति को सौंपा गया ज्ञापन

**बिहार में भरत भूषण तिवारी के कथित एन्काउन्टर पर उठे सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग**

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** बिहार में भरत भूषण तिवारी की कथित पुलिस मुठभेड़ में हुई मृत्यु को लेकर जन सामान्य मंच ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है। संगठन ने कहा है कि इस घटना को लेकर विभिन्न स्तरों पर अनेक सवाल उठ रहे हैं, जिससे आम लोगों के बीच न्याय व्यवस्था और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा तेज हो गई है। जन सामान्य मंच द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून का शासन सर्वोपरि होता है तथा प्रत्येक नागरिक को निष्पक्ष



न्याय और संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा प्राप्त है। ऐसे में यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु पुलिस कार्रवाई के दौरान होती है तो उससे जुड़े सभी तथ्यों का पारदर्शी ढंग से सामने आना आवश्यक है। संगठन का कहना है कि भरत भूषण तिवारी की मृत्यु से संबंधित परिस्थितियों को लेकर विभिन्न माध्यमों में कई तरह की जानकारियां सामने आ रही हैं। ऐसे में घटना की सच्चाई सामने लाने और जनसामान्य के बीच व्याप्त आशंकाओं को दूर करने के लिए स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच कराना जरूरी है। जन सामान्य मंच ने महामहिम राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि वे केंद्र एवं बिहार सरकार को इस मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करें। संगठन ने मांग की है कि जांच किसी सक्षम एवं स्वतंत्र प्राधिकरण की निगरानी में कराई जाए तथा उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, ताकि मामले से जुड़े तथ्य स्पष्ट रूप से सामने आ सकें। मंच ने यह भी कहा कि यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता, अधिकारों के उल्लंघन अथवा शक्ति के दुरुपयोग की पुष्टि होती है तो दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## बाइक की टक्कर से महिला घायल, रेफर

**समृद्धि न्यूज, महाराजगंज।** फरेंदा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बजारडीह के पास एक बाइक ने महिला को ठोकर मार दीया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

घायल महिला को इलाज हेतु लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरेंदा बनकटी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज कर घायल महिला के हालत को गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय महराजगंज रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार फरेंदा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बजारडीह के पास एक महिला को बाईक से ठोकर लग गयी। घायल महिला ग्राम सभा परसा बेनी निवासी तारा देवी पत्नी चन्दीका गुप्ता उम्र लगभग 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गयी।

## नेपाल तस्करी के लिए ले जाई जा रही छह बोरी अनुदानित यूरिया बरामद, पांच पर मुकदमा

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा से सटे नौतनवा क्षेत्र में अनुदानित यूरिया खाद की तस्करी का मामला सामने आया है। प्रशासन की छापेमारी में छह बोरी यूरिया और दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। मामले में पांच लोगों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, 19 जून की रात सूचना के आधार पर नौतनवा के पहाड़ी मोहल्ले में छापेमारी की गई। इस दौरान दो मोटरसाइकिलों पर तीन-तीन बोरी यूरिया लादकर ले जा रहे बलिराम चौधरी और मोहम्मद आयत को रोका गया। दोनों खाद के परिवहन एवं खरीद से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत



नहीं कर सके। नायब तहसीलदार की जांच रिपोर्ट के अनुसार पूछताछ में दोनों ने बताया कि खाद खैराटी गांव से हरदीडाली के मुरदहिया घाट ले जाई जा रही थी, जहां से उसे नेपाल भेजा जाना था। आरोपितों ने अपने लिखित बयान में संदीप पासवान और संस्कार मिश्रा उर्फ टीम्पू मिश्रा के कहने पर यह कार्य करने की बात स्वीकार की।

## बीज भंडार संचालक की लाश नहर किनारे मिली, हत्या की आशंका

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना के दयालगंज बाजार में बीज भंडार की दुकान चलाने वाले अकारीपुर तिवरान निवासी 45 वर्षीय ओमप्रकाश पटेल की लाश मंगलवार की सुबह दयालगंज से आगे नहर के किनारे मिलने से हड़कंप मच गया। वह सोमवार शाम दुकान से कुछ लोगों के साथ निकले थे लेकिन रात में घर नहीं पहुंचे थे।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के चेहरे और शरीर पर चोट के निशान पाए गए। मृतक के बेटे शिवम यादव ने एक व्यक्ति को नामजद करते हुए पिता की हत्या का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।